फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -44, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत 16

फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिवभक्ति में लीन 15




## रोहित-गिल ने जड़े शतक

**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर**

| | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

**बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक**

| | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

**13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग**

# सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।



- **सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता**
- **फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है**

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

**सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा**

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।






# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



**राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

**महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध**



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

**दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- **वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें**
- **अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने पर संशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव**



कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

**15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक**

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

**एक नजर**

**सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिग्गांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है।

**लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत**

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**चुनावी बॉन्ड : 11 को शीर्ष कोर्ट में होगी सुनवाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

# मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

इंफाल, एजेंसी

- **थोउबल जिला स्थित आवास से उठा ले गए थे असामाजिक तत्व**

भारतीय सेना के जिस अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार सुबह अपहरण कर लिया, उन्हें शाम में सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया। सूत्रों ने बताया कि 'जूनियर कमीशंड ऑफिसर' (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। वह अभी थोउबल जिले के वाइकहोंग पुलिस थाने में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेसीओ को मुक्त कराने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया, जिसके चलते आखिरकार शाम साढ़े छह बजे उन्हें सुरक्षित रूप से मुक्त कराया जा सका। सिंह अभी अवकाश पर हैं। पूर्वाह्न नौ बजे उनका अपहरण कर लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। अपहरण के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथी घटना है।

**हर-हर महादेव**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने शिव की आराधना की। इसी कड़ी में ठाकुरगंज में कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात में भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई जिसमें भक्तों का उत्साह देखते ही बना। ● अमृत विचार

# नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।



- **उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल**

# शिव बरात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

कोटा/जयपुर, एजेंसी

- **कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा**

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटा की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

## हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

**लापरवाही** अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

# गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- **एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया**
- **सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह**

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई । एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

**आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...**

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

"अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय,** एडीएम प्रशासन

राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय,** एसडीएम पुवायां

## एक नजर

### महिलाओं, बेटियों के साथ हो रहीं जघन्य घटनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला दिवस पर उप्र. की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि, राज्य में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। सपा प्रमुख के मुताबिक, हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है।

### प्रो. ओंकार बने लोकपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस रहे प्रवक्ता प्रो. ओंकार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा। इन्हें शासन सरस्वती सम्मान से भी सम्मानित कर चुकी है। वह एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोधवेत्ता है।

# आने वाले समय में प्रदेश में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

## गोरखपुर में सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय मे उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं।

समारोह को सांसद कमलेश पासवान और विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता, अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण के दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- केंद्रीय मंत्री ने की मुख्यमंत्री की सराहना
- कहा, प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर

### दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआत : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है।

### 165 करोड़ रुपये की पूंजी से प्लांट स्थापित

इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में तीन मूर्तियां बनाने को दिए 21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमती किनारे 65 फीट ऊंची होंगी अटल, मुखर्जी व दीन दयाल की मूर्तियां

**अमृत विचार :** गोमती किनारे बसंत कुंज योजना के सेक्टर जे में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 65 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्तियां लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए शासन ने 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च करने की अनुमति दी है। इसी के साथ संस्कृति निदेशालय से मूर्ति निर्माण समिति के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

शासन ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल योजना के लिए कार्यदायी संस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण को करीब 139 करोड़ रुपये में 5 मार्च को जारी किए थे। शासन के संयुक्त सचिव गिरीश चंद्र मिश्र की ओर से गुरुवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को जारी आदेश के मुताबिक, तीन अदद स्टैच्यू की स्थापना व क्रय हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा मूर्ति निर्माण समिति के मार्गदर्शन में टेंडर के आधार पर 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत म्यूजियम क्यूरेशन के लए 24.50 करोड़ को पास नहीं किया गया है। इसका क्रियान्वयन बाद में संस्कृति विभाग से होगा। इस म्यूजियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के जीवन से जुड़ी चीजें दिखायी देंगी। यह म्यूजियम डिजिटल होगा। इसमें इन महापुरुषों के भाषणों के अंश भी सुनने को मिलेंगे।

### प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का इंतजार

65 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए मिले 117 करोड़ मिल चुके हैं। बीते माह 27.86 करोड़ की धनराशि देकर जीबीसी के दौरान 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से लोकार्पण कराना था। मगर, कार्य पूरा करके तैयारी नहीं हो पाई। यहां अन्य प्रकार की कई सुविधाओं को लेकर भी काम जारी है।

# प्रदेश में आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को न सिर्फ वित्तीय बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी।

उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह राज्य सरकार का बड़ा कदम होगा। औद्योगिक प्राधिकरण 24 घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे व एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे या बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशा निर्देशों के अनुसार शासित होगा।

### बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

### 24 घंटे तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन

सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24 घंटे तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी, उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है।

# आचार संहिता से पहले पीडब्ल्यूडी का धनावंटन पर फोकस

## रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग का बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मॉनीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने 24 घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

लखनऊ-कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग तथा हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग के गोमतीनदी पर बने घैलापुर के क्षतिग्रस्त पहुंचमार्ग की मरम्मत भी तेजी से पूरा करने के लिए 1.47 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में डालीगंज से निशातगंज मार्ग पर इंदिराब्रिज के विशेष मरम्मत के लिए शासन ने 46.57 लाख रुपये जारी किए हैं।



- अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना

### 61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था। सूत्रों का कहना है कि इस धनराशि से सिर्फ शिलान्यास की औपचारिकता ही पूरी हो पाएगी। काम अगले सत्र में शुरू हो पाएगा।

### नटवाडीह टीला संवारने को मिले 1.14 करोड़

लखनऊ विकास प्राधिकरण के लिए शासन ने बिजनौर रोड स्थित नटवाडीह डीला की चारदीवारी, कंक्रीट सड़क और पार्किंग का निर्माण कार्य कराने के लिए 2.29 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश जारी करते हुए इसकी 50 फीसदी धनराशि 1.14 करोड़ से अधिक निर्गत करने का आदेश दिया है।

# घर बैठे वोट डाल सकेंगे 85 वर्ष की उम्र से ऊपर के वोटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार उप्र. के सभी 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा मिलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी 85 साल की आयु वर्ग से ऊपर के वोटर स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर घर बैठे ही मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के पांच दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा और भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा।

फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in के होम पेज पर मेन्यू के अन्तर्गत कैंडिडेट नॉमिनेशन एण्ड अदर फॉर्म्स के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

- बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर उपलब्ध कराए जाएंगे फॉर्म
- पोस्टल बैलेट वोट देने के लिए फार्म-12डी भरना होगा

# लोकसभा चुनाव में प्रेक्षक बनेंगे प्रदेश के 50 आईएएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 11 मार्च को निर्वाचन आयोग की बैठक में होगी ब्रीफिंग

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र कैडर के 50 आईएएस अधिकारी प्रेक्षक के रूप में तैनात किए जाएंगे। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव के संदर्भ में आवश्यक जानकारी देने के लिए 11 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ब्रीफिंग बैठक बुलाई है। इसमें 25 आईएएस को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने और शेष 25 अफसरों को वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के लिए कहा गया है। नियुक्ति विभाग ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में भाग लेने के लिए निर्देशित भी कर दिया है।

जिन आईएएस अधिकारियों को बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लेना है, उनमें निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी नीना शर्मा, सचिव बेसिक शिक्षा अपर्णा यू., सचिव खेलकूद एवं युवा कल्याण सुहास एल.वाई., सचिव महिला कल्याण बी.चंद्रकला, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा संजय कुमार खत्री, निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर, विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन डा. हीरालाल, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय, विशेष सचिव नियोजन पुलकित खरे, विशेष सचिव नगर विकास अमित कुमार सिंह शामिल होंगे।

इनके अलावा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण श्रुति, विशेष सचिव ऊर्जा प्रशांत शर्मा, विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग शेषमणि पांडेय, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा हरि प्रताप शाही, विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन डा. अरविंद कुमार चौरसिया, विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन मनोज कुमार द्वितीय, विशेष सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन डा. चंद्रभूषण, सीईओ उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण दिव्या मित्तल, अपर आयुक्त उद्योग राजकमल यादव, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन, मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन रमेश रंजन, विशेष सचिव आइटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा मेघा रूपम, प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ईशा दुहन, विशेष सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग रवि रंजन शामिल हैं।

### वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे ये अधिकारी

जिन अधिकारियों को बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लेना है, उनमें प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना पंधारी यादव, आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार, दुग्ध आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, सचिव समाज कल्याण समीर वर्मा, आयुक्त ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, सचिव कार्यक्रम कार्यान्वयन गुर्राला श्रीनिवासुलु, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, सचिव उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय अभय, सचिव चिकित्सा शिक्षा पवन कुमार, विशेष सचिव उच्च शिक्षा अखिलेश कुमार मिश्रा, सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव, सचिव माध्यमिक शिक्षा डा. वेदपति मिश्रा, प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन डा. रूपेश कुमार, विशेष सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा ब्रजेश नरायन सिंह, सचिव रेरा प्रमोद कुमार उपाध्याय, विशेष सचिव श्रम कुणाल सिल्कू और विशेष सचिव कृषि ऋषिरेंद्र कुमार शामिल हैं।

# पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा।

### एटीएस को भी ऑनलाइन करने की तैयारी

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा। डाटा बैंक और ऑनलाइन होने के बाद जरूरतमंदों को राहत मिलेगी।

# डेबिट-क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने पर ही मिलेगा सेलरी पैकेज का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बैंक आफ बड़ौदा के सेलरी पैकेज में दुर्घटना बीमा दावा के नियम को या तो पुलिसकर्मी समझ नहीं पाए हैं अथवा जिम्मेदार अफसरों ने उन्हें समझाया नहीं, इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि उनका डेबिट कार्ड पर (दस लाख) तथा क्रेडिट कार्ड (20 लाख) का अधिक बीमा धन का भुगतान अटक गया।

इस बाबत पुलिस मुख्यालय से सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को पत्र भेजा है। उस पत्र में कहा गया कि इस संदर्भ में बैंक ऑफ बडौदा के महाप्रबंधक एवं आंचलिक प्रमुख की ओर से भेजे गए स्पष्टीकरण के तथ्यों से पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को अवगत कराने हुए जागरूक किया जाए।

पुलिस महकमें के तकरीबन साढ़े तीन लाख पुलिस अफसरो और कर्मियों का वेतन पहले एसबीआई से मिलता था। बाद में बैंक आफ बड़ौदा की ओर से बेतहर सुविधा के मिले ऑफर, जिसमें पुलिसकर्मियों के ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मौत पर एक करोड़ पांच लाख तथा ऑफ ड्यूटी दुर्घटना में मौत होने पर 90 लाख था। इसमें योद्धा डेबिट कार्ड पर दस लाख विक्रम क्रेडिट कार्ड पर 20 लाख दुर्घटना बीमा शामिल था।

इस ऑफर के बाद पुलिस महकमें का सेलरी उसमें (बैंक आफ बड़ौदा) ट्रांसफर हो गया। इधर, कुछ पुलिसकर्मियों की मौत होने पर डेबिट कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड का अधिक बीमा धन का भुगतान नहीं होंने से पुलिस महकमें में सवाल खड़े होने लगे। उसके बाद पुलिस मुख्यालय ने बैंक के प्रबंधन से इस बाबत पूछताछ की तो उन्होंने स्थिति स्पष्ट की है।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक भवन एवं कल्याण आशुतोष मिश्र ने पत्र लिखकर बैंक की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण से अवगत करते हुए बताया है कि बैंक से हुए करार (एसओयू) के तहत डेबिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए, दुर्घटना के 30 दिन के भीतर डेबिट का प्रयोग होना आवश्यक है। इसी तरह क्रेडिट कार्ड दुर्घटना बीमा पाने के लिए क्रेडिट कार्ड जारी होने के 30 दिन के भीतर सक्रिय तथा एक वर्ष में एक बार प्रयोग होना आवश्यक हैं।

- कई मामलों में पुलिसकर्मियों का अटक गया है बीमा का वास्तविक भुगतान
- पुलिस मुख्यालय ने विभागाध्यक्षों को भेजा पत्र, कहा-सभी को करें जागरूक



माकपा कार्यालय में बैठक करते वाम दलों के प्रदेश स्तरीय नेता। अमृत विचार

# चुनावी बांड मामले में 12 को वामदल करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसबीआई लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती चुनावी बांड का विवरण-सीपीएम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के वामपंथी दलों की एक बैठक सीपीएम कार्यालय में हुई। वामदलों के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया चुनावी बांड के विवरण लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती है। बांड के जरिये भाजपा को बेशुमार पैसा देने वालों का खुलासा हो जाएगा। चुनावी बांड का विवरण इलेक्शन कमीशन ने 6 मार्च तक देने का निर्देश दिया था। दो दिन पहले एसबीआई ने 116 दिनों का समय मांगा। जिस बैंक का सारा काम काज डिजिटल हो उसे चुनावी बांड विवरण देने के लिए इतना समय मांग रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि एसबीआई सरकार के दबाव में है। नेताओं ने कहा कि 12 मार्च को प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव डॉ. हीरालाल यादव, सचिव अरविंद राज स्वरूप, भाकपा माले रमेश सिंह सेंगर, सीपीआई सचिव मण्डल सदस्य फूलचंद यादव, फारवर्ड ब्लाक के राज्य सचिव उदयनाथ सिंह मौजूद रहे।

# मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की शर्तें तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही मुफ्त बिजली का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन पर मुफ्त बिजली का आदेश जारी कर दिया है। लेकिन किसानों को 31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। बुंदेलखंड के किसानों को प्रतिमाह 1300 और अन्य किसानों के कनेक्शन पर प्रतिमाह 1045 यूनिट बिजली मुफ्त होगी। तय सीमा से अधिक खपत पर अतिरिक्त बिजली का भुगतान करना पड़ेगा।

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने मुफ्त बिजली से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। योजना का लाभ लेने वाले किसानों को कनेक्शन पर मीटर लगाना अनिवार्य होगा। बिल के भुगतान के लिए ब्याज माफी योजना 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकायेका भुगतान करने के लिए प्रबंधन ने अधिभार (ब्याज) माफी की योजना भी दी है। बकायेदार किसानों को 30 जून 2024 तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना पडेगा। रजिस्ट्रेशन में बकाये बिल का 30 फीसदी मूलधन एकमुश्त जमा करना होगा। इसके बाद एकमुश्त पूरी राशि जमा करने पर 100 फीसदी, तीन किश्तों में जमा करनेपर 90 फीसदी और छह किस्तों में जमा करने पर ब्याज में 80 फीसदी छूट मिलेगी।

**बिल भुगतान करने वाले किसानों को धन वापसी का जिक्र नहीं :** विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि पावर कारपोरेशन ने अपने आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया है कि जिन आदर्श किसानों ने एक अप्रैल 2023 के बाद अपनेनिजी नलकूप पर भुगतान किया है, उसकी वापसी किस प्रकार से की जाएगी। प्रबंधन को इसे स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए आदेश जारी करने की मांग की है।

### यह है किसानों को मुफ्त बिजली का गणित

यदि किसान का कनेक्शन 10 हॉर्सपावर का है तो उसे 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिमाह के उपभोग पर ही 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। 10 हॉर्सपावर कनेक्शन को किलोवाट में बदलने पर वह 7.46 किलोवाट होगा। जिससे 10 हॉर्सपावर के विद्युत कनेक्शन पर 1045 यूनिट बिजली की छूट मिलेगी। इसी प्रकार फिक्स चार्ज पर 10 किलोवाट तक 100 प्रतिशत छूट होगी। बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को 12.5 हॉर्सपावर तक का कनेक्शन 9.32 किलोवाट का होगा। इन किसानों को 1300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।



गर्भगृह में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।



महादेवा में जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की कतार।

# तीन लाख से अधिक भक्तों ने किया महादेवा का जलाभिषेक

## महादेवा में प्रवाहमान रही श्रद्धा और भक्ति की धारा, पहुंचते रहे कांवरियों के जत्थे



शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को लोधेश्वर महादेव में कांवरियों व श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तीन लाख से अधिक शिवभक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। गुरुवार की रात से अलग-अलग कतार में लगे महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के हर हर बम बम के जयकारों से पूरा महादेवा क्षेत्र शिवमय हो गया था। अर्द्धरात्रि के बाद गर्भगृह के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने का क्रम शुरू हो गया जो शुक्रवार की देर शाम तक चलता रहा। महाशिवरात्रि के मौके पर कानपुर, उन्नाव, जालौन, उरई, झांसी, घाटमपुर, सीतापुर, बहराइच व गोंडा सहित अन्य जनपदों से कांवर लेकर पदयात्रा करते व विभिन्न वाहनों से शिवभक्त लोधेश्वर महादेवा पहुंचे। शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

महादेवा के विभिन्न मार्गो पर शिवभक्तों द्वारा भंडारे लगाए गए थे। ऑडिटोरियम के निकट कस्बा अध्यक्ष रामशरण पाठक द्वारा भंडारा लगाया गया था। इसमे संजय, पंकज, सोनू, मोनू, सनी, बंटी, रामकरन आदि सहयोग में लगे रहे। बुढ़वल शुगर मिल के निकट हनुमान मंदिर पर बिछलखा निवासी मनोज मिश्रा की ओर से गुरुवार को भंडारा लगाया गया जो शुक्रवार देर शाम तक चलता रहा। इस भंडारे में भवानी शंकर दीक्षित, रमाशंकर मिश्रा, सोनू महाजन, सचिन मिश्रा आदि ने सहयोग किया। ब्लाक परिसर में विनोद मिश्रा द्वारा तीन दिन तक भंडारा लगाया गया। भंडारे में शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### डीएम व एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में गुरुवार की शाम से श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने परिसर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों को एलसीडी के माध्यम से देखा और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने की उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।

## अगहनी मेले के महादेवा महोत्सव को भव्य रूप देगा संस्कृति विभाग : मुख्य सचिव

**रामनगर, बाराबंकी**



लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग) मुकेश मेश्राम।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर मुख्य व प्रमुख सचिव ने लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक किया। मुख्य सचिव ने कहा कि अगहनी मेले में आयोजित होने वाले महादेवा महोत्सव को संस्कृति विभाग द्वारा भव्य रूप दिया जाएगा।

उन्होंने मेला परिसर, निकास व प्रवेश द्वार के बारे में डीएम से जानकारी ली। शुक्रवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व प्रमुख सचिव पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग मुकेश मेश्राम लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचे। अभरन सरोवर पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पत्रकारों से वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के लिए परिवहन विभाग से वार्ता कर बसें चलवाई जाएंगी। अगहनी मेला में आयोजित होने वाला महादेवा महोत्सव को संस्कृति विभाग द्वारा भव्य रूप दिया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एडीएम अरुण सिंह, एसडीएम पवन कुमार, न्यायिक एसडीएम मधुमिता सिंह आदि मौजूद थे।



कुंतेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की लगी कतार। अमृत विचार



टिकैतनगर में निकाली गई शिव बरात। अमृत विचार



खीरेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग। अमृत विचार



रामसनेहीघाट के बुढ़वा बाबा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

# शिवालयों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## भोर से देर शाम तक जलाभिषेक को भक्तों की लगी रही कतार

## शहर समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने निकाली शिव बरात

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** हर हर महादेव के उद्घोष के साथ शुक्रवार को शहर समेत जिले के सभी शिवमंदिरों में महाशिवरात्रि का उल्लास देखने को मिला। हजारों शिवभक्तों ने ऐतिहासिक शिवमंदिरों में भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व पूजन-अर्चन कर अपनी आस्था अर्पित की। शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर से बाबा कुटी तक शिव बरात निकाली गई। उधर फतेहपुर, रामनगर, हैदरगढ़, सिरौलीगौसपुर और रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिरों में स्थित शिवालयों पर भोर से देर शाम तक जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिवलिंग पर भक्तों ने दूध, दही, घी, भांग, धतूरा, पुष्प आदि चढ़ाकर भोलेनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। वहीं देर रात तक कई शिव मंदिरों में भजन-कीर्तन के आयोजन हुए।

शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर और कैलाश आश्रम में जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए भक्तों की कतार सुबह पांच बजे से ही लग गयी थी। इस दौरान दोनों स्थानों पर मेले जैसा माहौल दिखा। यह नजारा देर शाम तक देखने को मिला। सुरक्षा को लेकर महिला सिपाही समेत पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। इसी तरह शहर के अन्य शिवमंदिरों में भी भोर से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के कस्बा सहित अन्य गांवों के शिव मंदिरों पर भी भक्तों की भीड़ रही। कल्याणी नदी के तट पर स्थित प्राचीन बुढ़वा बाबा मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। कल्याणी नदी में स्नान कर श्रद्धालुओं ने शिवजी पर जल चढ़ाया। कोटवासडक के श्रीनाथ शिव मंदिर और गांवों के शिवमंदिरों में पूरी आस्था के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। बनीकोडर के गजपतिपुर बेलिया गांव स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर में भोर में ही भक्तों की भीड़ लग गयी थी। रात्रि में जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। देवा के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सलारपुर स्थित कंडलेश्वर महादेव मंदिर, टिकैतनगर के भुवनेश्वर महादेव मंदिर, कस्बा इचौली के यज्ञ नगर स्थित बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया।



बंकी में निकालीगई शिव बरात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

रामेश्वरम शिवाला मंदिर हैदरगढ़ पर जलाभिषेक, लघु रुद्राभिषेक, श्रृंगार, भजन संध्या, महाआरती, छप्पन भोग के अलावा शिव बरात निकाली गई। रनापुर में शिक्षक मदन मोहन वर्मा व पूर्व प्रधान जतिन चौधरी द्वारा शिव मंदिर पर ॐ नमः शिवाय के जप के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं गोमती तट पर स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। लालपुर के किल्लेश्वर, हरिपालपुर के नीलकंठेश्वर, शिवनाम के सोनेश्वर महादेव मन्दिरों पर भक्तों की भीड़ रही। मसौली के शहाबपुर में तापेश्वरी मंदिर से शिव बरात निकाली गई। शिव बरात हनुमान मंदिर से होते हुए शिव मन्दिर पर पहुंची। जहां भंडारे का आयोजन किया गया। मसौली चौराहे पर रेडक्रास मेडिकेयर हॉस्पिटल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के धनोखर, पटेल तिराहा, नाका सतरिख, कंपनीबाग, लखपेड़ाबाग समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के कुन्तेश्वर महादेव मंदिर में भोर से देर शाम तक भक्तों ने जलाभिषेक किया। कुन्तेश्वर महादेव मंदिर पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही। वहीं एसडीएम व्यवस्था का जायजा लेने कई बार मंदिर परिसर पहुंचे।



सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक को लगी भक्तों की भीड़।

## शिव बरात में शंखनाद के बीच गूंजी घंटा-घड़ियाल की ध्वनि



जैदपुर में निकाली गई शिव बरात में शामिल महिला श्रद्धालु।

**जैदपुर, बाराबंकी :** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को जैदपुर में शिव बरात निकाली गई। भोलेनाथ की अलौकिक झांकियों के बीच बम-बम भोले के जयघोष गूंज रहे थे। शंखनाद के बीच घंटा- घड़ियाल की ध्वनि गूंज रही थी तो डीजे की धुन में शिव भक्त हाथों में पताका लेकर चल रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे जैदपुर के दशहरबाग स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर प्रांगण से ऊंट, घोड़े, बैंडबाजा के बीच निकाली गई शिव की बरात कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गढ़ी कदीम मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पहुंची। जहां पर शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं द्वारा बरात का स्वागत किया गया। उसके बाद शिव बरात भूईहारे बाबा मंदिर होते ही आयोजन स्थल पर पहुंची। इस दौरान शिव बरात में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु हाथो में ध्वजा लिये हर-हर महादेव और बम-बम भोले का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। बरात में शामिल भोलेनाथ की अलौकिक झांकी आर्कषण का केंद्र रही।



बागेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी भीड़। अमृत विचार



हैदरगढ़ के अवसानेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार



कल्याणी नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### अपहृत किशोरी बरामद अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं बरामद किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ विधिक कार्रवाई कर रही है। कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी को जालंधर पंजाब में रहले वाला जोसी मदीन बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

### 21 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में विभिन्न थानों की पुलिस ने सात वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 21 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर पाबंद किया गया।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दुल्लापुर निवासी सोमनाथ उर्फ छोटू को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे जाटा गांव निवासी आरोपी अरविंद कुमार को सतरिख थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

### गुमशुदा बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस ने शुक्रवार को गुमशुदा को बरामद कर लिया। उसके बाद परिजनों को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया।

# बाराबंकी में 17 नए शीतगृहों का कराया जाएगा निर्माण कार्य : मुख्य सचिव

## खेती की बात खेत पर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम को किया सम्बोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को बाराबंकी में 17 नए शीतगृह बनाए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धरती की उर्वरता बनाए रखने तथा गुणवत्ता एवं पौष्टिकता से परिपूर्ण फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। उर्वरकों एवं रासायनिक खाद के अंधाधुंध प्रयोग से धरती की उपजाऊ शक्ति लगातार कम होती जा रही है। साथ ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र पर भी असर पड़ रहा है।



खेती की बात खेत पर कार्यक्रम में भाग लेने जाते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, साथ में डीएम व अन्य।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से पशुधन खासतौर से गोवंश के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी। गो मूत्र और गोबर के प्रयोग से उच्च गुणवत्ता की फसल पैदा होगी, जो मनुष्य को विभिन्न बीमारियों से बचाव की क्षमता रखती है। प्राकृतिक रूप से उत्पादित फसलों से लोगों में प्रतिरोधक क्षमता का विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एवं नई-नई बीमारियों को देखते हुए प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव प्रगतिशील किसान पद्मश्री रामशरण वर्मा के फार्म हाउस पर खेती की बात खेत पर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक खेती द्वारा फसल चक्र, विविधीकरण, एग्रिस्टेक, एग्रीटेक, कृषि उत्पादकता में वृद्धि, कार्बन की मात्रा में वृद्धि और जीवाणु खेती के लाभकारी जीवाणुओं एवं केंचुओ में वृद्धि का प्रतिशत बढ़ाए जाने के संबंध में चर्चा की। कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि कैसे किसान के खेती के खर्च को काम किया जाए और किसान की आय को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना के अंतर्गत जो सोलर लाइट लगवाई जा रही हैं उससे प्राप्त होने वाली ऊर्जा से किसान सिंचाई भी कर सकते हैं। कुसुम योजना से किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। दो वर्ष पूर्व पांच शीतगृह जनपद में बनाए गए थे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जनपद बाराबंकी के लिए 17 नए शीतगृह बनाए जाएंगे।

इसके बाद मुख्य सचिव ने महादेवा मंदिर में पर्यटकों की आवश्यक व्यवस्था तथा पर्यटक कॉरिडोर विकसित करने से संबंधित तैयारी की समीक्षा की। महादेवा के निरीक्षण भवन में पहुंचकर जिलाधिकारी ने महादेवा का पर्यटक कॉरिडोर का लेआउट (मैप) दिखाया तथा आवश्यक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि लोधेश्वर महादेवा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। आस्था स्थलों से हमारी अर्थव्यवस्था भी अच्छी होती है। स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया होता है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ए. सुधन, प्रगतिशील कृषक रामशरण वर्मा और राम किशोर पटेल आदि मौजूद रहे।

# सिपाही का हमलावर मुठभेड़ में घायल

## आरोपी ई-रिक्शा चालक पर पहले से दर्ज हैं आधा दर्जन मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**कार्रवाई**
- महिला की स्कूटी पर ई-रिक्शा से मारी थी टक्कर
- पूछताछ करने पहुंचे सिपाही पर ब्लेड से कर दिया था हमला

**अमृत विचार :** महिला की स्कूटी में टक्कर मारने की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ब्लेड से हमला करने वाले ई- रिक्शा चालक को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया। पैर में गोली लगने से घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। गुरुवार को पीरबटावन निवासी साधना सिंह ईदगाह की ओर गई थीं। सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। स्कूटी क्षतिग्रस्त देख महिला ने विरोध किया। मगर, पीरबटावन के ही रहने वाले ई- रिक्शा चालक अजीम ने महिला से अभद्रता की। इसकी सूचना पर पहुंचे सिटी चौकी के सिपाही राजेंद्र सिंह ने पूछताछ शुरू की तो अजीम ने ब्लेड से सिपाही के चेहरे पर हमला कर दिया।

इसी ई- रिक्शा चालक को गुरुवार की रात नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी की टीम ने नागेश्वर नाथ मंदिर के पीछे स्थित काब्रिस्तान के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार करने का दावा किया। उसके पास से तमंचा भी बरामद किया गया है। पैर में गोली लगने से घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी और एससीएसटी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि अजीम पर चोरी व मादक पदार्थों की तस्करी जैसे आधा दर्जन मुकदमें नगर कोतवाली में पहले से दर्ज हैं।

## शादी से पहले दूल्हा लापता

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार:** तिलकोत्सव संपन्न होने के बाद शादी से पहले युवक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं पतात नहीं चला तो भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करायी है।

मामला कोठी थाना क्षेत्र के मीरानगर का है। यहां के निवासी संतशरण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई अंकित का विवाह तय हो गया है। बीती चार मार्च को तिलकोत्सव संपन्न हो गया। घर में 11 मार्च को विवाह की तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच गुरुवार को उसका भाई बिना बताए कहीं चला गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला।

## सार-संक्षेप

### एडीजी ने डॉ.फरजाना को किया सम्मानित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर की प्रधानाचार्य डॉ. फरज़ाना शकील अली को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में एडीजी रश्मि श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। डॉ. फरज़ाना एक शिक्षाविद के रूप में 31 वर्षों का विविध अनुभव रखती हैं। बाराबंकी और बहराइच क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को शीर्ष तक ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्रीय स्तर पर वह प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की राष्ट्रीय सलाहकार हैं और प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाल रही हैं।



डॉ. फरजाना को सम्मानित करतीं एडीजी।



खिलाड़ी को पुरस्कृत करते पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई।

### विजयी टीम को पूर्व मंत्री ने किया पुरस्कृत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा किंतूर में ग्रेट मदर वॉलीबॉल क्लब मैच के समापन के पश्चात विजयी टीम को पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई ने प्रशस्तिपत्र दिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का अपना महत्व है। खेल को खेल की भावना से ही खेलने का आनंद उठाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल को एक नई पहचान मिली है। इस तरह के आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए। इस अवसर पर सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इंतखाब नोमानी, प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा, हाजी दरगा, प्रधान किंतूर मोहम्मद इकराम, अजीत यादव, हकीम आजाद, सदस्य जिला पंचायत विजय यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी लोग उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ने हाकी खिलाड़ियों को दी जर्सी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुक्रवार को इनर व्हील क्लब द्वारा हॉकी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप खिलाड़ियों को खेल जर्सी प्रदान की गयी। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष कुसुम जैन ने कहा कि बाराबंकी को हॉकी के महान खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के लिए पहचाना जाता है इसीलिए संस्था ने दोबारा हॉकी खिलाड़ियों को किट वितरित की है। संस्था की सचिव मधु झुनझुनवाला ने संस्था की तरफ से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हॉकी सचिव मज़हर अज़ीज़ खान, चंदा रानी, साधना वर्मा, अनु सिंह, कांग्रेस नेता सना चौधरी, डॉक्टर सोनकर, मोहमद असलम आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# जेल से छूटे युवक ने पत्नी से विवाद के बाद दी जान

**अप्रिय कदम**

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक पखवारा पूर्व जेल से छूटे युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को उसका शव पैतृक गांव में कमरे में लटकता मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला सतरिख थाना क्षेत्र के कुर्मियनपुरवा गांव का है। यहां का निवासी अरविंद वर्मा (40) पुत्र चंद्रशेखर लखनऊ में एक सराफा व्यापारी के यहां नौकरी करता था। चोरी के आरोप में वह जेल से लगभग 15 दिन पहले वह रिहा हुआ था। इसके बाद वह कार चलाने का काम करने लगा। गुरुवार को वह अपने गांव पहुंचा। जहां पर पता चला कि उसके पिता ने गांव की जमीन बेचकर नगर कोतवाली में मकान बनवाकर रह रहे है। इस पर वह पिता के पास पहुंचा और जमीन में अपने हिस्से का पैसा मांगने लगा। इसके बाद उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह अपने पैतृक गांव कुर्मियनपुरवा पहुंचा और कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शव के पास से शराब की बोतल मिली है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम सरायनेतामऊ में शुक्रवार दोपहर एक अधेड़ का शव सड़क किनारे खेत में मिला। पुलिस ने शव की पहचान इचौली निवासी शकील के रूप में की। वह बीते बुधवार से लापता थे। कोतवाली टिकैतनगर के सरायनेतामऊ में शुक्रवार दोपहर एक शव सड़क किनारे खेत में पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त शुरू की। शव की पहचान टिकैतनगर के ही ग्राम कस्बाइचौली निवासी शकील अली (50) पुत्र वाहिद अली के रूप में की गई। वह बीते बुधवार की दोपहर से ही घर नहीं लौटे थे। हालांकि उनकी मृत्यु के सम्बंध में परिजनों ने किसी भी तरह का कोई भी आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# घटिया सामग्री से बनायी जा रही दीवार

**आरोप**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी



प्राथमिक विद्यालय मदारपुर की बनवायी जा रही बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्कूल की बाउंड्रीवाल के निर्माण में पुरानी ईटों के साथ घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। जिम्मेदार अधिकारी जांच के बाद कार्रवाई करने का राग अलाप रहे हैं।

शिक्षा क्षेत्र सिरौली गौसपुर के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए लगभग साढ़े चार लाख रुपए का बजट दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बाउंड्रीवाल के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के साथ ही टूटी पुरानी बाउंड्री के पुराने ईटों को लगवाया जा रहा है। नई ईटें भी दोयम दर्जे की लगवाई जा रही हैं। ग्रामीण सुशील व राम सुरेश ने बताया कि विद्यालय की बाउंड्रीवाल कई वर्ष पहले बनाई गई थी। जिसे वर्तमान प्रधानाध्यापक द्वारा ही बनवाया गया था।

उस समय हुए घटिया निर्माण के कारण ही बाउंड्रीवाल जर्जर होकर ध्वस्त हो गयी। अब पुनर्निर्माण के लिए प्रधानाध्यापक द्वारा दोबारा मानकविहीन सामग्री से काम कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान जय राम मौर्य ने बताया कि घटिया निर्माण की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी से की गई है। इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी संजय राय ने बताया कि निर्माण की जांच कराई जाएगी। गलत निर्माण मिलने पर कार्रवाई होगी।

# धोखाधड़ी पर तीन के विरुद्ध मुकदमा

हैदरगढ़, बाराबंकी

**जालसाजी**
- 15 लाख रुपये लेने के बाद नहीं किया भूमि का बैनामा

**अमृत विचार:** जमीन की खरीद फरोख्त करने वालों ने भूमि की बिक्री के नाम पर अरसा पहले तीन लोगों से 15 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जालसाजी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर इस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

कस्बा हैदरगढ़ के कोठी वार्ड निवासी पप्पू पुत्र मोहम्मद रजा ने सीओ से शिकायत की कि कस्बे के कुरैशी वार्ड निवासी वसीम ने शेरे हिंद इन्फ्रा ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से सुभाष वार्ड में बछरावां मार्ग पर प्रापर्टी डीलर का आफिस खोल रखा है।

वसीम भूमि की खरीद व बिक्री का काम करता है। उसने रायबरेली के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में उसे सवा बीघा कृषि योग्य भूमि दिखाई और बताया कि यह जमीन 15 लाख रुपए में बिक रही है। पीड़ित के अनुसार वसीन ने इस भूमि के मालिक कुम्हरावां निवासी शकील, फारुक व अरशद से उसकी मुलाकात भी कराई। वसीम के कहने पर पीड़ित पप्पू ने स्वयं व अपने दो रिश्तेदारों द्वारा मार्च 2022 में किसानों के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिये। रुपए मिलने के दो वर्ष बाद तक कई बार कहने के बावजूद किसान बैनामा करने के लिए टालमटोल करते रहे। बाद में पता चला कि किसानों ने अपनी जमीन दूसरे के हाथ बेच डाली है। पीड़ितों ने पैसा वापस मांगा तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी कल से

**बाराबंकी, अमृत विचार:** ऑफिसर क्लब में कल से शुरू हो रही दो दिवसीय जिलास्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा और मौसमी फूलों की प्रतियोगिता होगी। डीएचओ महेश श्रीवास्तव ने बताया कि 10 मार्च को गमले में लगे पौधों की प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर होगी। वहीं अगले दिन 11 मार्च को कट फ्लावर, फूलों की पंखुड़ियों की रंगोली, पुष्प सज्जा, निर्णायकों द्वारा निरीक्षण एवं जजिंग कार्य के साथ विजेताओं को पुरस्कार वितरण आदि के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में पांच वर्गों में प्रतियोगिता होगी।

# लेडी डॉ. के बंगले की जमीन पर बनेगा पार्क

बाराबंकी

**अमृत विचार :** पालिका के ईओ संजय शुक्ला ने साफ कर दिया है कि लेडी डॉक्टर के बंगले की खाली कराई गई 90 हजार वर्ग फीट की जमीन पर पार्क ही बनेगा। भविष्य में इसे पार्किंग स्थल के रूप में तब्दील किया जा सकेगा। नगर पालिका किसी दूसरे विभाग को जमीन स्थानांतरित करने नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पार्किंग स्थल बनाने के लिए पैसा नहीं है। बजट उपलब्ध होने की दशा में इसमें पार्किंग का निर्माण कराया जा सकता है। जमीन पर पालिका का कब्जा है। इस बीच उच्च न्यायालय ने इस जमीन को लेकर दाखिल की गई एक और याचिका खारिज कर दी है। इसके पहले जमीन के दावेदार उच्च न्यायालय के अलावा राजस्व परिषद, मंडल आयुक्त और स्थानीय न्यायालय में भी याचिका दायर कर चुके हैं। सभी जगह से मुकदमे खारिज हो चुके हैं।

**पीएम सूर्य घर बिजली योजना** — डाकघरों के माध्यम से होगा पंजीयन, डाककर्मी घर-घर जाकर करेंगे सर्वे, जुटाएंगे आंकड़े, 23 हजार का मिला है लक्ष्य

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे घर, बिजली बेचकर होगी कमाई

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन कराया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे डाक विभाग के जरिये शुरू किया गया है। इस योजना के तहत 23 हजार का लक्ष्य मिला है। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक 5660 लोगों ने अपना पंजीयन कराया है।



डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए सर्वे कर रहे हैं। जिन घरों में लोग सोलर रूफ टॉप पैनल लगवाना चाहते हैं उनका पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। इस योजना से जहां सौर ऊर्जा से घर रोशन होंगे, वहीं अधिक बिजली बनने पर उसे निर्धारित मूल्य पर पावर कारपोरशन को बेच कर आय का भी एक स्रोत बना सकेंगे।

पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के जरिये जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर व अन्य डिटेल भी एकत्र की जा रही है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि की जानकारी संबंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रुफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन भी किया जा रहा है। जिले में अधिक से अधिक घरों तक इस योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए डाक विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर सभी डाक सेवकों व पोस्टमैनों को सर्वे कार्य में लगाया गया है। योजना के तहत एक किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तीन या उससे अधिक क्षमता पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। डाक अधीक्षक घनश्याम कुमार बताते हैं कि इस योजना के तहत पंजीकरण कराने वालों के घरों पर सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। अधिक बिजली बनने के बाद उसे पावर ग्रिड को बेच कर अच्छी आय भी कर सकेंगे।

### इस तरह से मिलेगा लाभ

- लाभार्थी के पास अपनी जमीन या छत हो।
- छह माह के अंदर का कोई भी बिल हो।
- एक से दस किलोवाट तक का लग सकता है पैनल।
- 45 हजार से लेकर एक लाख आठ हजार तक का मिलेगा अनुदान।

### इतना आएगा खर्च

आंकड़ों पर गौर करें तो पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में एक किलोवाट बिजली के पैनल के लिए 55 से 60 हजार का खर्च आएगा। इसमें केंद्र सरकार सब्सिडी भी देगी। इसी प्रकार दो किलोवाट पर लगभग 1.15 लाख, तीन किलोवाट पर करीब 1.50 लाख, चार किलोवाट पर 1.90 लाख, पांच किलोवाट 2.40 और 10 किलोवाट पर लगभग 4.60 लाख रुपये तक के खर्च का अनुमान है।

## 25 लीटर शराब के साथ 3 बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सुबेहा और मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को 25 लीटर शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। संबंधित थानों की पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सुबेहा थाने की पुलिस टीम ने चौकी मजरे शहरी इस्लामपुर निवासी शिवनाथ उर्फ कपूरे तथा आशादेवी को 20 लीटर शराब के साथ दबोचा। वहीं मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस टीम ने एनुद्दीनपुर निवासी दिलीप कुमार को पांच लीटर शराब के साथ पकड़ा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र 2017-2019 अनुक्रमांक 1740800041806 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा पुत्री सुरेश कुमार मिश्र ग्राम ओरीपुर नौगीर, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIL से बदलकर MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI S/O: MOHAMMAD BASHEER, R/O: 435, BUTCHER MOHAL, SADAR BAZAR, CANTT, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम अब्दुल अजीज खान से बदलकर अजीज खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **अजीज खान पुत्र नन्कऊ, निवासी- ग्राम- दर्जिनपुरवा, महादेवा सलारपुर, पोस्ट- डान्डे कुइया, थाना-हरदत्त नगर गिरंट, जनपद-श्रावस्ती**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0- 2245163 वर्ष 2000 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0- 0671111 वर्ष 2006 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 7521073903 पर सम्पर्क करे। **रोहित सिंह पुत्र बृजलाल भारती, निवासी- एम0एम0एस 2/75बी, सेक्टर- सी, जानकीपुरम् थाना- विकासनगर, लखनऊ**

**इंडियन बैंक Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD
**अंचल कार्या. : गोण्डा निकट बस स्टैण्ड, बहराईच रोड, गोण्डा-271001**
**सूचना**
आगामी वित्तीय वर्ष (2024-25) में ऋण वसूली कार्य हेतु नए एजेंसी के आवेदन आमंत्रित कर रहा हैं। इच्छुक एजेंसी/व्यक्ति / कंपनी अपना बायोडाटा व आवेदन ऋण वसूली विभाग को जमा कर सकते हैं।
नियम व शर्तें लागू

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का मूल अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 212611992 वर्ष 2021 है जो कि उ0प्र0मा0शि0परि0 प्रयागराज द्वारा निर्गत था। वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री मो0 युसुफ ग्राम गढ़ी, पोस्ट- दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज, तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा।**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
**आवश्यकता है**
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की- **प्रवक्ता बी.ए.** – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.**– शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02-02 पद। **प्रवक्ता बी. एड्.**– 04 पद। **योग्यता**– यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन**– राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक- डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0- 8004232988

# साक्ष्य मिटाने में जुटीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय खीरों की वार्डेन

## जिले से जांच करने पहुंचे अधिकारी को वार्डेन ने विद्यालय में प्रवेश करने से रोका

खीरों, रायबरेली,

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खीरों में छात्राओं की बीमारी और भ्रष्टाचार से संबंधित वीडियो और छात्राओं के शिकायती पत्र प्रसारित होने के बाद बीएसए के आदेश पर खण्ड शिक्षाधिकारी गुरुवार को जांच करने पहुंचे। लेकिन उन्होंने मामले में खुलकर वार्डेन का पक्ष लिया। शुक्रवार को गोपनीय विभाग का एक अधिकारी मामले की हकीकत परखने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खीरों पहुंचा तो खण्ड शिक्षाधिकारी के निर्देश पर वार्डेन ने उन्हें विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया और वह आसपास के अभिभावकों से सम्पर्क कर मामले की हकीकत जानकर वापस लौट गए।

उधर वार्डेन खीरों के बीईओ और बीआरसी के कर्मचारियों के सहयोग

**▸▸ वार्डेन को बचाने में जुटे खण्ड शिक्षाधिकारी**

से सभी साक्ष्यों को मिटाने में जुटी हुई हैं। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बीईओ के संरक्षण के कारण ही इस भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हैं और विद्यालय में मनमानी और भ्रष्टाचार वट वृक्ष की तरह फलफूल रहा है। दो दिन पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खीरों की मनमानी, अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार से संबंधित कई वीडियो और छात्राओं के शिकायती पत्र वायरल होने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार गुरुवार को मामले की जांच करने विद्यालय पहुंचे।

जांच के दौरान बीईओ मुकेश कुमार खुलकर वार्डेन शान्ती सिंह के बचाव में दिखे। शिकायतों में सुधार करने के बजाय उल्टे वीडियो बनाने वाली शिक्षिका को ही दोषी ठहराया जा रहा था। विद्यालय की छात्राओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार कड़ाके की ठंड में भी उन्हें फटी रजाई ओढ़नी पड़ी। लेकिन गुरुवार को हुई जांच के बाद शाम को ही उनकी फटी रजाई हटाकर उन्हें नई रजाई दे दी गई। नाश्ता और खाना भी अच्छा दिया गया। लेकिन जिस छात्रा के हांथ से पस और कीड़े निकलने का मामला प्रकाश में आया था। उसे शुक्रवार को सुबह उसके घर भेज दिया गया। वीडियो बनाने वाली शिक्षिका सुचित्रा ने बताया कि उसको लगातार गाली और धमकियां भी मिल रही हैं। जिससे वह काफी सहमी और भयभीत है।

मामले को संज्ञान में लेते हुए गोपनीय विभाग का एक अधिकारी शुक्रवार को सुबह विद्यालय पहुंचा तो वार्डेन शान्ती सिंह ने उन्हें यह कहकर विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया कि बीईओ मुकेश कुमार का आदेश है कि उनकी अनुपस्थिति में कोई विद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं कर सकता है। भ्रष्टाचार और अन्य शिकायतों को दरकिनार कर बीईओ उच्चाधिकारियों को यह बता रहे हैं कि दो शिक्षिकाओं के बीच विवाद का मामला है।

अब देखना यह है कि शासन या विभागीय अधिकारी इस मामले की जांच कर दोषियों पर कोई कार्यवाही करते हुए पीड़ित छात्राओं को न्याय देंगे। या फिर बीईओ और वार्डेन की भ्रष्टाचारी जुगलबंदी इसी तरह चलती रहेगी और गरीब छात्राएं इसका परिणाम भुगतती रहेंगी। बीईओ मुकेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा वार्डेन को केवल सामान्य बाहरी लोगों को विद्यालय में प्रवेश देने से मना किया गया है। मामले को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अलग-अलग जगहों पर हुई मारपीट मुकदमा दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर जमकर मारपीट हुई है। नगर पंचायत नसीराबाद में वार्ड नंबर 10 मोमिनपुरा निवासी पूर्व सभासद हसीब पुत्र हबीबउल्ला ने थाने में तहरीर देकर कल्लू पुत्र स्वर्गीय हामिद और अनीश उर्फ बग्गा पुत्र कल्लू उसे गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूंसों और लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। बचने के लिए जब वह एक घर में घुस गया तो वे लोग घर में घुसकर भी उसे पीट दिया। वही दूसरी घटना में पूरे पलिहारन मजरे बेढ़ौना निवासिनी मैजुल निशा पत्नी मकसूद उसकी ननद अंजुम बानो, बेटी नफीसा और बहू रुकैया को उसी के गांव के रहने वाले जाहिद पुत्र शरीक, इसलाक पुत्र रियासत, किस्मतुन पत्नी इसलाक, रेशमा पत्नी जाहिद, तहसीन पुत्र इस्लाक ने लाठी डंडों से मारा पीटा, गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि दोनों मामलों में मामला दर्ज किया गया है।

## व्यवसायी पर किया जानलेवा हमला, केस दर्ज

जगतपुर, रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खैरहनी पहाड़गढ़ गांव निवासी एक व्यवसायी अपनी दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था। तभी उसे गांव के बाहर चार युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से वार कर मौके से फरार हो गए। शुक्रवार को खैरहनी पहाड़गढ़ गांव निवासी कौशल कुमार पांडे ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका भाई प्रवीण पांडे पारी में मेडिकल स्टोर का संचालक है।

जो बृहस्पतिवार की रात दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी गांव के बाहर ही गांव के चार लोग व दो अज्ञात लोगों ने मेरे भाई को जबरन रास्ते में रोक कर ताबड़तोड़ कुल्हाडियों से हमला कर दिया जिससे वह लहूलूहान होकर बेहोश होकर गिर पड़ा। वही रास्ते से गुजर रहे एक युवक ने जब खून से लथपथ पड़े व्यक्ति को देखा तो शोर शराबा मचाने लगा तब तक काफी ग्रामीण एकत्रित हुए और घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि एक युवक घायल अवस्था में आया था। जिसकी हालत काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया। इस बाबत एसओ बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही चार लोगों को नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला क्षेत्र के सवैया हसन गाँव के पास का है, जहां गुरुवार की देर शाम लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार दशरथ प्रजापति 65 वर्ष निवासी पूरे कुशल मजरे गोकना सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### 11 मार्च से होगी श्रीमद्भागवत कथा

**लालगंज, रायबरेली।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आगामी 11 मार्च सोमवार से कनकापुर गांव में शुरु होगी ।जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ( श्री धाम वृंदावन) कथा का वाचन करेंगे ।आयोजित श्रीमद्भागवत कथा 11 मार्च दिन सोमवार से 17 मार्च दिन रविवार तक चलेगी। वही 18 मार्च दिन सोमवार को श्री मदभागवत के उपरांत ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया है। वही श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक सेवानिवृत शिव भवन सिंह व सरिता सिंह ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा 11 मार्च से 17 मार्च तक चलेगी, जो 18 मार्च को ब्रह्मभोज के साथ संपन्न होगी। वही श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक मुख्य यजमान शिवभवन सिंह एवं सरिता सिंह ने क्षेत्रीय कथा व धर्म प्रेमियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### नौकरी दिलाने के बहाने युवक से ठगी

**लालगंज,रायबरेली, अमृत विचार।** मर्चेंट नेवी में नौकरी पाने के लालच में सातनपुर गांव का एक युवक ठगी का शिकार हो गया, हालांकि शिकायत होते ही साइबर क्राइम विभाग ने एसबीआई के खाते को होल्ड करा दिया है जिससे पैसा वापस पाने की गुंजाइश बनी हुई है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ठगी का शिकार हुए युवक अंकुश यादव पुत्र विजय यादव ने बताया कि नित्या शिपिंग कंपनी के एजेंट ने मोबाइल पर व्हाट्सएप काल कर मर्चेंट नेवी में नौकरी देने का भरोसा दिलाया और सर्विस सुरक्षा चार्ज के नाम पर एसबीआई बचत खाते में एक लाख अठारह हजार रुपए ऑनलाइन मंगा लिया। बाद में ज्वॉइनिंग लेटर भी भेजा जो फर्जी निकला। ठगी का अहसास होते ही अंकुश यादव ने मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर दी। मामले की जांच क्राइम इंस्पेक्टर विनय तिवारी कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### डॉ. प्रेमशरन ने ग्रहण किया सीएचसी अधीक्षक का पदभार


डॉ. प्रेमशरन

**शिवगढ़,रायबरेली, अमृत विचार।** चिकित्साधिकारी डा. प्रेमशरन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया अधीक्षक बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगो ने उन्हें बधाई दी है। वही अभी तक सीएचसी में अधीक्षक के पद पर तैनात डा. अमित सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में चिकित्साधिकारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। बृहस्पतिवार को डॉ. प्रेमशरन द्वारा सीएचसी शिवगढ़ में अधीक्षक का पद भार ग्रहण करने पर फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होने कहाकि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस जिम्मेदारी का वे भली प्रकार निर्वहन करेंगे एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर चिकित्सक एवं समस्त सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

### महिला सत्संग में उमड़ी भीड़


सत्संग में बोलतीं महिला संत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में महिला सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महिला साध संगतो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को संत निरंकारी सत्संग भवन में महिला सत्संग का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मीरा दीक्षित ने किया सत्संग के दौरान उन्होने कहा कि भक्ति की पराकाष्ठा है। हम सबको प्रेम जीवन में आता है जो जीवन में सिर्फ कर ही दिखता फिर ऐसा नही लगता कि हम जीवन काट रहे हैं। फिर इस जीवन को खुशियों और आनंद से जिया जाता है। हर हाल में खुश रहने वाली अवस्था बन जाती है। इस मौके पर नीलम, उषा, रेखा, नीतू, अंजलि, अनामिका महिला साध संगत मौजूद रही।



प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कांग्रेस का एसबीआई बैंक के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** बाजार में एसबीआई बैंक के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एसबीआई बैंक को इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधित दिए गए निर्देश का पालन न करने और तय सीमा पर चुनावी चंदा की लिस्ट न देने के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अभिनव तिवारी संगम ने कहा कि एसबीआई मोदी का परिवार है और परिवार को बचाने के लिए ही चुनाव के बाद चुनावी चंदे की लिस्ट देने का समय मांग रही है जो की साफ दर्शाता है की कैसे भाजपा इस देश की संस्थाओं पर अपना कब्जा जमाए हुए है। ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गिरीश जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के साथ खड़ी है और एसबीआई को चुनावी चंदे का हिसाब देना होगा। धरना प्रदर्शन में अमरेंद्र सिंह, रमेश शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र द्विवेदी, मयंक यादव, पीर गुलाम, मो नईम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बेखौफ चोरों ने एक ही रात तीन घरों को बनाया निशाना

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार की रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक ही गांव के तीन घरों को निशाना बना नकदी और सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग आठ लाख से अधिक का सामान पार कर दिया। क्षेत्र में हो रही चोरी की वाररदातो को रोकने स्थानीय पुलिस नाकामयाब साबित हो रही है। अब तक चोरों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है लेकिन पुलिस एक भी का खुलासा करने में सफल नही हो पाई है। वही एक बार फिर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

सेहरामऊ निवासी दिनेश कुमार यादव ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि तीन दिन पहले उसकी बेटी गुलशन यादव की शादी थी। इसी दौरान अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरों का ताला तोड़कर बड़ी बेटी रिंकी यादव के लगभग सात लाख से अधिक के सोने चांदी के आभूषण और 19 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। इसी गांव के रिंकू कुरील ने बताया कि वह घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बाहर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक मोबाइल और तीन हजार नकद चोरी कर लिया। सुबह घटना की जानकारी हुई। रिंकू कुरील के पड़ोसी सुखराम गौड़ ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। दरवाजे उनके कपड़े टंगे थे। जिनमें 180 रुपए पड़े। वह अज्ञात चोर चोरी कर ले गए और घर के बाहर कुण्डी लगाकर चले गए।

## मुख्य बाजारों में नहीं पार्किंग सड़क के बीच खड़े रहते वाहन


कैपरगंज में सड़क के बीचोंबीच खड़े वाहन। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के व्यसायिक स्थल कैपरगंज में वाहनो की पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण बाजार आने वाले ग्राहकों को पार्किंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। कुछ लोग मजबूरी में सड़क के मध्य पार्किंग कर देते है, जिससे वाहनों के आने जाने में गतिरोध पैदा होता है। इसी के साथ वाहन में बैठे लोगो द्वारा अचानक दरवाजा खोल देने से आने जाने वाले लोग घायल होते रहते है।

आबादी बढ़ने के साथ साथ यह समस्या भी नासूर बनती जा रही है। इस संबंध में व्यापार मंडल, नगर पालिका परिषद व प्रशासन की ओर से मिल बैठकर इस समस्या का हल निकाला जाना चाहिए। व्यापारी विभिन्न समस्याओ को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते रहते है। लेकिन पार्किंग व्यवस्था के लिए ध्यानाकर्षण पर चुप्पी साध जाते है। प्रशासन की ओर से यदा कदा अभियान चलाकर नान पार्किंग जोन में खड़े हुए वाहनों का चालान कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। वही नगर पालिका परिषद सिर्फ व्यापारिक क्षेत्र में साफ सफाई कराने तक ही अपने को सीमित कर रखा है।

इन सबकी नूरा कुश्ती में इन मार्गो से गुजरने वाला आम आदमी घायल होता रहता है। कई व्यापारी और वरिष्ठ नागरिकों ने दबी जुबान से प्रशासन, व्यापारियों व नगरपालिका परिषद को संयुक्त रूप से प्रयास कर इस समस्या से मुक्ति दिलाने की मांग की है। मनमीत, अवधेश कुमार वर्मा, अशोक गुप्ता, केके जायसवाल ने कहा कि वाहनों के खड़े होने के लिए कहीं पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

### प्रशासनिक रवैये से शिवभक्तों में आक्रोश

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा शासन काल में सलोन के प्रशासनिक अधिकारियों को शंख और वाद्य यंत्र बजने से खतरा महसूस हो रहा है। जलाभिषेक की अनुमति से पूर्व शिव भक्तों को पाबंद करते हुए शंख बजाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। प्रशासन का तुगलगी फरमान ऐसे समय आया है, जब लोक सभा चुनाव बिल्कुल करीब है।

उठे सवाल — कई गांवों में लम्बे समय से नहीं खुले ताले

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालय साबित हो रहे शोपीस

मुकेश तिवारी।

**सेमरी, रायबरेली।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायतों में बने सार्वजनिक शौचालय केवल शोपीस साबित हो रहे हैं। क्षेत्र की कुछ पंचायतों को छोड़कर अधिकांश ग्राम पंचायतों लच्छीपुर, शीतलाबक्स खेड़ा, बकुलिहा में बने शौचालय बनने के बाद बंद ही पड़े हैं। पहले चली स्वच्छ भारत योजना के तहत हर परिवार में एक शौचालय बनवाया गया। इसके बाद गांव में होने वाली बैठक अथवा अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने वाले लोगों को खुले में शौच जाने से रोकने के लिए दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया।

जब इस योजना की घोषणा हुई तो उसके कुछ महीनों बाद ही पंचायत चुनाव की घोषणा होने वाली थी। इससे


बन्द पड़ा शौचालय।

पहले ही प्रशासन ने धड़ाधड़ सार्वजनिक शौचालयों के टेंडर प्रकाशित कराकर उन पर काम करवाना शुरू कर दिया। हर ग्राम पंचायत के प्रधान एवं सचिव को चुनाव से पूर्व ही शौचालय का निर्माण कराने के लिए कहा गया। चुनाव की घोषणा होते ही इनके निर्माण में लापरवाही सामने आने लगी।

परिणाम यह हुआ कि ग्राम पंचायत लच्छीपुर में शौचालय का निर्माण तो हो गया लेकिन मानकों की अनदेखी करते हुए

> अभी तक हमे इस बारे में कोई जानकारी नही प्राप्त थी। बंद पड़े शौचालयों की जांच करा कर बंद पड़े शौचालयों को शीघ्र ही संचालित कराया जायेगा
>
> **-अंजू रानी बीडीओ खीरों, रायबरेली।**

शौचालय में फर्श और प्लास्टर तो करा दिया गया लेकिन शौचालय के अंदर बनी फर्श आज से लगभग छह माह पहले से धस चुकी है जिसकी मरम्मत आज तक नही कराई जा सकी साथ ही कई महीनो से शौचालय को खोला भी नही गया और निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिवों ने नियमानुसार इन शौचालयों को गांव में बने समूह को सौंप दिया। अब इन शौचालयों की साफ-सफाई एवं रखरखाव और मरम्मत का जिम्मा इन समूहों का ही है। समूह ही इन शौचालयों पर सफाई कर्मी रखेंगे और शौच आदि करने आने वालों की संख्या का रिकॉर्ड रखेंगे। लच्छीपुर गांव में सार्वजनिक शौचालय को बने दो साल से अधिक समय हो गया है। लेकिन अभी तक इसे पूर्ण रूप से चलाया नही जा सका।

ग्रामीण विशाल कुमार ने बताया कि शौचालय का निर्माण आज से लगभग दो साल पहले हो गया था लेकिन शौचालय बनने के कुछ महीनो बाद तक बंद ही पड़ा रहा जब इस पर गावो वालो ने नाराजगी जताते हुए प्रधान से बात की तो शौचालय कुछ दिनों के लिए सिर्फ खोला गया लेकिन उसके बाद से आज तक बंद ही पड़ा हुआ है। वही मुकेश कुमार ने बताया कि शौचालय का निर्माण कई वर्ष पूर्व हो चुका था उसके बाद से आज तक में शौचालय बीच में बीस से पच्चीस दिन के लिए सिर्फ खोला गया उसके बाद से अभी तक न ही कोई सफाईकर्मी आया, शौचालय के अंदर की फर्श बरसात में धस गई है आज तक उसकी मरम्मत भी नही कराई गई साथ ही शौचालय में विद्युत कनेक्शन भी नही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com


सलोन में भंडारे का प्रसाद लेते श्रद्धालु।


इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करती युवती।


महाशिवरात्रि पर ऊंचाहार में सजी झांकी। अमृत विचार


शहर में धूमधाम से निकलती शिवबारात। अमृत विचार

# शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब, हर-हर महादेव के गूंजे जयकारे

**दोपहर बाद गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बरात, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की लाइन लग गई। कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ लोगों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि किया। इस दौरान शहर के पहलवान वीर बाबा मंदिर व चंदापुर कोठी स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर में शिव बारात का आयोजन भी किया गया। शिव बारात में नाचते-गाते, थिरकते भक्त अबीर व गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। दोनों शिव बारातों का जगह-जगह पर नगरवासियों ने स्वागत किया। वहीं देर रात तक भंडारे से प्रसाद का वितरण किया गया। पहलवान वीर बाबा मंदिर ट्रस्ट की ओर से एफजी महाविद्यालय के मैदान में कार्यक्रम की शुरुआत कन्या भोज से की गई। सुमधुर संगीत संध्या का आयोजन भी किया गया। जगमोहनेश्वर मंदिर में दो निर्धन कन्याओं का विवाह भी कराया गया।

लालगंज क्षेत्र के ऐहार स्थित बाबा बाल्हेश्वर मंदिर, सातनपुर


महाशिवरात्रि पर पहलवान वीर बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व समाजसेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री।

स्थित बाबा सत्नेश्वर मंदिर और गेगासो के मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ रही। बाबा बाल्हेश्वर, बाबा गहरेश्वर समेत अन्य मंदिरों में सुबह चार बजे से भक्तों का तांता लग गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज ने बताया कि बाबा बाल्हेश्वर मंदिर की जिस पर कृपा हो जाती है, उसका परिवार जीवन भर खुशहाल रहता है। मंदिर और मेले की व्यवस्था में प्रबंधक प्रदीप तिवारी, राम शंकर तिवारी , उपाध्यक्षअशोक बाजपेई, अनुज अवस्थी, अखिलेश पांडे, कीर्ति मनोहर शुक्ला, बबुआ अवस्थी, मोनू मिश्रा आदि


सलोन स्थित मंदिर में जलाभिषेक करती महिला।


सतांव स्थित मंदिर में जलाभिषेक करते लोग।

मौजूद रहे।

महराजगंज क्षेत्र के मोन स्थित सिद्धेश्वर, शोभनाथ, बाबा ओरीदास मंदिर, कैर गांव स्थित कैरेश्वर, मऊ स्थित ऊंचेश्वर, महराजगंज स्थित दानेश्वर, पारा कला स्थित गौरी शंकर मंदिर, जनई स्थित सीताराम मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मोन गांव निवासी पंडित जीतू तिवारी ने बताया कि फाल्गुन चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव ने वैराग्य त्याग कर देवी पार्वती संग विवाह कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। इसी वजह से हर वर्ष फाल्गुन चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की खुशी में


कन्या भोज कराती रेनू सिंह।

महाशिवरात्रि मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन पूजन करने से भगवान शिव व मां पार्वती प्रसन्न होते हैं।

राही क्षेत्र के पचीसी भीट मजरे बेलागुशीशी स्थित शिव मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया। दूर दराज से आए शिवभक्तों ने बाबा के दर्शन कर जलाभिषेक किया। बेलाखारा स्थित बाबा गोसूबीर शिव मंदिर में सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। कुचरिया स्थित झल्लेश्वर मंदिर में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर मंदिर प्रांगण में लगे मेला के साथ कीर्तन का लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। सलोन के बाबा झारखडेश्वर मंदिर स्थित मटका, बंधावा धाम, मुनेश्वर नाथ ममुनी, बाबा माधव दास सलोन, सिद्धेश्वर धाम सिरसिरा आदि मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। वही विद्युतघर सलोन में शिव जाप और मंत्रोच्चार के साथ प्रसाद वितरित किया गया। झारखंडेश्वर मंदिर के पुजारी अखिलेश बताते है भक्ति में वह शक्ति है जो मानवता का भाव पैदा करती है। इस मौके पर मेला कमेटी आशीष तिवारी, वीरेन्द्र कुमार मौर्य, विनय मिश्रा, दिनेश मौर्य, गयादीन मौर्य आदि मौजूद रहे। सतांव क्षेत्र के बींझ गाँव स्थित बींझेश्वर मन्दिर, ओनई गाँव स्थित सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर, सतांव गाँव स्थित कोटेश्वर महादेव


बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

मन्दिर, भीतर गांव स्थित आनन्दी देवी मन्दिर, सतांव गांव स्थित माँ गौरा-पार्वती और महादेव मन्दिर मलिकमऊ चौबारा स्थित पांचोबीर बाबा मन्दिर सहित क्षेत्र के सभी शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों का तांता नजर आया।

परशदेपुर के माता मिढुरिन धाम सहित क्षेत्र के शिवालयों में काफी संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। वार्ड नम्बर नौ में रामचरित मानस के पाठ का समापन के बाद भंडारा हुआ। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेमरी क्षेत्र के शिव मंदिरों में शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मी सतर्क रहे। पाहो गांव के मोड़ पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर रिंकू जायसवाल, चंदन सोनी, दिनेश, राम सजीवन, कमल, विशाल, नवल तिवारी आदि मौजूद रहे।

बछरावां के सुदौली ग्राम सभा में स्थित पौराणिक भंवरेश्वर बाबा शिव मंदिर में रात से ही से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इसी तरह बछरावां नगर के बुलाकेश्वर शिव मंदिर, सई नदी तट पर स्थित पस्तौर ग्राम सभा में स्थित कंजेश्वरधाम, समोधा ग्राम में स्थित झारखंडेश्वर मंदिर में भी रुद्राभिषेक व जलाभिषेक भक्तों ने किया। महाराजगंज रोड पर स्थित समाधानेश्वर मंदिर पर भंडारे का आयोजन पूजन, अर्चन, रुद्राभिषेक, श्रंगार व आरती के साथ ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल शाखा बछरावां के समस्त सेवादारों व पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस भंडारे में राजेंद्र सिंह उर्फ राजू बाबा और ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल के पदाधिकारियों की पूर्ण सहभागिता रही। बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, धर्मेंद्र सिंह उर्फ रामचंद्र पूर्व सभासद, शिवनरेश सिंह, राजकुमार नीरज चौधरी, देवेंद्र सिंह सभासद प्रतिनिधि आशीष सिंह उर्फ बॉबी आदि मौजूद रहे।



गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का गेट।


उद्यान में लगा बच्चों के लिए झूला।

## गुरुगोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण आज

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। प्रातः कालीन भ्रमण स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। नगर क्षेत्र में प्रातः कालीन भ्रमण के लिए अभी तक तीन ही स्थान थे। सई नदी के किनारे स्थित शहीद स्मारक और उसी के बगल में बना हुआ विकास प्राधिकरण का राना बेनीमाधव पार्क, मोतीलान नेहरू स्टेडियम और राजकीय कालोनी स्थित इंदिरा उद्यान ही थे। शहर के मध्य में ऐसा कोई स्थान नहीं थां जहां लोग प्रातः खुली हवा में सैर कर सके। अधिकांश लोग शहर की सड़कों पर भ्रमण करते थे। इससे आने जाने वाले वाहन से दुर्घटना का खतरा बना रहता था। जनता की आवश्यकता और मान को देखते हुए राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह की पहल पर शहर के जिला उद्यान कार्यालय परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से पार्क विकसित किया गया है। नाम भी सिख समाज के गुरु गुरु गोविंद सिंह रखा। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा शनिवार को गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण किया जाएगा। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपया खर्च किया गया है। इस पार्क में जहां साढ़े तीन किलोमीटर लम्बा पथ वे है, वहीं योगस्थल के साथ ही महिलाओं के लिए अलग से योग स्थल बनाया गया है।

### 90 लाख से बने दो जलाशय

पार्क को सुन्दर बनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा दो जलाशय भी बनाए गए है। जो लोगो के आकर्षण का केंद्र बने है। इसके पास आकर लोग सेल्फी भी खींचते है। दोनो जलाशय बहुत ही खूबसूरती बढ़ा रहे है।

## परिजनों के साथ मिलकर बड़े भाई ने की चाकू से गोदकर हत्या

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में अमावा चौराहे पर रंजिश में छोटे भाई ने परिवार के साथ मिलकर बड़े भाई की लाठी डंडों से पिटाई के बाद चाकू से गोदकर हत्या कर दिया। इसके बाद कमरे में ताला बंद कर परिवार समेत मौके से भाग निकला। छोटे भाई को परिवार के साथ भागते देख पड़ोसियों को शंका हुई तो ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए। ग्रामीणों ने मृत अवस्था में उसके भाई को देखा तो लोगों के होश उड़ गए और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। दूसरी तरफ हत्यारे भाई को परिवार समेत एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में स्थानीय चौराहे पर देर शाम की है, जहां निवासी संत प्रसाद के तीनों बेटे बब्बू, प्रमोद व प्रदीप परिवार समेत चंडीगढ़ में रहते हैं। संत प्रसाद भी चंडीगढ़ में ही रहता था। बीती 3 मार्च को अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए प्रमोद (42), प्रदीप, अपनी पत्नी कमलेश व प्रिंस के साथ गांव आया था। शुक्रवार की रात प्रमोद को वापस चंडीगढ़ जाना था, शाम करीब 7 :30 बजे प्रदीप ने अपनी पत्नी कमलेश व बेटे प्रिंस के साथ मिलकर प्रमोद को घर के पीछे के कमरे में हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा व टेप लगाकर चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी।और घर में ताला बंद कर पैदल ही भाग निकला। तीनों को भागते देख ग्रामीणों की नजर पड़ी तो किसी अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने ताला तोड़ कर देखा तो प्रमोद का शव कमरे में बंद मिला। पुलिस ने भाग रहे प्रदीप को परिवार समेत ढाबे के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## सीजन-3 ट्रॉफी पर गढ़ी दूलाराय का कब्जा

**क्रिकेट प्रतियोगिता**

सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार।** सतांव गन्ना काँटा मैदान में पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अंतरप्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को गढ़ी दूलारॉय और किशुनखेड़ा ऊंचाहार के मध्य खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए गढ़ी दूलाराय ने ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने टीम के कप्तान को ट्राफी और दो लाख एक हजार का चेक देकर पुरस्कृत किया।

फाइनलन मुकाबला निर्धारित 15-15 ओवरों का खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी



विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी व दो लाख एक हजार का चेक देते राज्यमंत्री।

किशुनखेड़ा की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 131 रन बनाये। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी दूलारॉय के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 9.1 ओवरों में ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया।

23 गेंदों में 49 रनों की बेहतरीन पारी के लिए गढ़ी दूलारॉय के ओपनर बल्लेबाज प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरी प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रफुल्ल यादव ही मैन ऑफ द सीरीज चुने गये। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने विजेता टीम के कप्तान को 201000 रुपये की चेक व विजेता ट्राफी और उपविजेता टीम के कप्तान को 121000 रुपये की चेक और ट्रॉफी प्रदान की। प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द सीरीज के उपहार में मोटरसाईकिल प्रदान की।

### राज्यमंत्री ने हाईटेक नर्सरी का किया शिलान्यास

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने इसी प्रांगण में सतांव स्थित माँ गौरा-पार्वती मेला प्रांगण की जिला पंचायत की जमीन पर 2 करोड़ की लागत वाली एक हाईटेक नर्सरी का शिलान्यास भी किया। राज्यमंत्री ने बताया इस हाईटेक नर्सरी में उन्नव प्रजाति की पौध तैयार की जायेगी। इस नर्सरी से क्षेत्र ही नहीं दूर दराज के किसान अच्छी पौध से फल और सब्जियों की खेती कर अच्छी कमाई कर अपने जीवनस्तर को सुधार होगा।

## सार-संक्षेप

### भोलेनाथ की भक्ति में डूबे लोग, गंगा में लगाई डुबकी

**ऊंचाहार , रायबरेली , अमृत विचार।** शुक्रवार को शहर से गांव तक महाशिवरात्रि की धूम मची हुई है । देवाधिदेव महादेव की भक्ति और श्रद्धा में डूबे लोगों का उल्लास देखते बन रहा है। गंगा तटों पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने आस्था की डुबकी लगाकर शिवालयों में जलाभिषेक किया है । शुक्रवार प्रात :काल से ही शिवालयों में जयकारे गूंज रहे है । मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी है । क्षेत्र के गंगा तट गोकना, पूरे तीर, बादशाहपुर आदि स्थानों पर हजारों की संख्या में महिलाएं , पुरुष, बच्चे पहुंचकर स्नान दान करके गंगा नदी से जल भरकर शिवालयों में चढ़ा रहे है। क्षेत्र के स्वयंभू शिवलिंग वाले शिवालयों गौरी शंकरन मंदिर बड़ा गांव , बूढ़े बाबा मंदिर मिर्जापुर ऐहारी, नगर के महादेवन मंदिर में प्रात :काल से जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की लाइन लगी हुई है । इस दौरान शिवालयों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। गोकना गंगा घाट पर मेले जैसा नजारा बना हुआ है


गंगा स्नान करते लोग।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है। घटना बरवारीपुर के पास की है, जहां रेलवे ट्रैक पर पड़े शव की खबर क्षेत्र में चर्चा आम हुई और आसपास के लोगों से सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया 30 वर्षीय मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। जांच पड़ताल में युवक की ट्रेन से गिरकर मौत होने की जानकारी हुई है। शव को सुरक्षित रखवा दिया गया है ।

### संसार को ज्ञान की पहली किरण दिखाने वाले महाकाल

**महराजगंज, रायबरेली।** पाराखुर्द स्थित मनीराम दास कूटी पर रामकथा का आयोजन शुक्रवार को सामूहिक हवन के बाद आरम्भ हुआ। जगद गुरू रामानुजाचार्य व स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य महराज ने कथा के पहले दिन भगवान शिव के चरित्र पर विधिवत वर्णन किया। महाशिवरात्रि के महत्व को भी बताया। कहा कि संसार को ज्ञान की पहली किरण दिखाने वाले भगवान महाकाल ने दुनिया से अलग रहना सिखाया। उन्होने भस्मासुर से लेकर चित्रभानु तक की कथा वर्णन किया। महाशिवरात्रि के महत्व को बताते हुए कहा कि शिवरात्रि के दिन भगवान शिव का व्रत रहने वाले भक्त कभी दु :खी नही रहते। शिव आराधना से मन की शान्ति के साथ - साथ जीवन में भी शान्ति बनी रहती है और जीवन सुखमय होता है। कार्यक्रम के आयोजक अवधेश मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया गया है, जिसमें जगदगुरुओं द्वारा भगवान की महिमा का बखान किया जायेगा। रामकथा के अन्तिम दिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

### डाक अधीक्षक ने महिला कर्मियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, रायबरेली।** डाक अधीक्षक कार्यालय जवाहर बिहार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान महिला कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को डाक अधीक्षक राकेश कुमार अवस्थी पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। डाक अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि यह दिन महिलाओं के साथ-साथ उन लोगों के लिए भी खास है, जिनके जीवन में किसी न किसी महिला का अहम योगदान रहा है। ऐसे में आप इस दिन अपने जीवन में अहमियत रखने वाली महिलाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकते हैं। इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक सोने लाल, सहायक अधीक्षक दक्षिणी योगेश कुमार, डाक निरीक्षक संदीप शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### रामलीला में राम वनगमन दृश्य देख भाव-विभोर हुए दर्शक

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के प्राचीन कालीन गौरी शंकर महादेव मंदिर दहिगवां में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी पवन शुक्ला के नेतृत्व में एक दिवसीय मेला, रामलीला एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर मन्दिर में सुबह से दोपहर बाद तक जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हवन पूजन के पश्चात पूर्वाहन 11 बजे शुरू हुआ भण्डारा देर रात तक चला। मेले में आए हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में मनोकामनाएं मांगी। मेले में रामलीला का भव्य मंचन किया गया। राजा दशरथ के दरबार में विश्वामित्र द्वारा राम और लक्ष्मण का मांगना, दंडक वन में राक्षसों का विनाश, तत्पश्चात धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। राम वन गमन, सीता हरण, किष्किंधा पर्वत एवं राम हनुमान सुग्रीव मित्रता का भव्य मंचन किया गया।

# महिला होना हमारे काम में आड़े नहीं आता है : पुष्पा सिंह

**सुलह-समझौता कराकर 143 दम्पतियों को आपस में मिलाया**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** आज की महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जानती है। वे पुरुषों की तरह घर से बाहर निकलकर कार्य करने में गर्व महसूस करती है। यह विचार महिला थानाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्यक्त किये। उन्होनें कहा कि जब सरकारी वर्दी पहन ली है तो विभाग के उच्चाधिकारियों के द्वारा जनता की सेवा का जो भी कार्य सौंपा जाएगा महिला थानाध्यक्ष उसे सहर्ष करना पसंद करती है। पुष्पा सिंह 2012 बैच की उपनिरीक्षक है। रायबरेली से पूर्व वे उन्नाव के महिला थानाध्यक्ष के रूप अपना योगदान भी दे चुकी है। रायबरेली में अपने कार्यकाल के दौरान अभी तक लगभग 143 महिला उत्पीड़न के मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कर चुकी है।


महिला थानाध्यक्ष पुष्पा सिंह

उन्होंने बताया कार्य करने के दौरान जनता की ओर से कई प्रकार की समस्याएं आती है इसके बावजूद वे अपना कार्य करना जारी रखती है। उन्होंने बताया कि महिला थाने में अधिकांश मामले महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े हुए आते है। जिसमें वे दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर सुलह के आधार पर समझौता कराकर दम्पतियों को एक साथ रहने के लिए प्रेरित करती है। इसके बावजूद वे नए सिरे से दोनों पक्षों को समझाकर समस्या का निराकरण करने का प्रयास करती है।

## विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य पर 51 महिलाओं का सम्मान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाली 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान मे हुए कार्यक्रम का उदघाटन संस्था के संरक्षक एवं एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनीष चौहान, समाजसेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उदघाटन करने के उपरांत अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार ने नारी शक्तिवन्दन अधिनियम लागू कर के महिलाओं



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित महिलाएं।

का मान बढ़ाया है, जो अत्यंत सराहनीय है। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने आई हुई महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण जहां लिंगानुपात में सुधार हुआ है, वही जब से तीन तलाक के खिलाफ कानून आया है तब से 80 प्रतिशत तलाक के मामलों मे कमी आई है, जो महिलाओं के लिए सार्थक और सफल संकेत है। कार्यक्रम में पंकज द्विवेदी, नीति अग्निहोत्री, व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, डा. संतलाल, महेन्द्र अग्रवाल, स्मृति सिंह, आशा श्रीवास्तव, डा. रवि प्रताप सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

### इन्हें मिला सम्मान

चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार, निशुल्क कानूनी सेवा, बेजुबान जीवों के लिए समर्पण, पत्रकारिता तथा समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफल रही महिलाओं में प्रिया पांडेय, क्षमता मिश्रा, निधि मित्रा, प्रिया मिश्रा, नीलम यादव, सीमा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, फ़ातिमा सुल्ताना, आकांक्षा सिंह, ख़ुशी सिंह, अर्चना कौशल, कंचन सारंगी, निधि राजपूत, सदफ़ ख़ान, प्रियंका श्रीवास्तव, भावलीन चावला सहित 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऊषा किरन सिंह, स्मृति शुक्ला का सहयोग सराहनीय रहा।

## एक नजर

### शोभा यात्रा में सजी झांकियों ने लोगों का मन मोहा

**हरदोई।** महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सिविल लाइंस एवं ज्योतिनगर केंद्र द्वारा संचालिका बीके बहन रोशनी के नेतृत्व में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जो शहर के डीएम चौराहे से निकल कर लखनऊ रोड होते हुए ग्रीनसिटी बीके कालोनी, नानकगंज पर समाप्त हुई। इस शोभा यात्रा में अनेक मनमोहक झांकियों का भी आनंद नगरवासियों ने लिया। स्थान स्थान पर नगरवासियों ने शिवजी की आरती भी उतारी। समापन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें आध्यात्मिक नाटक व नृत्य प्रस्तुत किये गए। बीके बहन रोशनी ने शिवरात्रि के महत्व को बताते हुए शुक्रवार को ही मनाए गए महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर बीके बहन शांति, मेजर एसएन यादव, सतीश भाई, एडवोकेट सर्वेश श्रीवास्तव, नीता बहन, अनामिका सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### महादेव बने दूल्हा, बाराती बने देवता और भूत-पिसाच

**पिहानी।** महाशिवरात्रि के महान पर्व पर पर कस्बे में शिव-शक्ति मण्डल के तत्वावधान मे शिव विवाह शोभा यात्रा निकाली गई। इस बीच आस्था और मस्ती का संगम दिखाई दिया। बारात में बाराती बने देवताओं के साथ भूत-पिशाच झूम रहे थे। डीजे की धुन पर शिव भक्तों के जय जय शिव शंभू और हर हर महादेव के उद्घोष वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। शिव बारात बस अड्डा त्रयंवकेश्वर नाथ महादेव मन्दिर से शुरू होकर जूनियर हाई स्कूल के सामने से इच्छापूर्णी माता मन्दिर वाली रोड से होते हुए कटरा बाज़ार, पटवा वाली गली, रौजा गेट, पुरानी पुलिस चौकी से पुराना डाकघर मिश्राना, बाबा मंशानाथ मन्दिर से होते हुए प्राचीनतम प्रसिद्ध नगर के दिव्य एवं भव्य भूरेश्वर महादेव मन्दिर पर पहुंची। रौज़ा गेट पर शोभा यात्रा में विधायक प्रतिनिधि विपिन मिश्रा, लालू हलवाई, जीतू हवाई, धर्मेंद्र, बॉबी गुप्ता, डब्बू गुप्ता, रामेश्वर शर्मा, रामपाल बाबा सब्ज़ी वाले, नितिन पटवा आदि ने भक्तों को फल वितरित किए। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, भाजपा नगर महामंत्री नीरज सिंह, रामदास कटियार, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजेश गुप्ता, कृष्ण मुरारी पाण्डेय, समाजसेवी दुर्गेश पाण्डेय, आदर्श पाण्डेय, श्याम पाण्डेय, सचिन कटियार दीपक कश्यप सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



महाशिवरात्रि पर मल्लावां स्थित सुनासीर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। अमृत विचार



भरखनी क्षेत्र में विवियापुर स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार

# महाशिवरात्रि पर गूंजता रहा बम बम भोले का उद्घोष

## शहर और कस्बों में श्रद्धापूर्वक बनाया गया पर्व, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया

हरदोई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। भोर होते ही श्रद्धालु शिव मंदिर में पहुंचने लगे जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मंदिरों में भीड़ बढ़ती गई। मंदिरों में कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। बिलग्राम में मंशा नाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। मनसा नाथ स्थित मंदिर के साथ श्री राम दरबार में भी भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। बाबा मंशा नाथ मंदिर में क्षेत्र से लेकर आसपास जनपद के लोग भी जलाभिषेक के लिए पहुंचे। मंदिर के आसपास पुलिस भी मौजूद रही। मंदिर परिसर में हर वर्ष की तरह इस बार भी मेला लगा। मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता लगातार भक्तों को दर्शन कराने के लिए लाइन से मंदिर में प्रवेश करा रहे हैं।

मल्लावां में सुनासीर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही देखने को मिली। सुनासीर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए समिति ने वालेंटियर लगा रखे थे। श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष अपनी कतारों में लग कर बम -बम भोले के जयकारों के साथ दर्शन किये। सुबह से ही भीड़ मंदिर में देखने को मिली जैसे -जैसे दोपहर हुई वैसे -वैसे भीड़ बढ़ती रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र सिंह और सीओ सतेन्द्र सिंह ने मेले का जायजा लिया। मेले में महिलाओं ने जमकर खरीददारी भी की। मेला शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भरखनी क्षेत्र के गांव विवियापुर स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोगों ने भोले शंकर पर प्रसाद व जल चढ़कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर कमेटी की तरफ से भंडारे की व्यवस्था की गई। सुरक्षा के लिहाज से पचदेवरा पुलिस पाली पुलिस मंदिर परिसर पर मौजूद रही। व्यवस्थापक मंदिर कमेटी कार्यकर्ता रोहतास सिंह राणा पोलू, जैंनेन्द्र प्रताप सिंह, रोहित सिंह, आकाश सिंह, कुलदीप सिंह, लल्ला सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे। बेनीगंज में भी महाशवरात्रि की धूम रही। शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लग गई। नगर के सभी मन्दिरों को फूल मालाओं से सजाया गया और नगर के पश्चिमेश्वर महादेव मंदिर में विशाल रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियों ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया और भग्गा बाबा शिवालय के साथ नगर के अन्य शिवालयों में दर्शन व पूजन किया।



महाशिवरात्रि के मौके पर नुमाइश चौराहा स्थित शिवभोले मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### आया आया रे त्योहार आया, देखो शिवरात्रि का त्योहार आया

**हरदोई, अमृत विचार।** सारे गांव का दूध मंगा कर नंदी को नहला दो, नदी को नहला दो भोले शंकर को नहला दो, आया आया रे त्योहार आया, देखो शिवरात्रि का त्योहार आया...। इस धुन पर पूरा वातावरण भक्ति मय रहा। मौका था महाशिवरात्रि के पावन पर्व का घरों से लेकर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को सुबह से ही शहर के मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया और बेलपत्र, धतूरा, पुंगी फल, फल, मिष्ठान, पुष्प आदि अर्पित करके जयकारे लगाए। उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक करके भगवान भोलेनाथ से सुख, समृद्धि की कामना की। किसी ने गन्ने के रस तो किसी ने गंगाजल से तो अन्य ने दूध और दही से अभिषेक किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा। प्रमुख रूप से बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा तुरंत नाथ ,मंदिर बाबा सिद्धनाथ मंदिर, जय शिव भोले मंदिर बाबा, नागेश्वर नाथ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री हरदोई बाबा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भोलेनाथ के भक्तों का बोलबाला रहा।



महाशिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

### विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने मिलकर किया महारुद्राभिषेक

**हरदोई, अमृत विचार।** महर्षि विद्या मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर राष्ट्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार महर्षि विश्व शांति आंदोलन के तत्वावधान में महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार गुरु पूजन से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य चक्रेश त्रिपाठी व समस्त विद्यालय परिवार, बच्चों एवं अभिभावकों के साथ महा रुद्राभिषेक में सम्मिलित हुए। महर्षि वेद विज्ञान विश्वविद्यालय पीठ के आचार्य वेदव्यास द्विवेदी ने समस्त अनुष्ठान कार्य संपन्न कराए। समस्त विश्व के लिए सुख व शांति का आशीर्वाद मांगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने महाशिवरात्रि के महत्व व इतिहास पर प्रकाश डाला। बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर महाशिवरात्रि के दिन प्रभु चंद्रशेखर पहली बार शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। ऐसी मान्यता है कि शिव जी का विवाह भी इसी दिन हुआ था।

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की भी बधाई दी। सहस्त्र शिक्षा देवी मंडल की मुख्य सचिव साधना मिश्रा व अध्यक्ष रेनू पाठक एवं अन्य महिला सदस्य और समस्त महिला समाज को शुभकामनाएं दी तथा 2024 की थीम महिलाओं में निवेश प्रगति में तेजी लाएं पर भी प्रकाश डाला। बताया कि यदि घर परिवार व समाज में महिलाएं शिक्षित होगी व आत्मनिर्भर होगी तो संपूर्ण राष्ट्र में खुशहाली व विकास का संचार होगा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर संजय सिंह, अनुज दिक्षित, सर्वेश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, आरती अवस्थी, शर्मिला शुक्ला, भारती सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, आस्था द्विवेदी एवं वैभव दुबे सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का किया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ जय राम गुप्ता, सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया सकल जीव नारायण मानी सेवा करन हेतु हम ठानी संकल्प के तहत शुक्रवार को मौनी बाबा मंदिर महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ बाबा को पूड़ी, सब्जी, हलुआ का भोग लगाकर भंडारे पर का आयोजन किया गया। आगे भी हर माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान अनिल भसीन, रामआसरे रस्तोगी, प्रभु दयाल गुप्ता, संजय मिश्रा, विरजू अग्रवाल, करुणा शंकर त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सावित्री कटियार, रमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सम्मानित की गईं नारी शक्तियां। अमृत विचार

### महिलाओं की समृद्धि व विकास के बिना सभ्य समाज की स्थापना मुश्किल : विमला

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय माहिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू की माता विमला ने पहुंच कर नारी शक्तियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं की समृद्धि और विकास के बिना सभ्य समाज की स्थापना मुश्किल है। बेटियों के बिना घर में अनुशासन संभव नहीं है। बेटियों को अगर समान अवसर मिलें तो वह बेटों से कहीं ज्यादा प्रगति कर सकती हैं। वहीं पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं-बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं। समारोह की आयोजक दीपा विश्वास ने विधायक की माता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेविका वंदना तिवारी, भाजपा के जिला मंत्री मंगतराम अर्कवंशी, मण्डल अध्यक्ष, नीरज गुप्ता, अमित विश्वास, रेनू मिश्रा, कवयित्री स्वाती कुशवाहा बिलग्रामी, आस्था ओमर, बृजकिशोर मौर्या समेत सम्मानित मातृ शक्ति मौजूद रहीं।

### नारी न्याय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** नारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुनीता देवी जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ ने की। इस मौके पर इंडिया गठबंधन के घोषित प्रत्याशी उषा वर्मा पूर्व सांसद प्रत्याशी 31 लोकसभा सुरक्षित ने कहा कि महिलाओं पर भाजपा सरकार में अत्याचार हुए और देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। बैठक सुनीता देवी महिला जिला अध्यक्ष सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को तन मन धन के साथ दिखाने का काम करेगा। इस मौके पर बेबी खान शहर अध्यक्ष महिला, ममता गुप्ता नगर अध्यक्ष पिहानी, कुसुम गौतम, आशा शुक्ला, रेनू वर्मा, शोभा सैनी, मधु वर्मा, शशि वर्मा, रुखसाना बेगम आदि मौजूद रहीं।

**सम्मान** उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं को किया गया सम्मानित

# महिलाओं की भूमिका को सराहा

हरदोई

**अमृत विचार।** औद्योगिक संस्थान कॉन्सेप्ट कार ग्रुप के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लखनऊ रोड स्थित कांसेप्ट शोरूम पर समारोह पूर्वक मनाया गया। कवयित्री सीमा गुप्ता की अध्यक्षता में हुए 'नारी सशक्तिकरण उद्यमिता और कौशल विकास' विषयक सम्मेलन में संस्थान में कार्यरत महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने सम्मानित किया और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की रचनात्मक भूमिका की सराहना की। महिला कर्मचारियों ने भी अपने अपने विचार साझा किये।

विश्व महिला दिवस पर एकत्र हुयी महिलाओं का स्वागत करते हुए कांसेप्ट कार्स ग्रुप के चेयरमैन श्री अग्रवाल ने कहा कि संस्थान में दिनों-दिन महिलाओं की सेवा-सहभागिता की बढ़ोत्तरी हुई है जो संस्थान के विश्वास की पूंजी है। उन्होंने कहा कि संस्थान में कार्यरत पांच दर्जन से अधिक महिलाएं कांसेप्ट कार्स ग्रुप की शक्ति हैं और आज उनकी निष्ठापूर्वक सेवाओं को सम्मानित किया गया है। कवयित्री सीमा गुप्ता ने कहा कि महिलाएं घर-परिवार और कामकाज की दोहरी भूमिका निभाते हुए आगे बढ़ रहीं हैं। उन्होंने अपनी नारी चेतना से जुड़ी कविता से महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा जगायी। श्री सरस्वती सदन हरदोई की लाइब्रेरियन सीमा मिश्र ने सेवा और अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए समय के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि महिलाओं ने अपने परिश्रम और प्रतिभा की बदौलत हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनायी है। उन्होंने कहा कि तमाम अवरोधकों के बाद भी महिलाएं आगे बढ़ीं हैं और अपनी व राष्ट्र की प्रगति के नये सोपान गढ़े हैं। स्वागत संस्थान के महाप्रबंधक प्रवीण सिंह ने सभी का आभार जताया।





महिलाओं को सम्मानित करते चेयरमैन संजीव अग्रवाल। अमृत विचार

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989





**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी ( सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### नाली विवाद में महिला की पिटाई, पुलिस को दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के अल्लाहपुर सैदीखेल में नाली और गंदे पानी की शिकायत करने पर महिला को पीटकर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। शाहाबाद कोतवाली के अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी सूरजा देवी पत्नी मेवाराम ने बताया कि उसका पड़ोसी मुंशी अपने घर का गंदा पानी उसके सहन में गिराता है और नाली निर्माण भी नहीं करता है। शिकायत करने पर आए दिन उसे गाली गलौज करता है। गुरुवार की उसने गंदे पानी की शिकायत की तो मुंशी के पुत्र रजनीश पुत्रियां सीमा, नेहा, रुची और उसकी पत्नी ने उसे मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रिक्शा चालक को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी एक ई रिक्शा चालक ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला खेड़ा बीबी जई निवासी ई-रिक्शा चालक के पिता सलारू ने बताया कि उसका पुत्र शोएब रिक्शा चलाता है। गुरुवार की रात मोहल्ले निवासी प्रमोद का पुत्र और शोभित ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करने लगे, उसकी पत्नी नूरजहां उसे बचाने पहुंची तो विपक्षियों ने उसे भी मारा पीटा।

### फिटनेस दौड़ आज

हरदोई। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र की ओर से शनिवार को प्रत्येक ब्लाक में माय भारत विकसित भारत : नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन कराया जाएगा। जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग की महिलाओं के मध्य 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# मंत्री की फटकार के बाद भी नई बस्ती का नहीं हुआ उद्धार


नाला व नालियां चोक होने से मोहल्ला नई बस्ती की गली में भरा घरों का गंदा पानी। अमृत विचार

हरदोई

**लापरवाही**

- शहर की पंजाबी कॉलोनी के नई बस्ती मोहल्ले में नाला व नालियां चोक
- घर के बाहर गलियों में भरा गंदा पानी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने हाल ही में शहर के पंजाबी कॉलोनी नई बस्ती क्षेत्र में लोगों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां नितिन अग्रवाल को नाले और नालियां चोक मिली थी, जिस पर उन्होंने जिम्मेदारों की फटकार लगाते हुए नाले और नालियों को साफ करने के निर्देश दिए थे। आबकारी मंत्री के निर्देशों का पालन अब तक नगर पालिका के जिम्मेदार नहीं कर पाए हैं।

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड संख्या 14 की नई बस्ती गली नंबर 4 लगातार अपनी बदहाली के आंसू बहा रही है। यह गली अधिकांश समय तालाब में तब्दील रहती है। ऐसे में इस गली से निकलने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा समस्या का सामना स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं व नौकरी पेशा लोगों को करना पड़ता है। लगातार मोहल्ले वासियों द्वारा नगर पालिका के उच्च अधिकारियों से इस बाबत शिकायत की गई, लेकिन शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों पर इसका कोई भी असर नहीं देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर नई बस्ती की गली संख्या 4 जो कि वार्ड संख्या 14 में आती है उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखने पर ऐसा प्रतीत होता है की गली नहीं यह कोई तालाब हो लेकिन वास्तविकता यह है कि यह गली है। प्रतिदिन इस गली से सैकड़ो लोगों का आवागमन भी होता है इस गली में नालियां चौक है। ऐसे में घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर भरा रहता है। कई बार मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों को नालियों के जीर्णोद्धार व सड़क के निर्माण को करने की मांग की है लेकिन ना ही नगर पालिका के जिम्मेदारों पर इसका कोई असर पड़ा और न ही वार्ड के जनप्रतिनिधि का इस गली में रहने वाले लोगो की समस्या नज़र आई। मोहल्ले वासी नगर पालिका की लापरवाही का दंश झेल रहे है। एक और जहां नगर को स्वच्छ बनाने के दावे किए जाते हैं वहीं इस गली में आते ही नगर पालिका के सारे दावे हवा हवाई हो जाते हैं। नगर पालिका की पोल नई बस्ती की गली संख्या 4 खोल रही है।

**मोहल्लेवासी लोकसभा चुनाव में नहीं करेंगे मतदान**

मोहल्ले वासियों ने बताया कि कई बार जलभराव की समस्या नगर पालिका के उच्च अधिकारियों व पालिका अध्यक्ष तक पहुंचाई गई है, लेकिन फिर भी अब तक कोई भी राहत नहीं मिली है। मोहल्ले वासियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव होने को है ऐसे में वह मतदान नहीं करेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या नगर पालिका से लेकर जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र के लोगों की समस्या का कोई असर देखने को मिलेगा या यूं ही मोहल्ले वासी इस समस्या से जूझते रहेंगे।

## दिव्यांग ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी दिव्यांग ने दबंगों पर मारपीट करने और जान माल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा करने की गुहार की है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी दिव्यांग कमल किशोर उर्फ बड़का के अनुसार धर्मेश, विमल मोहन, श्यामू निवासी ग्राम बैजूपुर थाना पाली, श्याम ग्राम परसई थाना मझिला, विनोद पुत्र कल्लू कपूरापुर जमीन को लेकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं। कमल किशोर के अनुसार वह कई बार मझिला थाना में उपरोक्त दबंगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे चुका है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# पांच ट्रैक्टर-ट्राली व 31 ई-रिक्शा किए सीज

## मनाही के बावजूद महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को ले जाना पड़ा भारी, नाबालिग भी चला रहे वाहन

हरदोई

**अमृत विचार।** सख्ती के बाद भी ट्रैक्टर-ट्राली पर सवारियां ढोने का सिलसिला थम नहीं रहा है। ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गंगा स्नान व मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। उसी बीच नज़रे गड़ाए बैठी ट्रैफिक पुलिस व परिवहन की टीम ने उन्हे दबोच लिया। इस दौरान पांच ट्रैक्टर, साथ ही बच्चे और किशोर के हाथों चलते मिले 31 ई-रिक्शे सीज़ कर दिए गए।

एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने महाशिवरात्रि पर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट कर रखा था। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए थे। उसी के तहत एआरटीओ, एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रभारी ने मिलकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 5 ट्रैक्टर ड्राइवरों के ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियां होने पर उन्हे सीज़ किया गया। वहीं 31 ई-रिक्शे, जिन्हे बच्चे या फिर किशोर चला रहे थे, को भी सीज़ किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सीज़ किए गए ट्रैक्टर-ट्राली या फिर ई-रिक्शे पर सवार श्रद्धालुओं को दूसरी गाड़ियों से रवाना किया।


यातायात नियमों की अवहेलना करने पर ट्रैक्टर-ट्राली को सीज करती पुलिस।

**जगह-जगह वाहन चालकों को किया गया जागरूक**

अभियान के दौरान शहर के सिनेमा चौराहा, लखनऊ चुंगी, नुमाइश चौराहा, पिहानी चुंगी व जिंदपीर चौराहा पर दो पहिया गाड़ियों पर बिना हेलमेट चार पहिया गाड़ियों पर बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड जैसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न करने के लिए जागरूक किया गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से पति-पत्नी घायल

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम चौराहा के निकट कानपुर रोड पर पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस ने मोटर साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसमें दंपति घायल हो गए। कृष्ण चंद्र निवास बरगांवा पत्नी रागिनी को बाइक से लेकर बिलग्राम आये थे। बिलग्राम स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास शाहजहांपुर हरदोई रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से बिलग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से कृष्ण चंद्र को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि दोनों के सिर में चोट आई है।

# फसल देखने खेत गए दामाद की ससुराल में मौत, कोहराम

हरदोई

**अमृत विचार।** ससुराल आए दामाद फसल देखने खेत पर गया, जहां उसकी हालत बिगड़ गई। इसका पता होते ही उसकी ससुराल वाले ले कर सीएचसी पहुंचनें वाले थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसकी ससुराल में मातम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि सीतापुर ज़िले के कुंवरपुर थाना अटरिया निवासी 44 वर्षीय जब्बार पुत्र कल्लू की अतरौली में रज़ा अली के घर ससुराल है। बताते है कि जब्बार गुरुवार को अपनी ससुराल आया हुआ था, शाम को फसल देखने वहीं खेत पर गया हुआ था, वहां पहुंचते ही उसकी तबियत बिगड़ गई। आस-पास के खेतों में मौजूद लोगों ने उसके मुंह से झाग निकलते देखा और इस बारे में उसके ससुराल वालों को बताया। पता होते ही ससुराल वाले दौड़ पड़े और इलाज के लिए उसे ले कर सीएचसी पहुंचने ही वाले थे, लेकर उसी बीच उसकी मौत हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि जब्बार ने कोई ज़हरीली चीज़ खा कर आत्महत्या की, जबकि उसके घर वाले ऐसी किसी तरह की बात से फिलहाल साफ इंकार कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है।

# कोतवाली परिसर में कुकुर्म की जांच से खड़े किए हाथ

हरदोई

**अमृत विचार।** 10 फरवरी को पुलिस अफसरों की तथाकथित क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी के आरोपी को देहात कोतवाली में बुलाकर पूछताछ की थी। उसके बाद इस टीम पर बाहर से लड़के बुलवाकर देहात कोतवाली परिसर में कुकर्म का आरोप लगाया गया था। उस मामले में अमन और सुमित के अलावा अज्ञात क्राइम ब्रांच की टीम के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद देहात कोतवाल ने इस मामले में हाथ खड़े कर दिए है। उन्होंने सीओ सिटी को पत्र भेजकर यह विवेचना किसी और थाने से करवाये जाने की मांग की है।

7 फरवरी को लखनऊ के बुद्धेश्वर से कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार के मैरिज लॉन में बारात आई हुई थी। द्वारचार के दौरान दूल्हे आलोक तिवारी के पिता कृष्ण कुमार तिवारी वहां खड़े हुए थे उसी बीच एक लुटेरा उनके हाथ से बैग लूट कर भागा बारातियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया, उसी बीच लुटेरे ने बैग अपने दूसरे साथी को थमा दिया और वह बैग ले कर भाग गया। इधर बारातियों ने पकड़े गए लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी।

## कम्पाइंड मशीन मिस्त्री की हार्टअटैक से मौत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। पंजाब के कम्पाइंड मिस्त्री की हृदय गति रुकने से मौत हो गईं। घटना की जानकारी स्वजनों को मिली तो पूरे घर में कोहराम मच गया। शुक्रवार को नौसझिया मजरा मटियामऊ निवासी प्रमोद पुत्र कन्हैया लाल की कम्पाइंड मशीन बनाने के लिए पंजाब प्रान्त के मोगां जनपद के फूले बाढ़ा निवासी नरवैर सिंह नैरी 45 वर्ष जो एक सप्ताह पूर्व आया था, ऐसे में प्रतिदिन खराब मशीन को सही करने का काम कर रहा था। तभी शुक्रवार को 12 बजे के बाद चाय पीने के बाद अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गईं। मृतक के साथ उसका भतीजा भी काम करता था। घटना की सूचना परिजनों को दी तो पूरे घर में सन्नाटा पसर गया।

# नकदी और सामान ले गए चोर

हरदोई

**अमृत विचार।** कछौना कोतवाली क्षेत्र के तहत चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। एक पखवाड़े में कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें से पुलिस को एक चोरी का खुलासा करने में सफलता मिली। अज्ञात चोरों ने बीती रात बालामऊ गांव में एक ही रात में चार घरों में घुसे, तीन घरों में लोगों के जाग जाने के कारण चोरी नहीं कर सकें। वहीं एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिनमें से लाखों की ज्वेलरी व पांच हजार नकदी की चोरी होने की सूचना है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बालामऊ में बीती रात को अज्ञात चोरों ने निगम पुत्र रामशंकर के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इनके घरों से पांच जोड़ी पायल, तीन सोने की अगूंठी, बास्केट बाली सोने की व कटिया सोने की, दो कम्बल व पांच हजार रुपये की नकदी की पीड़ित के अनुसार अनुमति कीमत डेढ़ लाख रुपयों की चोरी को अंजाम दिया। वही तीन अन्य घरों में लोगों को जाग जाने के कारण वहां से फरार हो गए। इसी बीच एक महिला के शोर मचाने पर चोरों ने उसे धक्का लगा दिया, जिससे उसका हाथ फैक्चर हो गया है। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। एक पखवाड़े में कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें से पुलिस को एक चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता मिली। शिथिलता के कारण चोरों पर प्रभावी कार्यवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं।


चोरी की घटना बताती पीड़िता।

## सार-संक्षेप

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज संपन्न

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पुरानी गल्ला मंडी स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस मौके पर एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और इमाम मकसूद हुसैन से बात करते हुए गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील की। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और एसडीएम पूनम भास्कर जामा मस्जिद पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और इमाम जामा मस्जिद से गुफ्तगू करते हुए गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील की। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और इमाम से आवश्यक जानकारियां ली। क्षेत्राधिकारी ने इमाम से कहा सरकार की गाइडलाइन है की लाउडस्पीकर की आवाज कैंपस के अंदर होनी चाहिए। रमजान के वक्त होने वाली अजान के वक्त लाउडस्पीकर की आवाज धीमी रखें और प्रशासन का सहयोग करें। एसडीएम पूनम भास्कर ने पानी वगैरह की दिक्कतों के बारे में इमाम से जानकारी ली। बताया कि अगर पानी की किसी तरह से कोई किल्लत हो तो वहां पर नगर पालिका प्रशासन से टैंकर की व्यवस्था कर दी जाए। इमाम ने बताया मस्जिद कैंपस में पानी की पर्याप्त व्यवस्था है।

### दो दिन बूथ पर पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। चुनाव आयोग पूरी तरह से चुनाव कराने के लिए तैयारी करने में जुटा है। इसी क्रम में मतदाता सूची में वोट बढ़ाने का कार्य चल रहा है। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के समस्त पोलिंग बूथों पर नौ और 10 मार्च को मतदाता सूची बीएलओ द्वारा पढ़कर सुनाई जाएगी। इस मौके पर समस्त क्षेत्रीय मतदाता अपने-अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाता सूची का परीक्षण कर सकते हैं और अपने नाम बढ़वा सकते हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए उप जिला अधिकारी सुश्री पूनम भास्कर ने बताया सभी मतदाता पोलिंग बूथ पर जाकर अपने एवं अपने परिवार के नाम चेक कर लें। अगर उनके नाम नहीं बढ़े हैं तो अपने परिवार के सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट में बढ़वा लें। उन्होंने बताया समस्त पोलिंग बूथ पर 9 व 10 मार्च को बीएलओ मौजूद रहेंगे और मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी।

### शैक्षिक भ्रमण पर निकले बीएड के प्रशिक्षु

हरदोई, अमृत विचार। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम हुआ। शिक्षकों ने काशी के आसपास के परंपरागत रोजगार को विकसित करने के लिए निर्मित ट्रेड फैसिलिटी सेंटर वाराणसी का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय कलाओं जैसे हथकरघा बांस से बने फर्नीचर, साड़ियों के निर्माण चमड़े के उद्योग से जुड़ी विशेषताओं को समझने का प्रयास किया। वं केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापारिक संवर्धन के प्रयास एवं प्रभाव को समझने की कोशिश की। दीनदयाल उपाध्याय संकुल में प्रशिक्षुओं ने व्यापारियों से मुलाकात की एवं स्थानीय स्तर पर लघु कुटीर एवं गृह उद्योगों के विकास से जुड़ी बारीकियां पर चर्चा की। प्रशिक्षुओं ने प्रथम दिन सारनाथ स्थित बौद्ध मठ, विहार इत्यादि के अवशेषों का अवलोकन किया। उस कालखंड के इतिहास एवं उसके सामाजिक प्रभाव पर चर्चा की। छात्र-छात्राओं ने पूर्वी एशिया के देशों से आए बौद्ध धर्म के अनुयायिओं एवं बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की।

### कलेक्ट्रेट परिसर तम्बाकू प्रयोग निषिद्ध क्षेत्र घोषित

हरदोई, अमृत विचार। नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न न्यायालय संचालित होने के साथ ही साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठकें आयोजित होने के दृष्टिगत सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर को साइलेन्स जोन तथा तम्बाकू प्रयोग निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि प्रसारित करने, किसी प्रकार की आतिशबाजी, नारेबाजी, ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग करने साथ ही साथ पान, सिगरेट तथा अन्य मादक पदार्थों का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबन्धित किया जाता है। दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया जायेगा। इसका दायित्व सम्बन्धित पर होगा।

### ऑटो से टकरा कर ज़ख्मी हुए बाइक सवार की मौत

हरदोई, अमृत विचार। ज़रूरी काम से जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे वह ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए लाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। गुरुवार को मझिला थाने के गोटिया गांव निवासी 22 वर्षीय मायाराम पुत्र रामबक्स अपनी बाइक से पिहानी जा रहा था। जैसा कि बताया गया है कि पिहानी पहुंचने से पहले ही वहीं की गोपामऊ चुंगी पर सामने से आ रहे ऑटो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे मायाराम बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, हादसे होते देख लोगों की भीड़ उसकी तरफ दौड़ पड़ी। उसी बीच वहां पहुंची पुलिस ने उसे उठा कर सीएचसी पहुंचाया, जहां के डाक्टरों ने हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। ज़ख्मी बाइक सवार को मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। मायाराम की हादसे में मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर वालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है। सड़क हादसे का शिकार हुए मायाराम की शादी पिछले साल हरियावां थाने के मरई निवासी सुरेश की पुत्री सुख देवी के साथ हुई थी। घर वालों के मुताबिक शादी के बाद दोनों काफी खुश थे, लेकिन उसी बीच हुए हादसे से सुख देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

# गहरे से और भी गहरा होगा, चलो जी लेते हैं

हरदोई

**अमृत विचार।** सामाजिक समरसता व साहित्य के संगम कहे जाने वाले कैलाश नारायण की 84वीं जयंती पर क्षत्रिय भवन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। इस दौरान आए हुए साहित्यकारों को माला, शाल और प्रतीक चिन्ह देते हुए उन्हे सम्मानित किया गया। उसी बीच सुकवि अभिनव दीक्षित की आने वाली पुस्तक 'चलो जी लेते है' के कवर पेज का अनावरण किया गया।

कैलाश नारायण के पुत्र धरती रमन दीक्षित, आशुतोष दीक्षित व अभिनव दीक्षित ने काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार बृजराज सिंह तोमर व संचालन कवि राजकुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी साहित्यकारों को माला, शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सुकवि अभिनव दीक्षित की आने वाली पुस्तक 'चलो जी लेते हैं' के कवर पेज का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में सतीश चन्द्र शुक्ल, डा. ब्रह्म स्वरूप पाण्डेय, मदन मोहन पाण्डेय, अभिनव मिश्रा, निशा नाथ अवस्थी 'निशंक' ईश्वर चन्द्र वर्मा, श्रवण मिश्र, श्याम त्रिवेदी पंकज, राजेश बाबू, पंकज अवस्थी, शोभित तोमर, करुणेश दीक्षित, उदय राज सिंह, कु गौरी मिश्रा, धीरज श्रीवास्तव चित्रांश, विमल शुक्ल, सुशील चंद्र वर्मा, मनीष मिश्र, अंकित काव्यांश, पवन प्रगीत आदि कवि व साहित्यकार मौजूद रहे।



कैलाश नारायण की 84वीं जयंती पर आयोजित काव्यांजलि में सम्मानित साहित्यकार। अमृत विचार

# मामूली विवाद में युवक की हत्या के तीन आरोपी दबोचे

हरदोई

**फॉलोअप**

**अमृत विचार।** साण्डी पुलिस ने बाइक ओवरटेक करने पर विवाद के बाद युवक को पीटने और सिर कुचल कर हत्या करने में तीन आरोपियों को दबोच लिया। साथ उनकी निशानदेही पर सिर कुचलने वाली ईंट और पिटाई करने वाले डंडे को भी बरामद कर लिया है।

साण्डी कस्बे के मोहल्ला काज़ीटोला निवासी कैलाश का तालेपुरवा गांव में खेत है। वह बीते 6 मार्च को गांव में अपने खेत की फसल देखने गया था। वहीं पर बाइक सवार साण्डी थाने के छिबरामऊ निवासी ऋषभ सिंह, अभिषेक सिंह व बलबीर सिंह अपने दो साथियों की बाइक ओवरटेक करने पर कहासुनी के बीच लूज़ टाकिंग पर कमेंटबाज़ी शुरु हो गई। बस इसी बात पर बाइक सवार हमलावरों ने कैलाश को खींच कर उस पर खेत की बाड़ में लगी बल्ली से हमला कर दिया। फिर ईंट से उसका सिर कुचल दिया, बुरी तरह ज़ख्मी हुए कैलाश को सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई थी।

# चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

हरदोई

**अमृत विचार।** सवायजपुर विधानसभा की चुनाव संचालन समिति की बैठक में पहुंचें सांसद जयप्रकाश ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पूरी ईमानदारी और मेहनत से चुनाव की तैयारी में जुट जाए। इस बीच उन्होंने चुनाव की रणनीति और बूथ प्रबंधन पर चर्चा की।

चुनाव संचालन समिति की बैठक में लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे और लोकसभा संयोजक प्रीतेश दीक्षित के साथ सांसद जयप्रकाश ने मौजूद रहकर लोकसभा चुनाव की रणनीति व बूथ प्रबंधन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आवाहन किया कि चुनाव में वे पूरी मेहनत और ज़िम्मेदारी से जुट जाएं और लोगों के साथ संवाद कर भाजपा सरकार के कार्यों के बारे में उन्हे बताए। इस बीच सवायजपुर विधानसभा प्रभारी विनोद राठौर, विधानसभा संयोजक आलोक शुक्ला, राकेश मिश्रा, अतुल सिंह, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा व दिनेश पाल सहित मण्डल अध्यक्ष और चुनाव संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे।


चुनाव संचालन समिति की बैठक में भाजपा सांसद व कार्यकर्ता। अमृत विचार



## सर्व समाज का कल्याण कर रही है सरकार : अफरोज़

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके कल्याण की योजनाएं चला रही है, ताकि समाज का हर वर्ग आत्मनिर्भर बन सके। कस्बे में हसन ताहिर के आवास पर हुई बैठक में पहुंचें अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अफरोज़ खान के सामने तमाम समस्याएं रखी गई। जिस पर उन्होंनें कहा कि सरकार हर समस्या के निदान के लिए पूरा ध्यान दे रही है। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्री खान ने कस्बे में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। बैठक का आयोजन शौज़ब ज़ैदी ने किया। बैठक में शामिल हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं गिनाईं। जिस पर उन्होनें हर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## विकसित भारत मोदी की गारंटी प्रचार वाहन को किया रवाना

हरदोई, अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। इस अवसर पर मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसके मूल में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक विकास से जोड़ने का लक्ष्य है। देश आज जिस रफ्तार से आर्थिक विकास की यात्रा कर रहा है, वह दिन दूर नहीं जब विश्व बिरादरी की अगुवाई भारत के हाथ में होगी।


शहर में शोभायात्रा के दौरान सिर पर कलश लेकर जातीं महिलाएं।


शोभायात्रा के दौरान शिव-पार्वती के स्वरूप में बैठे बच्चे।


श्यामनाथ मंदिर में शिव के जलाभिषेक के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़। अमृत विचार

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, दूध व जल से किया जलाभिषेक

## शिव बरात निकाली गई, भंडारे का आयोजन, सुबह से मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले में शिवभक्तों ने महाशिवरात्रि पर्व भक्ती श्रध्दा उल्लास उमंग के साथ मनाया। शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में भोर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान आदि करा भगवान शिव को जल दूध बेल पत्र भांग धतूरा पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं ने व्रत रख शिव बारात निकालकर मंदिरों में रुद्राभिषेक भी किया गया। महाशिवरात्रि महापर्व फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन भक्त भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष उपासना करते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और मां पार्वती विवाह के बंधंन में बंधे थे।


मंदिर में दूध और जल से शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

प्राचीनतम शिवमंदिर बाबा श्यामनाथ मंदिर में भोर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी रही। पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर ही श्यामनाथ मंदिर में जल और दूध से शिवा का जलाभिषेक किया। तरीनपुर स्थित ताड़कनाथ मंदिर, पुलिस लाइन स्थित जंगली नाथ मंदिर आरएमपी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, होली नगर स्थित विश्वनाथमन्दिर, जेल रोड स्थित शिवगायत्री मंदिर समेत शहर में स्थित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा अर्चना की। कई शिव मंदिरों में ठंडाई वा भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालओ ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहर के पुलिस लाइन स्थित बाबा जंगली नाथ मंदिर एवं जेल रोड स्थित शिव गायत्री मंदिर में शाम के समय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य सामग्रियों के साथ-साथ खेल खिलौने और झूले भी लगे। लोगों ने खाद्य सामग्री एवं खेल खिलौने की खरीदारी की। कलाकारों के द्वारा भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए। उन भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नाचते दिखाई दिए।

### त्रिमूर्ति शिवरात्रि महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में झाकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**सीतापुर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवशंकर, राधे कृष्ण सहित लक्ष्मी नारायण की झांकी शामिल रही। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिव ध्वज लेकर अगुवाई की और माताओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुयी। शोभायात्रा मुख्य कार्यालय से स्टेशन रोड होते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहा, घंटाघर लालबाग चौराहा होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मार्ग से निकलकर लोहार बाग होते हुए आर्य नगर स्थित ब्रह्माकुमारी मुख्यालय पर यात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के उपरान्त कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को कार्यक्रम के उपलक्ष में बताते हुए कहा गया कि महाशिवरात्रि का महापर्व या सभी पर्वों से महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा की दिव्या ष्का यादगार महापर्व है। परमात्मा के गीत में वर्जित महा वाक्यों के अनुसार वर्तमान में वही समय नई सृष्टि के सजन का संधि काल चल रहा है। इससे सृष्टि के सृजन करता स्वयं नव सृजन की पटकथा लिख रहे हैं वह इस धरा पर आकर मानव के देव सामान स्वरूप में खुद को ढालने का गुरु मंत्र राजयोग सीखा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात दुनिया कि यह सबसे बड़ी और महान घटना बहुत ही गुप्त रूप से व्यवस्थित हो रही है। वक्त की नजाकत के देखते हुए जिन्होंने इस महा परिवर्तन को भाप लिया। वहां वह निराकार परमात्मा की भुजा बनाकर संयम के पद पर बढ़ते जा रहे हैं। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध है और गली-गली में शिवालय बने हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वहां परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आए थे।



### हाथी, रथबग्घी पर सवार श्रद्धालुओं ने की जय-जयकार

**सिधौली।** सिधौली नगर पंचायत शुक्रवार को शिव की आस्था के रंग में सराबोर दिखा। पूरा नगर हर्षोल्लास में डूबा नजर आया। चारों तरफ शिव के जयकारे सुनाई दे रहे थे। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर पंचायत में शिव बारात शोभायात्रा निकाली गई। शिव बारात शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से हुआ। हजारों की संख्या में राजनीतिक और गैर राजनीतिक, समाजसेवी धर्म प्रेमी जनता हर हर महादेव का उद्घोष कर रही थी।

हाथी, रथबग्घी, बैण्ड बाजा, डीजे, ढोल, के साथ, कलाकारों के द्वारा शिव-पार्वती, काली माता, भूत-प्रेत, पिशाच, आदि झांकियों लोगों को खूब भायी। डीजे के धुन पर नाचते थिरकते शिव भक्त हजारों की संख्या में आगे बढ़ रहे थे भजन कीर्तन पार्टी द्वारा रास्ते भर शिव शंकर भोलेनाथ के भजनों की धुन सुनाई दे रही थी। शिव बारात शोभायात्रा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से निकलकर मिश्रिख मार्ग से बिसवां चैराहा होकर जीटी रोड होते हुए महमूदाबाद चैराहा पहुंची। जगह-जगह शिव बारात शोभायात्रा का स्वागत हुआ लोगों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। कई जगह धर्म प्रेमियों ने भगवान शंकर की पूजा अर्चना भी की। जैसे-जैसे बारात शोभायात्रा आगे बढ़ती गई वैसे-वैसे लोग शोभायात्रा में जुड़ते चले गए। शोभायात्रा को लेकर धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर भंडारे का भी आयोजन किया। शोभायात्रा निकालने से पहले शिव भक्तों ने श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर जलाअभिषेक कर शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, फल, भांग, दूध, मेवा, धतूरा, चंदन, शमी आदि चढ़ाकर पूजन किया। शोभायात्रा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से आरंभ होकर बिसवां चैराहा, महमूदाबाद चैराहा, तहसील रोड होते हुए श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, श्री सिद्धेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्र, प्रबंधक परमहंस स्वामी प्रकाशानन्द सरस्वती फलाहारी बाबा, महामंत्री रघुबर दयाल शुक्ल, रामआसरे पाण्डेय, ललित मिश्रा, कमलेश कुमार कटियार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय, महामंत्री अनूप श्रीवास्तव, पुष्कर गुप्ता, प्रशान्त तिवारी, राम पाल भार्गव, पीयूष शुक्ल, मनीष पांडेय, सभासद दिग्विजय शुक्ल मुन्नन, देवीदयाल राठौर, अतुल तिवारी, विजय रावत, प्रेम, आलोक तिवारी टिंकल सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुये। पुलिस-प्रशासन में सिधौली क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद, कोतवाली प्रभारी अरविंद व ड्यूटी में लगे पुलिस बल का भी सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### धूमधाम से निकाली गई शिव बरात

**बिसवां।** बड़े चौराहे पर स्थित पत्थर शिवाला मंदिर को फूलों व बिजली की झालरों से सजाया गया। सुबह से भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ रही थी। बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने भव्य शिव बारात निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई शीतला देवी मंदिर पर पहुंची। फिर वहां से पत्थर शिवाला मंदिर पर उसका प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। शिव बारात का मुख्य आकर्षण झांकी और सजीव भेष में बाबा भोलेनाथ रहे। पत्थर शिवाले के भव्य आयोजन मे निशांत वर्माअनिमेष नाग, अमन बाजपेयी, मनोज वर्मा, तनुज मिश्रा, विशाल मिश्रादीपक रस्तोगी, शुभम नाग, समीर गुप्ता, शक्ति वर्मा, गौरव श्रीवास्तव सहित शिव भक्तों ने योगदान दिया। इसके अतिरिक्त खम्भेश्वर मंदिर, दुर्गेश्वर नाथ मंदिर, सहित नगर के विभिन्न मंदिरों पर भव्य सजावट व प्रसाद वितरण किया गया। जगह जगह भव्य आयोजनों से पूरा नगर भोलेमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में काफी पुलिस बल मौजूद रहा।

### ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंजे शिवालय

**रामपुर मथुरा।** हर हर महादेव ओम नमः शिवाय के जय कारों से प्राचीन मंदिर व शिवालय गूंज उठे। रामपुर मथुरा क्षेत्र में स्थित मुरलीधर मंदिर, गुमानेश्वर मंदिर, बुढ़वा बाबा मंदिर, मां कालिका देवी मंदिर, क्षेत्र के हर जगह शिव मंदिरों में सुबह से आस्था का सैलाब देखने को मिला जगह-जगह पर ऊं नमः शिवाय हर हर महादेव के जयकारों से गूंजायमान हो रहा था। मां शारदे विद्या मंदिर में 24 घंटे का नमः शिवाय का जाप किया गया। कई जगहों पर लोगों ने अपने घरों में नमः शिवाय का जाप व रुद्राभिषेक किया। रामपुर मथुरा स्थित गुमनेश्वर मंदिर में राज परिवार द्वारा आज भंडारे का आयोजन करवाया जा रहा है। मुख्य रूप से सांसद राजेश वर्मा पूर्व प्रमुख सवितेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, फुल्ला सिंह, छोटेलाल मिश्रा, जितेंद्र सिंह, बउर सिंह, बबलू सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, जीत सिंह, विक्कू अवस्थी आदि सैकड़ों उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने भोले शंकर का किया रुद्राभिषेक

**लहरपुर।** विभिन्न शिव मंदिरों में प्रातः काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रसिद्ध बाबा जंगली नाथ मंदिर, सूर्यकुंड मंदिर, दयालु बाबा मंदिर, ओंकारेश्वर महादेव, अनामि ज्योति आश्रम स्थित सतेश्वर महादेव, कुंदेश्वर महादेव, भोलिया बाबा मंदिर में भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना कर मंदिरों को सजाया गया व रुद्राभिषेक किया गया, सुबह से ही श्रद्धालुओं का विभिन्न मंदिरों में तांता लगा रहा। ओंकारेश्वर मंदिर में विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर खतराना चौराहा से भोलिया बाबा मंदिर प्रांगण तक पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया।

# तुरंतनाथेश्वर मंदिर से निकली कलश यात्रा


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** सांडा में किवानी नदी के तट पर स्थित मुगलकालीन तुरंतनाथेश्वर भगवान शिव के मंदिर में प्रति वर्ष की भांति 21वें महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर से महिला, पुरुष युवाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में शिव भक्तों ने शाहपुर के निकट घघरा किवानी नदी के तट से जल भरकर पुनः वापस आकर शिव का जलाभिषेक किया। कलश यात्रा में शामिल शिव भक्तों शिव धुन पर गुलाल उड़ाते हुए खूब थिरके। मंदिर परिसर में तीन दिवसीय वृंदावन के रास मंडल के द्वारा रासलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन त्यागी बाबा देवस्थान समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान मोलहे राम, ज्ञानेंद्र मिश्रा, दिनेश गुप्ता, श्रवण, विशाल गुप्ता, रवि सैनी, रामजी गुप्ता, नत्थाराम, मोनू आदि के साथ-साथ भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीसीएम पलटी, चालक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में शुक्रवार की सुबह फलों से भरी डीसीएम पलटने से चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी का गंभीर हालत में इलाज जारी है। हादसा उस वक्त हुआ जब डीसीएम फलों को लेकर नासिक से नेपाल जा रही थी। रास्ते में ओवरटेक के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली को बचाने के उद्देश्य से अनियंत्रित डीसीएम दो टेम्पों में टक्कर मारती हुई सड़क किनारे पलट गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई शुरू कर दी है।

नासिक से नेपाल जा रही डीसीएम संख्या यूपी 34 बी 8725 फल की टोकरियां लेकर जा रही थी। शुक्रवार सुबह डीसीएम जब बहराइच-सीतापुर मार्ग पर जहांगीराबाद कस्बे के पास पहुंची, तो इस दौरान सामने आ रहे लकड़ियों से लदी ओवरटेक ट्रैक्टर ट्रॉली को बचाने के चलते सड़क किनारे खड़े दो टेम्पों को डीसीएम टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गई। दर्दनाक हादसे में दो टेम्पों क्षतिग्रस्त हो गये, जबकि डीसीएम में सवार चालक रंजीत पुत्र प्यारे लाल निवासी कमलापुर और खलासी रोहित पुत्र शंकर निवासी तंबौर दोनो डीसीएम पलटने से दब गये। स्थानीय लोगो ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से डीसीएम को उठवाकर चालक और खलासी को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि खलासी का उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि डीसीएम सहित अन्य वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्यवाई की जायेगी।


हादसे के बाद पलटी डीसीएम। अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**कमलापुर।** हरदोई जनपद के अतरौली निवासी सचिन अपने साथी छोटकन्ने क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी रामखेलावन पुत्र कुन्हा के वहां निजी काम से आये थे। शुक्रवार की शाम सुरैचा बाजार से वह सभी सामान लेकर मोटरसाइकिल से बसंतपुर वापस हो रहे थे। नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अतरौली निवासी छोटकन्ने की मौत हो गई। जबकि बसंतपुर निवासी रामखेलावन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में सचिन को भी साधारण चोटे आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।

## सार-संक्षेप

### बम बम भोले के नारों से गूंज उठा नगर


चौराहे पर निकली शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**महमूदाबाद।** नंदी सवार भगवान शिव शंकर की झांकी के साथ शिव परिवार की झांकियों व उनके गणों के स्वरूप में सजे बच्चों की आकर्षक शिव बारात ठठेरी बाजार से निकाली गई। बारात में सैकड़ों लोग भारतीय वेशभूषा में सम्मिलित हुए। नगर भ्रमण के बाद शिव मंदिर के सम्मुख शिव जी का विवाह पार्वती जी के साथ विधानाचार्य पंडित राजेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के ठठेरी बाजार स्थित शिव मंदिर से भक्तों ने सायं करीब पांच बजे से बैंड-बाजों व रोड लाइट के साथ धूम-धाम से शिव बारात निकली। शिव जी की बारात लगभग शाम पांच बजे ठठेरी बाजार से बजाजा, रामकुंड, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप चैराहा से होकर चिकमंडी होते हुए तहसील, स्टेट बैंक से संकटा देवी मंदिर पहुंची। शिव बारात में शामिल झाकियों में नंदी पर सवार भगवान शंकर, राम लक्ष्मण, पार्वती, महाकाल, नंदी आदि शामिल रहीं, जिनको दर्शकों ने काफी सराहा। शिव बारात में अघोरी व गणों की अद्भुत वेशभूषा व अभिनय क्षमता को देख दर्शक काफी मंत्रमुग्ध हुए। यहां से वापस हुई शिव बारात जब ठठेरी शिवाला पहुंची तो विधानाचार्य पंडित राजेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू पंडित ने आयोजक सुजीत रस्तोगी, मनोज शुक्ल, रजत अग्रवाल अखिलेश गुप्ता, रोशन गुप्ता व अन्य से वैवाहिक विधान संपन्न कराया। बारात की सुरक्षा में कोतवाल अनिल सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस मुस्तैद रही।

### अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने सड़कों पर किया फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च की अगुवाई करतीं प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट जाहिद फरहीन व सीओ सिटी अमन सिंह।

**सीतापुर।** शहर के अतिसंवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर पुलिस ने चुनाव और त्यौहारों पर लोगो से शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट जाहिद फरहीन और सीओ सिटी अमन सिंह के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर से शुरू हुआ फ्लैग शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के लिए तैयार किये गये एरिया डोमिनेशन रुट चार्ट के अनुरूप पुलिस शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाको जैसे पुराना सीतापुर स्थित, मोहल्ला कोर्ट, काजियारा, मन्नी चैराहा सहित अन्य मोहल्लों में जाकर पुलिस फोर्स ने पैदल ही सड़कों पर निकलकर आम नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। अर्धसैनिक बलों के बूटों की आवाज से लोग सहमे हुए नजर आये है। फ्लैग मार्च के उपरान्त सीओ सिटी अमन सिंह और प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट जाहिद फरहीन ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में एरिया डोमिनेशन किया है।

**मुहिम** | यातायात जागरूकता की एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# अब नहीं चल पाएंगे विद्यालयों के अनफिट वाहन

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकेटेश्वर लू की अध्यक्षता में नैमिषारण्य मीटिंग हाल, सत्संग भवन के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रमुख सचिव ने सभी सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों से सड़क दुर्घटना के नियंत्रण व बचाव के उपायों पर की गई जागरूकता की एक-एक कर समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्घटनाग्रस्त को उपचार व सहायता के लिए त्वरित रिस्पांस टीम सक्रिय है, सीएचसी व पीएचसी पर जो आवश्यक उपकरण अभी नहीं है, उनके लिए शासन को पत्राचार कर दिया गया है। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि नैमिषारण्य आने वाले आगंतुक व पर्यटक यहां आए तो उन्हें तीर्थों तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, वो जब भी वापस जायें तो नैमिषारण्य तीर्थ नगरी के प्रति एक अच्छी छवि लेकर जायें।



एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी माला बाजपाई ने बताया कि जब बच्चे अनफिट गाड़ी में होते हैं तो गाड़ी पकड़ने से बच्चों का स्कूल छूट जाता है, यह एक चुनौती है। इस पर प्रमुख सचिव परिवहन ने निर्देश दिया कि बच्चों का जीवन पहले है स्कूल बाद में। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि ऐसी अनफिट गाड़ियां किसी भी स्कूल में नही चलेंगी। कोई भी अभिभावक यदि अपनी गाड़ी नाबालिग बच्चों को चलाने के लिए देते हैं तो उन अभिभाविकों पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

# मांगों को लेकर 8 दिनों से धरने पर बैठीं आशाएं

**सांडा।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी आशाएं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर आठ दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठी हुई हैं। पिछले शुक्रवार से आशा बहुओं का धरना चल रहा है। ज्ञापन मे आशाओं ने माग की है कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए स्थाई किया जाए। प्रतिमाह आशा को 18 हजार और संगिनी को 24 हजार रुपए निश्चित मानदेय दिया जाये और सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कवर सुनिश्चित किया जाये। अस्पताल में रुकने की समुचित व्यवस्था की जाए। आशाओं का कहना है कि सरकार कार्य तो हमसे सर्वे टीकाकरण से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल और उनके प्रसव के समय जिला मुख्यालय तक भागदौड़ 24 घंटे करवाती है, लेकिन बदले में हमें एक मनरेगा श्रमिक से भी कम पैसा मिलता है। ऐसे में भला अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करें।

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहै:।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है, जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें, परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है, यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों, उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था, जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया



**विवेक शुक्ला**
वरिष्ठ पत्रकार

**किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।**

**राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।**

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं, पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां, माधुरी कहती हैं, " मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी, उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग, पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं, क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है, जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं, पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है, पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं, जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

**फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।**

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, विलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं' कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या, लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा, किसी का खो जाएगा, किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



**अनूप शुक्ल**
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट, जो प्रायोजित नहीं हैं, कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों, मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें, जो रचेगा, सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िए: चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



**राकेश शर्मा**
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

**ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।**

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके, लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं, वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं, लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना, हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं, उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों, बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान, जानवर, राक्षस, संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल ह्रदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर, वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी, मगर विशाल विराट बदन में दिल, तब दिखेगा, जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं, मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।



**हफीज किदवई**
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था, किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त, न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं, तपस्या हैं, तप हैं, प्रताप हैं, सरल हैं, साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है, वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर ह्रदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस, दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है, यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

**-फेसबुक वॉल से**

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय



**डा. श्रीधर द्विवेदी**
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

**यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।**

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं, ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों, युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज, उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन), हृदयाघात (हार्टअटैक), रुमैटिक हृदय रोग, विविध कैंसर-स्तन, योनि, गर्भाशय, घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन, नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैं: युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# बंद कर दी सड़क, नहीं लगाया संकेतक

## सहादतगंज बाईपास पर भटक रहे आने-जाने वाले, हाईवे पर दुर्घटना को दावत दे रही ये लापरवाही

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सहादतगंज बाईपास पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। हाईवे पर दूसरी लेन जाने के लिए, पुल के नीचे सड़क बंद कर दी गई, लेकिन इससे पहले संकेतक नहीं लगाया। इससे बाईपास पहुंचने वाले यात्री आगे जाने के लिए इधर-उधर भटकते हैं। लोग जोखिम उठाकर डिवाइडर कूदकर पार जा रहे हैं। लापरवाही हाईवे पर दुर्घटना को दावत दे रही है।

सहादतगंज में हाईवे पर ओवरब्रिज एक लेन का है। दूसरे लेन के लिए, यात्री एक लेन हाईवे पुल के नीचे से पार करके जाते थे। अब दूसरे लेन पर ओवरब्रिज निर्माण चल रहा है। दूसरे लेन को जाने वाली एक लेन पुल के नीचे की सड़क बंद कर दी गई है। जिले से लखनऊ की ओर जाने के लिए, वाहनों की भीड़ अब भी सीधे पुल तक पहुंच रही है। यहां आगे सड़क बंद मिलती है। वह इधर-उधर देखते हैं। जो शहर के रहने वाले और जानकार हैं वह तो बाएं घूम जाते हैं लेकिन अनजान दाएं सर्विस रोड से आगे बढ़ जाते हैं। सर्विस रोड नए ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर निकलती है जहां लखनऊ से आने वाले वाहनों की भीड़ होती है। पार करना आसान नहीं होता।


सहादतगंज में निर्माण के दौरान बंद किया गया मुख्य मार्ग। अमृत विचार

### ऐसी है व्यवस्था

व्यवस्था ऐसी है कि एक लेन पुल से बाएं घूमने पर लगभग एक किलोमीटर चलने के बाद गोरखपुर–लखनऊ हाईवे पर अंडर पास है। जहां से बाइक से छोटे बड़े वाहन तक आसानी हाईवे पार करके लखनऊ की लेन को पकड़ सकते हैं। इसके पहले ही गोरखपुर की लेन पकड़ी जा सकती है, लेकिन अनजान या बाइक सवार जल्दबाजी में दायीं ओर ही घूमते हैं। आगे बढ़ने पर परेशान हो जाते हैं। डिवाइडर कूदते हैं। दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

ऐसे में पुराने ओवरब्रिज और नए ओवरब्रिज के बीच खाली स्थान पर लोग वाहन सहित डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में पहुंच रहे हैं। ऐसे में छोटे से बड़े वाहन सवार तक ऐसा करते दिख जाते हैं। दूसरी लेन पर गोरखपुर की ओर से आने वाले वाहनों की लंबी लाइन पहले से होती है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना की आंशका है। पुल के पास ही पुलिस चौकी है। अयोध्या में यातायात व्यवस्था चुस्त बताई गई है, लेकिन इन दिनों यहां इसकी कमी दिखाई पड़ती है।

### बेहतर हो पुल के पहले लगाया जाए संकेतक

प्राइवेट छोटे-बड़े वाहनों को पुल से पहले मोड़ा जा सकता है। सहादतगंज बाजार से हाईवे अंडर पास के लिए मोड़ने पर पुल के पास यातायात दबाव कम हो सकता है। लोगों पुल के पास पहुंच कर भटकेंगे नहीं। यहां बाएं घूमने के लिए संकेतक और आगे मार्ग बंद है, का बोर्ड लगाया जा सकता है।

### रोज लग रहा जाम

सहादतगंज बाईपास पर नीचे वाली लेन पर रोज जाम लग रहा है। यात्री यहां से लखनऊ के लिए वाहन पकड़ते हैं। बड़े से छोटे वाहन यहां रूक जाते हैं वाहनों की लंबी लाइन बन जाती है। बेतरतीब वाहनों से दिक्कत होती है जाम की स्थिति बनती है।


सहादतगंज बाइपास पर निर्माण के दौरान लगा जाम। अमृत विचार


निर्माण के कारण डिवाइडर से होकर गुजरते वाहन। अमृत विचार

ओवरब्रिज निर्माण के चलते मार्ग बंद है। लोगों को बताया जा रहा है। जल्द ही ओवरब्रिज के पहले अंडरपास के लिए संकेतक लगवाया जाएगा। वाहन के साथ डिवाइडर पार करने पर रोक लगाई जाएगी।
–वीके मौर्य, यातायात निरीक्षक, अयोध्या

### घाटों पर गंदगी, संस्था पर 1 लाख का जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रभारी नगर आयुक्त का चार्ज संभालते ही आईएएस अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को पहली बड़ी कार्रवाई की है। घाटों पर निरीक्षण के दौरान घाटों पर गंदगी मिलने पर संस्था किंग्स सिक्योरिटी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जोनल अधिकारी, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक को सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने रामपैड़ी, कच्चा-पक्का घाट व आरती स्थल समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद जन सुविधा घाटों पर संस्था इंडियन सैंटीफ्यूज द्वारा स्थापित स्थायी व अस्थायी शौचालयों का निरीक्षण किया।

### डॉ. अरुण जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस बने


सीएमएस का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अरुण प्रकाश। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी अब कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव संभालेंगे। शासन से पत्र आने के बाद शुक्रवार को उन्हें प्रभारी सीएमएस का चार्ज दिया गया है। पूर्व सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने शुक्रवार को उन्हें पदभार ग्रहण कराया। कहा कि चिकित्सकों की बैठक बुला आने वाले मरीजों को सुविधाएं देने पर चर्चा की जाएगी।

# महिला से मौलाना ने किया दुष्कर्म

बसखारी, अंबेडकरनगर।

▶▶ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।


गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी मौलाना।

आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### सांसद आज रवाना करेंगे मनवर एक्सप्रेस

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** बस्ती से चलकर प्रयागराज को जाने वाली मनवर संगम एक्सप्रेस को शनिवार को सांसद लल्लू सिंह खजुरहट रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मंडल महामंत्री पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती से चलकर प्रयागराज को जाने वाली गाड़ी नंबर 14131 / 14232 मनवर संगम एक्सप्रेस को अयोध्य– प्रयागराज रेलखंड के खजुरहट स्टेशन पर शनिवार शाम करीब 5 बजे जाएगी।

### आज और कल खुलेगा कर विभाग

**अयोध्या, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के समापन की तिथि नजदीक आते ही नगर मिगम ने कर विभाग को अवकाश के दिन भी खोलने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने इसके निर्देश जारी किए। सीटीओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार व रविवार को लोग सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कर जमा कर सकते हैं।

### पिटाई में आरोपी शिक्षिका के विरुद्ध केस

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** अमृत विचार :शिक्षा क्षेत्र मवई के प्राथमिक विद्यालय पूरे शहलाल में महिला शिक्षक जसप्रीत कौर की पिटाई करने वाली आरोपी महिला शिक्षिका मुक्ति सिन्हा के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पटरंगा थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

### स्वामी भाष्करानंद की रामकथा आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के अध्यक्ष प्रेम चंद गोयल जी के आथित्य में जानकी महल ट्रस्ट अयोध्या में वृंदावन के महा मंडलेश्वर स्वामी भाष्करानंद जी महाराज 9 से 15 मार्च तक श्रीराम कथा सुनाएंगे। कथा की शुरुआत अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी करेंगे। आयोजन में श्याम अग्रवाल, राजेश जी बंसल, किशोर गोयल, अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल सहयोग कर रहे हैं।

# आस्था का केंद्र है श्री वामन का मंदिर

सिधौली, सीतापुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में तम्बाकू उत्पादन के लिए प्रसिद्ध ग्राम बौनाभारी में स्थित भगवान विष्णु के पंचम अवतार श्री वामन भगवान का मन्दिर ग्राम बौनाभारी और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र है। मन्दिर प्रबन्ध समिति उक्त स्थान को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि ग्राम बौनाभारी के विषय में कहा जाता है कि इसका नाम भगवान विष्णु के पंचम अवतार वामन के नाम पर पड़ा है। गांव में एक प्राचीन वामन मन्दिर है। प्रारम्भ में यह एक साधारण देवस्थान था परन्तु लगभग तीन दशक पूर्व गांव के ही पं. गोकरन प्रसाद मिश्र, रोहनलाल शुक्ल, श्रीराम शुक्ला, कृष्णचन्द्र मिश्र, त्रिवेणी प्रसाद मिश्र, रासविहारी त्रिपाठी, डॉ0 रमाशंकर मिश्र, मदन मिश्रा, शिवशरन मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा, विशुन शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र मौर्य, बिहारीदास व कई अन्य ग्रामीणों के अथक प्रयासों से इस प्राचीन देवस्थल का विकास शुरू हुआ। लगभग तीन बीघा भूमि में फैले इस प्राचीन देवस्थल का जीर्णोद्धार करवाया गया और मन्दिर के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाये गये। इस देवस्थल पर भाद्रपद मास की द्वादशी को वामन भगवान के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होता है। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में मेले के अतिरिक्त दिन में रामलीला और रात्रि में नाटकों का आयोजन होता है। मंदिर के प्रबंधनन के लिए मंदिर कमेटी एक लोकतान्त्रिक संस्था है जिसका एक निश्चित समयावधि के पश्चात चुनाव होता है। वामन पीठाधीश्वर कृष्ण किशोर तिवारी व अजीत मिश्रा स्वतंत्र रूप से मंदिर समिति की गतिविधियों का निरीक्षण करते हैं तथा आवश्यक निर्देश देते हैं।

### नई कार्यकारिणी गठित


नए पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य।

गत 14 फरवरी से 3 मार्च के मध्य सम्पन्न हुए निर्वाचन में तय किया गया कि वामन पीठाधीश्वर कृष्ण किशोर तिवारी व अजीत मिश्रा स्वतंत्र रूप से मन्दिर समिति की गतिविधियों का निरीक्षण करेंगे जबकि अध्यक्ष रामनरेश शुक्ला, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र मिश्रा, सचिव राजेश कुमार अवस्थी, कोषाध्यक्ष – संजय कुमार वाजपेयी तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामबालक मिश्रा, कल्याण नाथ मिश्रा, अनूप कुमार त्रिपाठी, शारदेन्दु शुक्ला, अश्विनी मिश्रा, शरद कुमार मौर्या, दिवाकर मौर्या, राकेश कुमार चैधरी, राजेश रावत का निर्वाचन किया गया। जबकि छन्नूलाल मिश्रा व सुशील कुमार त्रिपाठी, अमित मिश्रा को लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को मिली नए भवन की सौगात


नींव पूजन करते बीजेपी विधायक निर्मल वर्मा व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचारः** विकासखंड कसमंडा इलाके में विगत कई वर्षो से खुले आसमान के नीचे चल रहे भवन विहीन प्राथमिक विद्यालय मलेली के छात्रों को अब जल्द ही विद्यालय भवन मिलने जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि के लम्बे प्रयास के बाद भवन निर्माण को मंजूरी मिलते ही शुक्रवार को बिसवा विधायक निर्मल वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने भवन के नींव पूजन का कार्य किया।

बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, प्रधान पीरनगर रेखा अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मलेली रोहित शुक्ला ने विद्यालय स्टॉफ के साथ मिलकर भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलापुर अमर बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, किसान मोर्चा रवी तिवारी, मेहुल कुमार यादव, मुकेश पाण्डेय, शिक्षक संघ अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### रुद्राभिषेक करने वालों की लगी लंबी कतारें

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पवित्र धार्मिक नगरी के समस्त शिवालयों में शिव भोले की भयंकर भीड़ दिखाई दिया। भोर प्रात ही शिवालयों में भक्ति ने भूतभवान भगवान महादेव के रुद्राभिषेक करने वालों की लंबी कतारें देखी गईं। समय पर कोई अव्यवस्था न हो, इसीलिए भक्तों ने पहले ही बुकिंग करा ली थी। सभी शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का श्रंगार किया गया जिसमें प्रमुख रुप से चक्रतीर्थ स्थित बाबा भूतनाथ, सीतापुर हरदोई रोड पर स्थित श्री देवेश्वर महादेव और गोमती नदी के तट पर स्थित श्री रूद्रवर्त महादेव रहे। शिवाला स्थित सिद्धेश्वर महादेव चक्रतीर्थ पर स्थित गोला गोकर्णनाथ महादेव आदि मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। आचार्य विद्वानों ने मोबाइल से भक्तों को ऑनलाइन हुई दिवाली देव महादेव का रुद्राभिषेक पूजन करा डिजिटल रूप से दक्षिण प्राप्त की।

# आग ने आधा दर्जन आशियानों को किया खाक

रामपुर मथुरा,सीतापुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को तेज हवाओं के सहारे आग ने आधा इर्जन आशियानो को जलाकर राख कर दिया। सूचना देने के बाद भी दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच सके। ऐसे में ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चालू कर आग पर काबू पाया।

रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के तुतहीपुर मजरे जयरामपुर में राम सुमेर चैहान, चंद्रभान, रामू चैहान, रंगी चैहान, सूबेदार, शोभा चैहान के घरों में आग लग गई। जिसमें चंद्रभान की 40 हजार की नगदी व जेवर जल गए। साथ ही साथ रामसुमेर, रामू के भी महिलाओं के जेवर जल गए और सूबेदार, शोभा व सभी लोगों का गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिसमें आटा, कपड़ा, गेंहू, चावल व अन्य घर के उपयोग का सारा सामान भी जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दमकल विभाग की गाड़ी समय से नहीं पहुंच सकी, फिर ग्रामीणों ने पंपिंग सेट स्टार्ट करके आग पर काबू पाया। मामले में थाने से पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज ने मौके का जायजा लेकर तहसील के अधिकारियों को अवगत कराया। मामले में तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल को भेजा गया है।


जलकर खाक हुआ घर। अमृत विचार

### गर्मी में आग मचाती है तबाही, नहीं है फायर स्टेशन

गर्मी का सीजन व तेज हवा शुरू होने से आधा दर्जन घर जल गए। हर वर्ष ऐसी ही घटनायें होती हैं। गांजरी इलाके में अक्सर आग की घटनाएं होती रहती हैं। रामपुर मथुरा में आजादी के बाद से अब तक फायर स्टेशन नहीं बन पाया है। ऐसे में जब तक ग्रामीण दमकल विभाग को सूचना देते हैं, तब तक घर जलकर खाक हो जाते है, क्योंकि फायर स्टेशन रामपुर मथुरा से 28 किलोमीटर की दूरी तहसील मुख्यालय महमूदाबाद में बना है। तहसील मुख्यालय से दमकल विभाग की गाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने में लगभग एक घंटा लग जाता है तब तक ग्रामीण क्षेत्रों में आग तबाही मचा देती है। जितने भी जनप्रतिनिधि हुए, उन्होंने यही वादा किया है कि रामपुर मथुरा में इस बार फायर स्टेशन जरूर बन जाएगा लेकिन चुनाव बाद ये बस मुददा ही रह जाता है।

## सार-संक्षेप

### आनंद एकेडमी ने कबड्डी विजेता


कबड्डी विजेता टीम के साथ डीआईजी विजलेंस संजीव त्यागी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में शुक्रवार को जिलास्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। आनंद एकेडमी डाभासेमर टीम ने राम बल्ल्भा कॉलेज को पराजित कर खिताब जीता। मुख्य अतिथि डीआईजी विजलेंस संजीव त्यागी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विभा, बिन्दु, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

### राम मंदिर और सप्त मंडपम निर्माण पर मंथन


बैठक में मौजूद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के सदस्य व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शुक्रवार आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा अपनी टीम के साथ निर्माण अधिनियम राम मंदिर और राम जन्मभूमि परिसर में बनने वाले सप्त मंडपम निर्माण का सर्वे किया। दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई बैठक में निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर व आर्किटेक्ट के साथ पूरे मंदिर परिसर के निर्माण की समीक्षा की। एलएंडटी इंजीनियरों ने राममंदिर निर्माण की आगे की योजना का प्रेजेंटेशन दिया। सप्त मंडपम का निर्माण परिसर में किस स्थल पर होगा, इसको लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मंदिर निर्माण की सलाहकार सीबीआरआई रुड़की के इंजीनियर भी मौजूद रहे। परकोटा, तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ.. अनिल मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

### ज्यादा अंतर से बनाए विजय का लक्ष्यः डॉ. बीबी मणि


बैठक को संबोधित करते लोकसभा संयोजक डॉ. बीबी मणि व मौजूद अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें। पिछले बार से अधिक मतों से इस बार विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। ये बातें शुक्रवार को लोकसभा संयोजक डॉ. बीबी मणि त्रिपाठी ने कहीं। वो चुनाव प्रबंधन समिति के व्यवस्था प्रमुखों की केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में चुनाव की रणनीति बनाई गई। लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि कि चुनाव का संचालन ठीक ढ़ग से हो। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि एक समान प्रकृति की व्यवस्था के प्रमुख आपस में संपर्क में रहें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा लोकसभा की तरह विधान सभा स्तर पर भी प्रबंधन समिति का जल्द गठन किया जाए। पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पांडेय आदि रहे।

### निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के वार्ड अमीरगंज में बहना वस्त्रालय एवं सखी समाज उत्थान सेवा समिति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्ता, डॉ. संध्या कटियार व विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व एसबीए ग्रुप के डिप्टी मैनेजर अजय वर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार व संपादक मधुकर वर्मा, साधना वर्मा, सरला वर्मा समेत कई अन्य लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष दीपक ने किया। इस दौरान मृत्युंजय बाजपेई, रिंकी बांसवार, वैभव श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, करन, रामू विश्वकर्मा, मल्लिका वर्मा, स्वस्तिका वर्मा, मोहम्मद अल्ताफ, अंकित वर्मा, अंकुर वर्मा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### झटका मशीन सही करते समय फटी बैटरी, युवक घायल

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार :** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत खेत में झटका मशीन सही करते समय मशीन की बैटरी फट जाने से 35 वर्षीय एक युवक घायल हो गया। जिसे परिजनों ने तत्काल निजी साधन से महमूदाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संसारपुर निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामधार शुक्रवार दोपहर अपने खेत में जानवरो से बचाव के लिए लगी झटका मशीन सही कर रहा था उसी दौरान अचानक उसकी बैटरी फट गई जिससे धर्मेंद्र के आंख में चोट लग गई। ऐसे में तत्काल परिजनों द्वारा महमूदाबाद के निजी लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## अवध विश्वविद्यालय

### इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कर कुलपति ने दिया बड़ा संदेश, रामनगरी की मर्यादा के अनुरूप ढलेगा विवि

# 700 महाविद्यालयों के लिए नजीर बनेगी कुलपति की कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय


प्रो प्रतिभा गोयल कुलपति, अवध विश्वविद्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी को छह साल के लिए परीक्षा केंद्र न बनाने व दो लाख के अर्थदंड की कार्रवाई विश्वविद्यालय के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। कुलपति के पदभार ग्रहण करते समय लिए गए अपने संकल्पों को मूर्त रूप देने के लिए यह कार्रवाई मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति ने यह बड़ा कदम तब उठाया है जब विश्विद्यालय ने चंद दिनों पहले अपना 49 वां स्थापना दिवस मनाया है।

कुलपति ने विश्विद्यालय से सम्बद्ध 700 महाविद्यालयों और अध्यनरत सात लाख छात्र - छात्राओं को सीधा और साफ संदेश दे दिया कि अब शैक्षिक गुणवत्ता और परीक्षा की सुचिता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। बता दें कि गत वर्ष तत्कालीन कुलपति के कार्यालय में अम्बेडकरनगर के बीएकेबी महाविद्यालय में लॉ की परीक्षा में सामूहिक नकल का मामला सामने आया था। खुद अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी ने केन्द्र पर छापा मार कर नकल पकड़ी थी और विश्विद्यालय प्रशासन को 164 पेज की रिपोर्ट भेजी थी। उसके बाद भी परीक्षा समिति की बैठक में मामला प्रस्तुत किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले सत्र 2020-21 में हुई परीक्षा के दौरान गोंडा के दो दिग्गजों के कॉलेज में सामूहिक नकल पकड़ी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 10 वर्ष पूर्व बाराबंकी के एक डेंटल कॉलेज में मुन्ना भाई धरे गए थे, लेकिन तब भी कॉलेज बेदाग करार दे दिया था। दशक भर पहले कुलपति प्रो. एसबी सिंह के कार्यकाल में भी सामूहिक नकल के मामले सामने आए लेकिन ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय के गोपनीय और परीक्षा विभाग से रिकॉर्ड तक गायब कर दिए गए। वर्ष 1998-99 में बहराइच के एक बड़े महाविद्यालय में एक परीक्षा केंद्र ही दूसरी जगह शिफ्ट किए जाने का मामला पकड़ा गया था। इसी तरह हर परीक्षा के दौरान तमाम विसंगतियां सामने आती रहीं लेकिन कुंडली मार कर बैठने की परंपरा जारी रही। अब जब गुरुवार को बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज और पं. महराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान के विरुद्ध कार्रवाई हुई है तो सम्बद्ध कॉलेजों के प्रबंधकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ये हुई है कार्रवाई

सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी की 27 फरवरी की विधि तृतीय व पंचवर्षीय प्रथम पाली की परीक्षा सामूहिक नकल में निरस्त की गई। छह वर्षो तक परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर प्रतिबंध की बड़ी कार्रवाई और दो लाख का अर्थ दंड। इतना ही नहीं केन्द्राध्यक्ष, आंतरिक सचल दल और परीक्षा कक्ष निरीक्षकों पर भी छह वर्षो के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया। पं. महराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान मटेराकला बहराइच की भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त। अब यह भी सामने आ रहा है सम्बद्ध महाविद्यालयों की स्कूटनिंग भी किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुछ बड़े फैसले

- ▶▶ विश्वविद्यालय की एक रिसर्च पॉलिसी बनाई है। इसमें रिसर्च करने वाले को, रिसर्च पेपर पब्लिश करने वाले को और रिसर्च प्रोजेक्ट लाने वाले को पुरस्कृत करने के साथ बेस्ट रिसर्चर का अवार्ड भी दिया जाएगा।
- ▶▶ नेट पास करके जो पीएचडी में प्रवेश ले रहे हैं उनके लिए भी स्कॉलरशिप का प्रावधान किया जा रहा है।
- ▶▶ शिक्षकों द्वारा कंटेंट कंसल्टेंसी पॉलिसी बनाई है। जिससे ज्यादा से ज्यादा कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट आ सके ।
- ▶▶ विवि के शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से हर्बल गार्डेन, कम्पोस्ट प्लांट एवं मशरूम यूनिट शुरू की गई।
- ▶▶ केंद्र द्वारा विवि को 100 करोड़ का अनुदान दिया जाना बड़ी उपलब्धि।

# बोल बम के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

संवाददसाता, अमेठी

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर गांव के मंदिरों से लेकर शहर के शिवालयों तक शिव भक्तों की भारी भीड़ भोर से ही हर-हर बम-बम की आवाज के साथ बाबा भोले नाथ के जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी। जगह-जगह पर शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की आराधना करते दिखे।

गौरीगंज के श्रीमाधव नगर गांव में स्थित बाबा झारखंड धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं ताला में स्थित प्राचीन शिव मंदिर मुकुट नाथ धाम में सुबह से भक्तों के जलाभिषेक का क्रम शुरू हुआ, जो अनवरत देर शाम तक जारी रहा। मंदिर पर हजारों लोगों ने पूजन अर्चन किया। कालिकन धाम में महर्षि च्यवन की ओर से स्थापित शिवलिंगों पर भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। पौराणिक शिव मंदिर मुकुट नाथ धाम व बाबा झारखंड धाम में मेला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

जगदीशपुर के रानीगंज, बीएचईएल व सेल फैक्ट्री में स्थित शिव मंदिर पर सुबह से भक्तों ने भोले शकर का रुद्राभिषेक किया। बाबा के भक्तों ने बेलपत्र सहित पूजा की सामग्री से जलाभिषेक किया। जगह जगह ओम नमः शिवाय के जाप किए गए।

सिंहपुर क्षेत्र के रामपुर पंवारा स्थित पौराणिक दतेहरेश्वर मंदिर, राजाफत्तेपुर के घुइसरनाथ मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, इन्हौना स्थित रत्नेश्वर, पन्होना के झारखंडेश्वर मंदिर, सातनपुरवा स्थित शिव मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। फुरसतगंज क्षेत्र के ग्राम सभा पीढ़ी के तपेश्वर नाथ मंदिर, शनि देव मंदिर, मनोकामना सिद्धपीठ, राधाकृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से शिवालयों व मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

शिव मंदिर में शिवरात्रि के पर्व पर शिव जी की बारात बैंडबाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान घुड़दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। तपेश्वरनाथ धाम पर दो दिवीसीय मेले का भी आयोजन किया गया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया। बाजारशुकुल के कस्बा, पाली, कटरा, हरखूमऊ, पारा, नोहरेपुर, पूरे भोजा तिवारी आदि दर्जनों गावों में प्रातः काल से ही घंटों की ध्वनि गूंजने लगी।



शिवरात्रि पर सजे शिवालय। अमृत विचार

## शिव को खुश रखने को बांधी जाती है साड़ियों की गांठ

मुसाफिरखाना में महाशिवरात्रि पर्व पर प्राचीन महादेवन पिंडारा में सदियों से साड़ी में गाठ बांधने की अनूठी परम्परा कायम है। जिसमें शिव-पार्वती के त्रिशूल में भक्तगण एक साथ रंगीन साड़ियों में गांठ बांधते हैं। इसके पीछे श्रद्धालुओं का तर्क है कि भोलेनाथ साड़ी की गांठ बांधने से अपार खुश होते हैं। मंदिर के मठाधीश श्यामगिरि महराज ने बताया कि द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण माता सत्या के साथ नंदमहर धाम से अयोध्या जाते समय इस मंदिर में साड़ी में गांठ बांधने आए थे। इसके पीछे का रहस्य तो किसी को भी नहीं मालूम। लेकिन, साड़ी की गांठ बाधने की परम्परा तभी से ऐसे ही चली आ रही है। शिवरात्रि पर नवविवाहित जोड़े मान्यता के अनुसार मंदिर के ऊपर सीढियों से चढ़कर साड़ी में गांठ बांधकर अपने कल्याण के लिए मनौती मांगते हैं। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित अष्टसिद्धियों पर भक्त सिंदूर चढ़ाते हैं और कलावा बांधकर इच्छित फल प्राप्त करने की मन्नतें मागते हैं। ग्रामीण बुजुर्ग कहते हैं कि मंदिर के दक्षिणी गेट पर भंडारण कक्ष में रखी प्राचीन काल की खंडित देव प्रतिमाएं देखने से प्रतीत होता है कि मंदिर में तोड़फोड़ कर मूर्तिया क्षतिग्रस्त की गई हैं। क्षतिग्रस्त मूर्तियों से श्रावणमास में स्वतः दूध की धारा निकलती है। शिवरात्रि पर्व पर मंदिर प्रांगण से शिव बारात निकलकर गांवके प्राचीन हनुमान मंदिर होते हुए मुख्यमार्ग से पुनः मंदिर में प्रवेश कर जाती है।



फुरसतगंज में निकली मनमोहक झांकी। अमृत विचार

## भोले के जयकारे के साथ हुवा तपेश्वरनाथ पर जलाभिषेक

**फुरसतगंज, अमेठी।** शुक्रवार को पीढ़ी गांव स्थित बाबा तपेश्वरनाथ धाम पर सुबह चार बजे से ही बम बम भोले के जयकारे के साथ जलाभिषेक प्रारंभ हुआ और दिन भर चलता रहा। लाखो की संख्या में भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। 65 वर्षो से लगातार चले आ रहे विशाल मेले में शिव बरात निकाली गई। जिसमे आगे आगे घोड़े फिर क्षेत्र दर्जनों डीजे भगवान शिव की बारात की अगवानी कर रहे थे। पीछे ट्रैक्टर पर शिव जी और अन्य ट्रैक्टरों पर देवतागणों की झांकिया बरात की शोभा बढ़ा रही थी। मेले में बच्चे झूले व चाट चाउमीन का आनंद ले रहे थे तो महिलायें सौन्दर्य का सामान खरीदती दिखाई दे रही थी। मेले में भारी संख्या में पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। जिला अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने मेला पहुंचकर बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष से मेले की जानकारी ली। इस दौरान उपजिला अधिकारी तिलोई आशीष सिंह सीओ डा. अजय कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी विजयंत सिंह, थाना प्रभारी फुरसतगंज प्रवीण सिंह सहित कई विभागों के दर्जनों कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## महिला दिवसः दो महिला पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**अमेठी।** शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सराहनीय योगदान देने वाली महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में अमेठी के थाना जायस पर नियुक्त मुख्य महिला आरक्षी चेतना सिंह व थाना गौरीगंज पर नियुक्त महिला आरक्षी रविता यादव को मिशन शक्ति कार्यक्रम, ऑपरेशन जागृति में उनके सराहनीय योगदान के लिए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा सम्मान की घोषणा की गयी। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी की अध्यक्षता में प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ शमानाज सिद्दीकी, मिशन शक्ति कार्यक्रम से संबंधित पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य महिला पुलिस कर्मियों व सामाजिक कार्यकर्त्री प्रियंका पाण्डेय पत्नी सिद्धार्थ पाण्डेय निवासी नन्दौर थाना मुसाफिरखाना व सबीना पत्नी ईशा निवासी ग्राम तेन्दुआ थाना फुरसतगंज द्वारा उक्त कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण हेतु योगदान करने वाली समस्त महिला पुलिस कर्मियों व सामाजिक कार्यकर्त्रियों का उत्साहर्धन किया गया।

## सार-संक्षेप

### 108 पार्थिव शिवलिंगों का महारुद्राभिषेक हुआ आयोजित



रुद्राभिषेक के दौरान मौजूद भक्तगण।

**अमेठी।** शुक्रवार को अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के बृहस्पतिवार को विश्राम के बाद शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 108 पार्थिव शिवलिंगों के महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों के साथ संतोष सिंह के परिवार ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर हवन किया। हवन के उपरान्त प्रसाद का वितरण किया गया। कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महराज के निर्देशन में विद्वानों और संस्कृत विद्यालय परमहंस आश्रम टीकरमाफी के विद्यार्थियों ने रुद्राभिषेक व हवन कराया।

### सीटेड बैनर तले मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**अमेठी।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को कार्यदाई संस्था सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट ने धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। ग्राम पंचायत उत्तेलवा में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अमीता सिंह ने कहा कि सभी महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी तभी आगे बढ़ सकती है। अन्यथा हम लोग पीछे ही रह जाएंगे और समाज में नाम कर रही महिलाओं का परिचय देते हुए सभी बहनों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर शैल श्रीवास्तव, मानसी सिंह, रचना, पूजा सिंह, सोनी, मीरा त्रिपाठी आदि मौजूद रही। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण महिलाओं को आगे कैसे बढ़ाया जाए। कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही है। इसके बारे में विधिवत जानकारी उदयनाथ मिश्रा कार्यक्रम प्रबंधक ने प्रदान की। इस मौके पर जिला निगरानी समिति के उमाशंकर पाठक ने भी अपने विचार रखें।

### दुकानदार से मारपीट करने का आरोप

**अमेठी।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चंदौकी गांव निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र रामलौट ने थाना में तहरीर देकर कहा कि अमित कुमार निवासी किशुन दास पुर थानाक्षेत्र मुसाफिरखाना सहित अज्ञात दो युवकों के साथ बोलेरो सवार होकर आए और हमें मारा पीटा, दुकान का सामान इधर-उधर फेंक दिया है। जिससे मेरी दुकान में भारी नुक़सान हो गया। उक्त तीनों युवकों ने दुकानदार संतोष कुमार को जान से मारने की धमकी भी दिया है। सूत्रों की मानें से दुकान पर पैसे के लेन देन के कारण मारपीट की घटना घटित हुई है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी मुंशीगंज ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर एक नामजद सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### अज्ञात कारणों से लगी सरसो के खेत में आग



धूं-धुंकर कर जलती खेत मे रखी सरसों

**अमेठी।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत अज्ञात कारणों से सरसों के खेत में आग लग गई जिसमें हजारों का नुक़सान हो गया। सूचना पर पहुंची अग्नि शमन के वाहन ने आग पर काबू पाया गया। घटना अमेठी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोरारी गिरधर शाह की है। जहां विगत गुरुवार की देर शाम राजकुमार सिंह पुत्र माता बक्श के खेत पर सरसों काटकर रखीं गई थी कि अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पर पहुंची अग्निशमन के वाहन के द्वारा आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का मुआयना कर रिपोर्ट शासन को भेज दिया है।

### प्रहलाद चरित्र हमें सिखाता है भगवान की एकनिष्ठ भक्ति

**अमेठी।** कस्बे के आवास विकास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ने जड़ भरत चरित्र के साथ भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वृंदावन धाम से आए कथा वाचक आचार्य पंडित चक्र पाणि त्रिपाठी ने भगवान जड़ भरत की कथा का बड़ा ही रोचक वर्णन किया। व्यास ने कथा के आगे भक्त प्रहलाद की कथा को सुनाते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद भगवान की एक निष्ठ भक्ति में लीन थे। कहा कि हम जिस कार्य के लिए संकल्पित हो जाते हैं, वही कार्य सम्पन्न हो जाता है। भक्त की रक्षा के लिए भगवान को प्रकट होना पड़ा। व्यास ने कहा कि हम सबको भी भगवान की भक्ति के साथ अपने अपने नेक कार्य को तल्लीनता से करना चाहिए। लेकिन साथ में इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा किया गया कार्य किसी को पीड़ा पहुंचाने वाला न हो। व्यास ने कहा कि किसी के प्रति ईर्ष्या और द्वेष भाव रखने वाले की पूजा सफल नहीं होती। कथा यजमान अमिता शुक्ला एवं दया शंकर शुक्ला ने आए हुए श्रोताओं का स्वागत किया। इस मौके पर अजीत, शंकर शुक्ल, अमित, शंकर, अंबुज, अवधेश शुक्ल के साथ बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### सीआईएसएफ ने किया फ्लैग मार्च

**अमेठी।** आगामी त्यौहार होली व लोक सभा चुनाव-2024 को शांत व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में उपजिलाधिकारी तिलोई क्षेत्राधिकारी तिलोई के नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सीआईएसएफ द्वारा थाना मोहनगंज के कस्बा तिलोई, रस्तामऊ, जनापुर, शाहमऊ, फूला, नवावा, बहुआ आदि में व थाना शिवरतनगंज पुलिस केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सीआईएसएफ द्वारा सेमरौता, सातनपुरवा, अहोरवा भवानी, खेखरुआ में बाजार, भीड़-भाड़ व संवेदनशील स्थानों पर, मिश्रित आबादी वाले स्थानों में एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहार होली व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मुसाफिरखाना अमेठी।** क्षेत्र के कनकपुर हाईवे निकटओवरब्रिज के नीचे बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के उपरांत घर भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम पूरे बरजोर मजरे कंजास थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक निवासी समरजीत पाल पुत्र राम अचल पाल उम्र 25 वर्ष और अनवर बाइक से बेचूँगढ़ झारखंड मंदिर से शिवरात्रि का मेला देख घर जा रहे थे कि कनकपुर हाइवे निकट ओबरब्रिज के नीचे आ रहे अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी जिससे घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पहंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बिधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।

### मृत महिला के मामले में चालक पर मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ बलिया राजमार्ग पर स्कॉर्पियो की टक्कर से मृत प्रियंका के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बजरंग नगर के पास तेज रफ्तार से जा रही स्कार्पियो ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी की गोद में बैठा छह माह का मासूम संस्कार बाल-बाल बच गया था। मामले में मृतका के पिता बलराम की दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चार वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर।** गोसाईंगंज पुलिस ने वर्ष 2020 में बंधुआ कला कुड़वार निवासीगण राजेश जमादार, रविन्द्र कुमार और उघरपुर धम्मौर निवासीगण पवन, लल्लूपाल और जयसिंहपाल के ऊपर आयुध अधिनियम, धोखाधड़ी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस राजेश, रविन्द्र, पवन व लल्लू पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि जयसिंहपाल चार वर्षों से फरार चल रहा था। शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे टांटियानगर चौकी इंचार्ज गुलाबचन्द्र पाल ने हमराही हेड कांस्टेबल बासुदेव यादव, महिला कांस्टेबल आकांक्षा के साथ जयसिंहपाल को महेशरगंज नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# स्मृति के प्रयास से मिले दो नवीन अंडरपास व एक उपरगामी सेतु

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी के प्रयास से अमेठी संसदीय क्षेत्र को दो नए अंडर पास एवं एक उपरगामी सेतु बनाने की स्वीकृति मिली है। करोड़ों की लागत से बनने वाले इन पासो के बन जाने से अमेठी की जनता को बहुत सहूलियत मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति के प्रयास से छह करोड़ की लागत से अमेठी के बारामासी से गोसाईगंज रूट (ताला खजुरी), छह करोड़ की लागत से बिराहिमपुर में अंडर पास व 18.65 करोड़ की लागत से शोहरत गढ़ जगदीशपुर में रेलवे उपरगामी पुल के निर्माण की स्वीकृति मिली है। लंबे समय से इन आधारभूत योजनाओं की मांग आमजन कर रहे थे। इनके निर्माण से आमजन को सहूलियत मिलेगी।

जल्द ही तीन अन्य पुल-अंडर पास के निर्माण की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इनकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। वहीं दीदी स्मृति के प्रयास से गोंडा जनपद को आवंटित पांच हजार लीटर की क्षमता के वाटर टेंडर को भी अब अमेठी जनपद को आवंटित कर दिया गया है। श्री गुप्ता में कहा कि दीदी अमेठी के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित हैं।

## कथा वाचक ने श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की कथा सुनाई

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** भगवान को भक्त में अभिमान पसंद नहीं, रास के समय श्री कृष्ण ने गोपियों के माध्यम से यही शिक्षा दी कि जब हमारे अंदर अभिमान प्रवेश करता है तो हम भगवान से दूर होने लगते हैं। ये बातें कोदैली गांव में श्रीकांत मिश्रा के यहां चल रही संगीत मयी श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस शुक्रवार को जामो से पधारे कथा वाचक पंडित राजेश तिवारी निर्मोही जी ने कही। कथावाचक ने श्री कृष्ण एवं मां रूक्मणी के विवाह की कथा विस्तार से सुनाई। कथावाचक पंडित राजेश तिवारी निर्मोही जी ने आगे बताया कि जो भक्त कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं और धूम धाम से मनाते हैं, उनकी सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है।

# शासी निकाय की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं, कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। डीएम ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए।



बैठक के दौरान समीक्षा करतीं डीएम व मौजूद अन्य।

## सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी संतोष कुमार (30) पुत्र राम दुलार, टांडा थाने के जमालपुर गांव निवासी राम तीरथ प्रजापति (55) पुत्र रामफेर के साथ बाइक से कैटरिंग का काम करने गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौट रहा था। बिरसिंहपुर दोस्तपुर मार्ग पर गोशैसिंहपुर बाजार में वंशराजी इंटर कालेज के पास पहुंचा था कि अचानक किसी वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। सूचना पर दोस्तपुर थाने में तैनात दरोगा राम चन्दर कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संतोष के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया। घायल राम तीरथ को दोस्तपुर सीएचसी ले जाया गया। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, अखंडनगर थाना क्षेत्र के उमरी गांव में खेत जा रहे श्रीपाल सिंह (65) पुत्र रामभरोस सिंह खेती के काम से निकले थे। रास्ते में उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। गांव के लोगों ने ट्रैक्टर को सीधा करके श्रीपाल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंड नगर ले गए। वहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दो महीने में देनी है डीएम को रिपोर्ट

संवाददाता, अमेठी

- एक ही व्यक्ति को ग्राम प्रधान व सचिव ने किया दोहरा भुगतान
- कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए डीएम को 2 महीने के अंदर जांचकर कार्यवाही का दिया निर्देश

**अमृत विचार।** संग्रामपुर विकासखंड के सरैया कनू ग्राम प्रधान पर एक बार फिर सरकारी धन के दुरुपयोग व दोहरा भुगतान के आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता के शिकायत पर अमेठी जिलाधिकारी द्वारा कार्यवाही न होने पर शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट ने याचीकर्ता के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट को 2 महीने के अंदर जांचकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट को याचीकर्ता संदीप पांडे के विद्वान अधिवक्ता ने बताया कि ग्राम सभा में नाली निर्माण में रामकरन सुत मुसई क्रम संख्या एक पर ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से 8 दिनों का कुशल कारीगर का भुगतान किया गया हैं। उसी मस्टररोल के क्रम संख्या चार पर 8 दिनों का अकुशल कारीगर (मजदूर) का भुगतान किया गया है। आश्चर्यजनक रूप में एक ही व्यक्ति को एक ही काम पर एक ही दिन कुशल एवं अकुशल कारीगर का दोहरा भुगतान कर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया गया है।

इसके साथ ही ओमप्रकाश पुत्र रामआधार निवासी ग्रामसभा सरैया कनू को 12 एवं 13 नवंबर 2021 को ग्राम प्रधान व सचिव ने मनरेगा के अंतर्गत मिट्टी कार्य के लिए मजदूरी का भुगतान खाते पर किया गया है। साथ ही उसी में 12 व 13 नवम्बर तिथि को 15वें वित्त आयोग से ओमप्रकाश पुत्र रामअधार को ग्राम प्रधान व सचिव ने प्राथमिक विद्यालय सरैया कनू (कैंटी) में टाईलीकरण में मजदूरी का दोहरा भुगतान कर राजकोष को क्षति पहुंचाया गया है। याचीकर्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया है कि ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार की 11 सितंबर 2023 को सशपथ जिला मजिस्ट्रेट को शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### यांचीकर्ता ने जिलाधिकारी को दिया नया अभ्यावेदन

याचीकर्ता संदीप पांडेय ने बताया कि कोर्ट के निर्देश के बाद अमेठी जिलाधिकारी को बीते 7 मार्च को नया अभ्यावेदन साक्ष्यों सहित देकर कार्रवाई की मांग की गई है। अमेठी जिलाधिकारी द्वारा सरैया कनू निवासी ग्रामीण रवींद्र प्रताप सिंह की शिकायत पर बीते वर्ष 2023 में वित्तीय अनियमितता व गमन के जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान सरैया कनू पर निलंबन की कार्यवाही की गई थी।

# बल्दीराय में दिनदहाड़े हो रहा बालू मिट्टी खनन

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र में गोमती नदी से अवैध बालू खनन व हलियापुर कस्बे में थाना से लगभग 500 मीटर दूरी पर पोकलेन मशीन से मिट्टी का खनन चल रहा है। सूचना पर गुरुवार देर शाम सीओ बल्दीराय ने मौके का निरीक्षण किया था, तब वैध कागजात वाले मिले लेकिन अवैध वाले भाग लिए।

गुरुवार शाम लगभग साढ़े सात बजे सीओ बल्दीराय सौरभ सामंत को पता चला कि हलियापुर कस्बे में अवैध मिट्टी खनन हो रहा है। वह खुद मौके पर पहुंचे, तब सड़क के किनारे एक दूसरी जेसीबी से मिट्टी का खनन चलता पाया गया। जांच पर वहां खनन कर रहे लोगों के पास परमीशन के साथ रायल्टी जमा पाई गई। जबकि, वहीं से महज लगभग 400 मीटर की दूरी पर चल रही पोकलेन मशीन रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए खनन बंद कर भाग खड़ी हुई।

शुक्रवार को बेधड़क सुबह 10 बजे ही दिन दहाड़े पोकलेन मशीन ने फिर से मिट्टी खनन शुरू कर दिया। जब मौके पर मीडियाकर्मियों ने पहुंच कर जानकारी ली तब जमीन मालिक अब्दुल वाहिद मौजूद नहीं थे। जानकारी करने पर पता चला कि पोकलेन मशीन व डंपर इफको कंपनी का है। मौके पर पहुंचे एक कंपनी के कर्मचारियों से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि कंपनी ने एक मीटर गहरी खुदाई की परमीशन खनन विभाग से ली है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों से हमने कहा था कि खनन का परमिशन ले लो, तब खुदाई करो। मेरे द्वारा मना किया गया है। इसके बावजूद यदि खनन किया जा रहा है।

# सेटेलाइट कैम्पस में सामाजिक कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

टीकर माफी, अमेठी

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के सेटेलाइट कैम्पस में बीबीएयू और नेहरू युवा केन्द्र की ओर से समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेटेलाइट सेंटर की बालिकाओं ने सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आज के भारत में महिलाओं की सामाजिक स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हुए बेटी बचाओ के संदेश दिए।

बाबा साहब अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ कार्यक्रम लगभग सवा 12 बजे प्रारंभ हुआ और ढाई बजे तक चला। मुख्य अतिथि नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ. आराधना राज के सम्बोधन और बालिकाओं के नुक्कड़ नाटक का प्रभाव छात्र छात्राओं पर सबसे अधिक देखा गया। सेटलाइट सेंटर के निदेशक डॉ. संदीप नायक ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जाति, धर्म, क्षेत्र, सम्प्रदाय, लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त कर महिलाओं को हर क्षेत्र में समता, समानता का संदेश देता है। बेटी, बहू, सखा और मां की भूमिका में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कमजोर नहीं हैं।

डा. आराधना राज ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी संगठन है, जिसका जीवन कौशल विकास में बड़ा योगदान है। माई युवा भारत पोर्टल के बारे में जानकारी दी और कहा कि अब सरकार की सभी योजनाएं इसी पोर्टल पर दिखाई देंगी। नेहरू युवा केन्द्र युवाओं को कैरियर निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में एक बड़े प्लेटफार्म के रूप में काम कर रहा है। सोच बदलने की जरूरत है, महिलाएं आदि काल से आज तक कभी कमजोर नहीं रही हैं। बालिकाओ को आगे बढ़ने के अवसर मिलने से आज राजनीति, नौकरशाही, पर्वतारोहण, अंतरिक्ष विज्ञान हर क्षेत्र में टाप पर हैं।

संजय गांधी अस्पताल की चिकित्सकीय डा. मीना शर्मा ने महिलाओं में बुरे स्वास्थ्य की समस्या की तरफ फोकस किया और कहा कि देश की 80 फीसदी महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं। महिला सृष्टि की निर्माता है, उसे भगवान ने सुपर पावर दिया है। छात्र छात्राओं को फास्ट फूड से बचने और संतुलित आहार तथा सुबह व्यायाम कर हमेशा स्वस्थ बने रहने की सलाह दी। इंजीनियर लालमणि कश्यप ने अपनी संस्था साहस की ओर से पंचायती राज, ग्राम विकास, शोध और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे देश व्यापी कार्यों की जानकारी दी, कहा कि पुरुष प्रधान समाज के नजरिए में परिवर्तन न होने से महिलाओं के साथ सामाजिक हिंसा की घटनाएं कम नहीं हो रही।

### नुक्कड़ नाटक से दिए कन्या भ्रूण हत्या रोकने के संदेश

कार्यक्रम के दौरान प्राची, वैष्णवी, रिया पाल, लक्षिता, रितिका, जान्हवी, सताक्षी दूबे, पूजा गौतम आदि छात्राओं ने सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती के देश में कोख में ही बेटियों को मारने की समस्या को फोकस किया। बेटी बचाओ के संदेश के साथ कहा-बेटी को न समझो भार, ये है जीवन का आधार।

### केस स्टडी में सुनाई अपने संघर्ष की कहानी

डॉ. आराधना राज ने कहा कि मेरा जन्म आज के 58 साल पहले बुंदेलखंड में हुआ था। मेरे जन्म के समय बेटियां जन्म होते ही मार दी जाती थी। मैं अकेली लड़की थी जिसने नदी पार करके 13 किमी दूर जाकर पढ़ाई की और पढ़ाई के बाद अपने गांव को सुंदर और विकसित बनाने का संकल्प लिया। जालौन जिले का हमारा छोटा सा गांव अर्चना दीदी के गांव के नाम से जाना जाता है। गांव में व्यक्ति के जीवन कौशल विकास की सारी सुविधाएं हैं। कार्यक्रम में इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. शंकर लाल, डा. बी पात्र, डा. हर्ष प्रकाश, डा. मुरली, शहबाज, मीरा गुप्ता, संजीव भारती, डा. अरविंद, एसपी सिंह, चंद्र पाल यादव, सरिता सिंह, संदीपा, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, आंचल शर्मा, प्रतिमा, ब्राहमिनी सिंह, मीना, रिया पाल मौजूद रहीं।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर में महाआरती के बाद जिले के शिवालय बाबा बेलखरनाथ धाम, घुइसरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम,बाबा बालुकेश्वरनाथ नाथ भरत धाम, हौदेश्वरनाथ धाम कुंडा सहित धामों के साथ शिव मंदिरों में जलाभिषेक, दर्शन, पूजन शुरू हो गया। यह देर शाम तक चलता रहा।

बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव का आगाज शुक्रवार हो गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शाम को सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी फिल्मों की सिनेस्टार अक्षरा सिंह, पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी, हास्य कलाकार अशोक मिश्र ने धमाल मचाया। महाकाल महोत्सव भयहरणनाथ धाम में तीसरे दिन दोपहर 12 बजे महिला दिवस के विशेष उपलक्ष्य में महिला काव्य मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा शिवोहम काव्य उत्सव किया गया। जिसमें मंजू पांडेय, महक जौनपुरी, ऋतंभरा मिश्रा, रेनू मिश्रा, आभा, राजश्री, अना इलाहाबादी ने काव्य पाठ किया। इसके बाद दोपहर दो बजे से सूचना एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। रात में शिव जी का विशेष पूजन किया गया। इसी प्रकार शिवाला महोत्सव पूरे ईश्वर नाथ में भी दूसरे दिन शुक्रवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। कुण्डा में बेंती से हौदेश्वरनाथ धाम तक धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।इसके अलावा जगह-जगह भजन, कीर्तन शिव जप के अलावा कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा।



महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ का किया गया भव्य श्रृंगार।

## सोमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**नैनी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर अरैल स्थित प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने को शुक्रवार भोर से भारी भीड़ उमड़ी रही। भीड़ का आलम यह था कि लोगों को दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। वहीं इस मौके पर अरैल घाट पर स्नानार्थियों की भीड़ भी पूरे दिन रही। स्नान के बाद लोगों ने जल भर कर ले गए और शिवालयों में जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सोमेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। भीड़ को देखते हुए मंदिर और उसके आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही। इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सुबह से भी शिवार्चन के लिए लोगों की भीड़ जमा रही। अरैल स्थित त्रिवेणी पुष्प प्रकल्प परिसर में स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से परमार्थ परिवार की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर रूद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण सारस्वत, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, करछना ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, पावनी जी सहित अन्य लोगों ने पूजन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। महर्षि विद्या मंदिर नैनी में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया।हिन्दू पचांग के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन भगवान शिव को समर्पित महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशनानुसार कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार श्रीगुरूपूजन से हुआ। तत्पश्चात् व्रतोपवास के नियमों का पालन करते हुए प्रधानाचार्या ने वैदिक विद्वानों के वेदमन्त्रों की मधुर ध्वनियों के साथ भगवान शिव की षोडशोपचार पूजन –अर्चन कर जलाभिषेक किया। शाम को महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा शिव बारात निकाली गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह शामिल रहे। शिव बरात मेवालाल बगिया चौराहे से शुरू होकर सब्जी मंडी, एडीए, महर्षि चौराहा होते हुए पुन: मेवालाल बगिया चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हो गई। इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन द्विवेदी, गोपाल जी महाराज, वाशू तिवारी, मनोज पांडे, अनिल पाण्डे, राजेश शर्मा, नयन कुशवाहा, शिवशंकर मिश्रा, धीरेंन्द्र यादव, नित्यानंद उपाध्याय, इन्द्र बहादुर सिंह, घनश्याम जायसवाल, शुभाष केशरवानी आदि शामिल रहे।

### किन्नरों ने निकाली शोभायात्रा

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर पंचायत कोरांव में किन्नर चांदनी की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में किन्नरों की टीम ने शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान किन्नरों ने नगर के शिव मंदिर संस्कृत पाठशाला सहित अन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। किन्नरों की ओर से निकाली गई शोभा यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसमें कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और हजारों की संख्या में युवा शामिल रहे। शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब भोले की भक्ति में शक्ति का प्रतीक था।

## सार-संक्षेप

### बांस की कोठ के विवाद में सगे भाइयों में मारपीट, 10 घायल

**रानीगंज प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बांस की कोठ के विवाद को लेकर इमलीडाड गांव में शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे सगे भाइयों में जमकर लाठी–डंडे, कुल्हाड़ी धारदार हथियार चले। जिसमें दोनों पक्षों से महिला समेत 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस पहुंची घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रानीगंज भेजवाया। रानीगंज थाना क्षेत्र के इमलीडाड निवासी मो.रईस और छोटे भाई माशूक पुत्र मो.रऊफ के बीच बास की कोठ काटने व बेचने को लेकर शुक्रवार सुबह विवाद हो गया। दोनों पक्षों से लाठी डंडे व कुल्हाड़ी चली। जिसमें एक पक्ष से मो. रईस (46),पत्नी शकीरा बानों (43),21 वर्षीय बेटा गुलरेज अहमद, नौ वर्षीय पुत्री अनन बानों,राजिया बानो (47) पत्नी मो.फारुख घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से जरीना बानों (38) पत्नी मो.शफीक, सहरीन बानो (32)नपत्नी एजाज अहमद, गुलनामा बानों (17) पुत्री मो सफीक,मदीना (4 पुत्री मो.रऊफ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रानीगंज भेजवाया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पक्षों से गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन लोगों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल अस्पताल रेफर कर दिया।

### अति संवेदनशील बूथों पर पहुंचे डीएम व एसपी



थाना मानधाता में ग्राम प्रहरियों से बात करते डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल।

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आगामी लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए अति संवेदनशील बूथों व थाना मानधाता का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने प्राथमिक विद्यालय शिवरा,उच्च प्राथमिक विद्यालय दिवैनी का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, छांव आदि मूलभूत व्यवस्थाएं देखी। जो कमियां मिली उन्हें एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने ग्रामीणों से संवाद कर आगामी लोकसभा निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। इसके बाद थाना मानधाता का निरीक्षण किया। चुनाव सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर उदयभान सिंह,प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह,एसएसआई भृगुनाथ मिश्र आदि मौजूद रहे।

### जेल में महिला बंदियों को सेहतमंद रहने के दिए टिप्स

**प्रयागराज, नैनी। अमृत विचार :** नैनी सेंट्रल जेल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वात्सल्य सेवा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की सेहत पर विशेष ध्यान दिया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। महिला बंदियों के लिए सेनेटरी नैपकिन की व्यवस्था भी की गई। वात्सल्य की डायरेक्टर डॉक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने महिलाओं के स्वस्थ्य रहने के टिप्स भी बताया। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं पर्सनल हाइजीन पर ध्यान दें तो उन्हें कई बीमारियों से निजात मिल सकती है। सुबह उठकर योग को अपनी दिनचर्या में रखें। इससे शारीरिक के साथ–साथ मानसिक रूप से भी वह स्वस्थ रह सकती हैं। वही वंदना सिंह व शिखर खन्ना ने भी महिलाओं को स्वालंबी बनने पर जोर दिया। इस मौके पर रजिया, रंजन, सूर्यकांत त्रिपाठी के अलावा जेलर ओमप्रकाश व जेल के सीएमओ डॉ वेद प्रकाश मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की गई जान

मानधाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक छात्र की मौत हो गई। जबकि दो छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। छात्र की मौत से परिजन बेहाल हैं।

मानधाता थाना क्षेत्र के इस्लामिया इण्टर कालेज बजहा से गुरुवार शाम को परीक्षा देने के बाद एक बाइक पर तीन छात्र वापस लौट रहे थे। हिंदूपुर ईंट भट्ठे के पास तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार 19 वर्षीय अंकित साहू पुत्र सुभाषचन्द्र साहू निवासी भटपुरवा रामनगर, थाना मानधाता, 20 वर्षीय राहुल पटेल पुत्र शिव बहादुर पटेल निवासी स्वरुपपुर,थाना जेठवारा और 19 वर्षीय गुलशन मौर्य वर्ष पुत्र राम जियावन मौर्य निवासी स्वरुपपुर, थाना जेठवारा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन तीनों को इलाज के लिए प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें अंकित की देर रात मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कार को बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

▸▸ कार को कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

# आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर संगम में जुटी भीड़

माघ मेला

प्रयागराज

**अमृत विचार :** माघ मेले के सातवें आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि को लेकर संगम में भारी भीड़ जुटी। भोर से ही संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला संगम पहुंच गया। स्नान-ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने शिवालियों में भगवान शिव की पूजा, जलाभिषेक कर दान-पुण्य किया। मनोकामना पूर्ण के लिए प्रार्थना भी की।

महाशिवरात्रि पर्व के साथ ही माघ मेले का समापन भी हो गया। महाशिवरात्रि परसंगम में भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और दान पुण्य किया। विशेष रूप से शिव मंदिरों में मनकामेश्वर, पड़िला महादेव, नाथेश्वर धाम, तक्षक तीर्थ, कमौरी नाथ बरुआ बाबा, पंचमुखी महादेव समय समेत तमाम शिवालियों में महादेव की पूजा और रुद्राभिषेक किया गया। यमुना तट पर स्थित भगवान शिव के मनकामेश्वर मंदिर में भोर से श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। मंदिर के महंत धारानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि मंदिर में भोर से ही भगवान शिव का दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई है। वही शिवकुटी में गंगा के तट पर कोटेश्वर महादेव में भी लोगों ने जलाभिषेक किया शिव कचहरी में भी लोगों ने भगवान नारायण के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने मनोकामना पूर्ण के लिए पूजा और अर्चना की।



### पांच हजार बिस्कट से बना केदार नाथ धाम का मॉडल

संगम की रेती पर 5 हजार बिस्किट से बाबा केदारनाथ का भव्य मंदिर मॉडल बनाया गया। जहां वह आकर्षण का केंद्र बना रहा। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के फाइन आट्‌र्स के छात्र अजय गुप्ता और उनकी टीम ने इस मॉडल को तैयार किया है।

### प्रदोष के साथ बना शिवयोग

ज्योतिष के जानकार बताते हैं कि आज महाशिवरात्रि के मौके पर कई दुर्लभ सहयोग भी बना रहे हैं। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के दिन प्रदोष होने पर शिवयोग भी बन रहा है। शिवरात्रि के दिन प्रदोष होने और उसी के साथ शिवयोग होने का कारण यह है कि महाशिवरात्रि विशेष फलदाई है। धरानंद बताते हैं कि महाशिवरात्रि के दिन इस योग में गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक व पूजन करना अधिक महत्वपूर्ण व विशेष लाभदायक होता है।

# बालगृह के 11 बच्चों को लखनऊ व वाराणसी आश्रय गृह में भेजा गया

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** राजरूपपुर में 60 फीट रोड पर बने बालगृह के 11 बच्चों को कई खामियों के चलते वाराणसी और लखनऊ के आश्रय गृह में भेज दिया गया है। अन्य बच्चों को अभी इसी बाल आश्रय गृह में रखा गया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि प्रयागराज के बाल गृह में रहने वाले पांच ऐसे बच्चे थे जो मानसिक रूप से कमजोर थे। उनके उचित उपचार की व्यवस्था और देखभाल के लिए उन्हें लखनऊ बालगृह में भेज दिया गया है। इसके अलावा यहां पर रह रहे छह अन्य बच्चे जो अपनी उम्र सीमा को पार कर गए थे, उन्हें वाराणसी के किशोर आश्रय गृह में भेजा गया है।

### यहीं बाल आश्रय में बंद थे अतीक के दोनों नाबालिग बेटे

माफिया अतीक अहमद के दो बेटे अहजम और अबान प्रयागराज के बालगृह में 221 दिन बंद थे। बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें अतीक की बहन को सुपुर्द किया गया था। 14 साल के दरमियान करीब दस हजार बच्चे यहां पर थे और रिहा हुए माफिया के बेटों के यहां से होने के बाद अचानक कई लापरवाहियों की शिकायतें सामने आई थी। जिसके मद्देनजर आबादी के बीच बने इस बाल आश्रय को अब खाली कराया जा रहा है। प्रयागराज प्रशासन ने इसको बंद करने का तत्काल फैसला कर लिया है। यहां रहने वाले बच्चों को वाराणसी, हाथरस फरुखाबाद, लखनऊ के बाल आश्रय में शिफ्ट कराया जा रहा है।

### आखिर क्यों लिया गया फैसला

14 साल में राजरूपपुर का बाल गृह पहली बार तब चर्चा में आया जब उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद के दोनों नाबालिक बेटे एहजम और अबान को पुलिस ने यहां शिफ्ट किया था। दोनों बेटे करीब 221 दिन यहां पर थे। इस दौरान इस बाल आश्रय में कई खामियां सामने आई थी। शिकायत लखनऊ तक पहुंची और बाल कल्याण समिति ने फैसला दे दिया कि अब इसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए।

# आत्मदाह के लिए उकसाने में पति को 9 वर्ष की सजा

प्रयागराज।

**अमृत विचार :** इलाहाबाद जिला अदालत ने तीन मासूम समेत पत्नी को आत्मदाह के लिए उकसाने वाले पति को दोषी करार करते हुए नौ वर्ष के कठोर कारावास के साथ पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दस साल पहले पहले कोरांव थाना क्षेत्र के वैदवार गांव में हुई तीन मासूम सहित पत्नी को आत्मदाह को पति ने उकसाने के मामले में आरोपी पति को कोर्ट ने सुनाई नौ वर्ष की सजा सुनाई है। इस निर्मम घटना के मामले में अर्थदंड की 90 प्रतिशत धनराशि बतौर मुआवजा मृतका के भाई को दिया जाएगा। यह फैसला जिला जज संतोष राय की अदालत ने दस वर्ष पहले कोरांव थाना क्षेत्र के वैदवार गांव में हुई निर्मम घटना के मामले में विचार करने के बाद सुनाया। यह घटना वर्ष 2014 के जून की है। मृतका शीला देवी का पति विजय कुमार बिंद से उसके अवैध संबंधों को लेकर 19 तारीख की रात विवाद हुआ था। पति की रोज–रोज की प्रताड़ना से तंग शीला देवी ने अपने मासूम तीन बच्चों पांच वर्षीय दीपा, 10 वर्ष की रूपा और दुधमुंहे डेढ़ वर्ष के बेटे प्रदीप के साथ घर में ही खुद को आग के हवाले कर दिया था। मामले की सूचना पाकर शीला के घर पहुंचे भाई संतोष कुमार ने विजय के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करवाया। उसने बताया कि विजय के अवैध संबंधों का विरोध करने पर आये दिन शीला के साथ मारपीट करता था। तंग आकर मृतका ने मासूम समेत आत्मदाह कर लिया। घटना में शीला और दीपा की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि रूपा और प्रदीप ने इलाज़ के दौरान दम तोड़ा था। इस दौरान अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने चार गवाह पेश करते हुए कठोर सजा देने की दलील पेश की गई। कोर्ट ने दोषी पति को नौ वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुना दी।

### पुलिस मुठभेड़ में इनामी गैंगस्टर पशु तस्कर को लगी गोली

**आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** आजमगढ़ के अहरौला पीथापुर निवासी तालिब उर्फ छोटू के खिलाफ आसपुर देवसरा पुलिस ने गो तस्करी करने के कारण गैंगस्टर का केस दर्ज किया था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। एसओ आसपुर देवसरा संतोष सिंह को तालिब की लोकेशन मिली। गुरुवार रात करीब 11 बजे पट्टी ढकवा मार्ग पर ऐलाही मोड़ के पास टीम के साथ घेराबंदी की। दो बाइक से आ रहे छह लोगों को रोका तो वे पुलिस पर फायर कर दिए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तालिब के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसके साथ मौजूद आजमगढ़ अहरौरा महियामार के दिलशाद उर्फ कोटा, ताहिर और कल्लू उर्फ वसीम को गिरफ्तार कर लिया।बाइक चला रहा आजमगढ़ का सलमान और जौनपुर महराजगंज लम्हन का जमाल भाग निकले। इस दौरान गिरने से थाने का सिपाही मन्नू सिंह घायल हो गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से दो तमंचे और कारतूस बरामद किया।

### डिप्रेशन में मेडिकल स्टोर संचालक ने खुद को मारा चाकू, गम्भीर

**जेठवारा प्रतापगढ़, अमृत विचार :** डेरवा बाजार में बाबूगंज रोड पर मेडिकल स्टोर संचालक ने डिप्रेशन में खुद को चाकू मार लिया। आननफानन में परिजन राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। जहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। व्यापारी को गोली मारे जाने की सूचना पर बाजार में हड़कंप मचा रहा। जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा बाजार बाबूगंज निवासी 45 वर्षीय सुभाष केसरवानी पुत्र नन्हे केसरवानी ने अपने घर में ही कृष्णा मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे वह अपनी पत्नी सविता केसरवानी के साथ मेडिकल स्टोर पर बैठे थे। इसी बीच सविता चीखने लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तेजी से रक्तस्राव होता देख परिजन तत्काल राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। वहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। इतने में किसी ने व्यापारी को गोली मारे जाने की सूचना जेठवारा पुलिस को दी। शिवरात्रि पर मंदिर ड्यूटी में लगे एसओ जेठवारा मयफोर्स मौके पर पहुंचे। छानबीन में परिजनों ने बताया कि सुभाष काफी दिनों से डिप्रेशन में थे। उन्होंने स्वयं अपने पैर में चाकू मार लिया। एसओ जेठवारा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार व्यापारी ने स्वयं को चाकू मार लिया। अभी अस्पताल में हैं, कोई तहरीर नहीं मिली है।

## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3. 1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।

5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।

6. 1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।

9. 1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।

2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्‌ग।

4. 1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी

5. 1. क्रय–विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।

7. 1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर–उधर फैलाना, तितर–बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।

8. 1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 ने | चा |
| | | 7 शै | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वसंत। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद।

**मेष:** आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष:** आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन:** आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क:** आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह:** आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या:** आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती–फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला:** आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक:** आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर:** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन:** आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान–सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सीता और गीता — सुबह : 10.28
- जिस देश में गंगा रहता है — रात : 07.00

SONY MAX
- यारियां 2 — सुबह : 09.48
- स्टारफिश — रात : 09.30

SONY PIX
- हेलबॉय — सुबह : 10.52
- 2012 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- डैडी — सुबह : 10.30
- करीब करीब सिंगल — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- तू चोर मैं सिपाही — दोपहर : 12.31
- दृश्यम 2 — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला– पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी– आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास – बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू – कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने



के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा-हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा-हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा-हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

### सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई, एजेंसी**

प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर



क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

### सरकार बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदने की बना रही योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार



को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।





चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड दौरान आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के दौरान कैडेटों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

## नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

## एक नजर

### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया-मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

**पटना।** राजद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद चुनाव मैदान में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। राजद के अन्य उम्मीदवारों में अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

**कोटा (राजस्थान) एजेंसी**

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

## सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**

**संदेशखालि मामला**

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा-वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

### सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

## गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**
110 रन 150 गेंद
10 चौके 5 छक्के

धर्मशाला, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।


धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में शृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। शृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218

भारत (पहली पारी) 473/8 (120 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



बुस्तो आर्सिजियो (इटली), एजेंसी। विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफायर टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबास ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। गत क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

इंडियन वेल्स, एजेंसी। छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबास ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा इरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



कोलकाता, एजेंसी। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगाव: पड्डिकल

धर्मशाला, एजेंसी

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।



# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

पेरिस, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 1 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



यूपी वॉरियर्स ने दीप्ति शर्मा के शानदार प्रदर्शन और ग्रेस हैरिस की गेंदबाजी से शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स को 1 रन से हराया है। 139 रन के लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे ओवर में ठाकोर ने शेफाली वर्मा को 15 रन पर बोल्ड कर दिया। ऐलिस कैप्सी भी 15 रन बना सकीं। जेमिमा रॉड्रिग्स 17, ऐनाबेल सदरलैंड 6, अरुंधति रेड्डी 0 और शिखा पांडे 4 रन बना पाईं। मेग लानिंग की 60 रनों की पारी के दम पर दिल्ली के 7 विकेट पर 128 रन थे, लेकिन हैरिस ने राधा यादव को 9 रन पर बोल्ड कर दिल्ली से जीत छीन ली। जेस जॉनसन 11 रन पर रनआउट हुई। टिटास साधु शून्य पर हैरिस का शिकार बनीं। दिल्ली 19.5 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। यूपी की दीप्ति शर्मा ने 4 और ग्रेस हैरिस और साइमा ठाकोर ने 2-2 विकेट लिए। सोफी ने 1 विकेट लिया। दीप्ति की 59 रनों की पारी के दम पर यूपी ने दिल्ली को 139 रन का लक्ष्य दिया है। यूपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। यूपी ने 10 रन पर पहला विकेट किरण नवगिरे (5) के रूप में गवां दिया। किरण को साधु ने बोल्ड किया। कप्तान अलिसा हीली 29 रन बना सकीं। ग्रेस हैरिस भी 14 रन ही बना पाईं। दीप्ति शर्मा ने 48 गेंदों में 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 59 रन बनाए। यूपी का शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। यूपी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन बनाए। दिल्ली से टिटास साधु और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए। शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, जेस जॉनासन और ऐलिस कैप्सी ने 1-1 विकेट लिए।बल्लेबाज को आउट किया।

# खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोईन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद मोईन अली ने बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन टीम बनाया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का बचाव किया जिसकी इस समय आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें विश्वास नहीं करते। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। मोईन ने कहा कि भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में 5 बार की चैंपियन चेन्नई के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों से उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

## अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव ... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

## फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।

## मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है। 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

## सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18** साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड




## वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग

आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी**-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

## ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम, पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।



## दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी



- 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। बता दें, भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहली बार चार यूनिटों को एक साथ सम्मानित किया गया है।

## 11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

## एक नजर

### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।



### नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।



इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।

# नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

# मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससे घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।



उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी



- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

## कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुरा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। • एजेंसी

**विज्ञान** विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज

# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा, जिनका द्रव्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है, वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

### तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की 24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।



दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।

### दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।